WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, मंगलवार, 14 जनवरी 2025 शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 272 RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

दिल्ली का दंगल जीतने के लिए राजनीतिक दलों में जोर अजमाईश हो रही है। मतदाताओं का मन मोहने सभी पार्टियां एक से बढ़कर एक लोकलुभावन घोषणाएं कर रहीं हैं। पहले उनमें महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की होड़ लग गई। दो हजार से ढाई हजार रूपये तक मासिक देने का ऐलान हुआ। अब युवाओं पर डोरे डाले जा रहे हैं। कांग्रेस ने बेरोजगारों को साढ़े आठ हजार रूपये मासिक देने का ऐलान किया है। अब दूसरी पार्टियां वोट कबाडऩे बोली लगाएंगी। नोट के बदले वोट हथियाने का खुला खेल फर्रूखाबादी बेखौफ चल रहा है। सच तो यह है कि न नौ मन तेल होगी न राधा नाचेगी।

महाकुंभ : प्रयागराज के संगम पर आस्था का सैलाब

■ आस्था का यह समागम देश की एकता और अखंडता का प्रतीक

महाकुंभ नगर (वार्ता)। दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम महाकुंभ का भव्य शुभारंभ सोमवार को पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के साथ हो गया। संगम की रेती पर बसे भव्य एवं सुरम्य अस्थायी जिले में लाखों श्रद्धालु अमृत स्नान के लिये बढ़े चले जा रहे थे। अधिकृत जानकारी के अनुसार भोर करीब सुबह तीन बजे से पतित पाविनी गंगा, श्यामल वर्ण यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के संगम पर स्नान ध्यान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सुबह साढ़े नौ बजे तक 60 लाख के आंकड़े को पार कर चुकी थी।

आस्था के महासंगम में चहुंओर हर-हर गंगे के जयकारे गूंज रहे हैं। साधु संतों की उपस्थिति से वातावरण भक्ति रस से ओतप्रोत हैं। गरीब अमीर, जाति धर्म से परे आस्था का यह समागम देश की एकता और अखंडता का प्रतीक बन कर दुनिया भर में अपनी आभा फैला रहा है। महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक पर्व है। इसका आयोजन हर 12 सालों के बाद किया जाता है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर श्रद्धालुओं का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आधी रात से ही श्रद्धालु और कल्पवासी संगम तट पर जुटने लगे थे। हर-हर गंगे और जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। विदेशी श्रद्धालुओं ने भी पावन स्नान किया।

वैदिक पंचांग के अनुसार प्रथम स्नान स्नान के लिए सुबह 5.27 से लेकर सुबह 6.21 तक का सबसे शुभ माना गया है। लेकिन श्रद्धालु आधी रात के बाद से आस्था की डुबकी लगानी शुरू कर दी।

बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं तड़के से ही संगम स्नान के लिए पहुंचने लगे। आस्था का ऐसा आलम था कि सिर पर गठरी का वजन भी उनके उत्साह को कम नहीं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खड़गे, राहुल, प्रियंका ने देशवासियों को दी लोहड़ी की शुभकामनाएं

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने देशवासियों को लोहड़ी की बधाई दी है। खड़गे ने कहा, लोहड़ी के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। हमारे अन्नदाता किसानों के अथक परिश्रम के बाद हुई फसल उपज को हर्षोल्लास से मनाने वाला ये त्योहार सम्पन्नता और समृद्धि का प्रतीक है। आशा है ये पर्व आप सबके जीवन में अपार ख़ुशियाँ लेकर आए। गांधी ने कहा, आप सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाइयां। आशा करता हूं यह पर्व आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उल्लास लेकर आए। वाड्रा ने कहा, आप सभी को लोक आस्था, किसानी और नई फसल के उत्सव लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं। यह पावन पर्व आप सबके जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का संचार करे।

रायगढ़ में डबल मर्डर : दो बुजुर्ग भाई-बहन की हत्या, घर में मिला दोनों का शव

रायगढ़ /नवप्रदेश। रायगढ़ जिले में दो बुजुर्ग भाई-बहन को अज्ञात व्यक्ति ने मौत के घाट उतार दिया। सिटी कोतवाली के करीब पुरानी हटरी मार्केट के अपने ही घर के आंगन में दोनों की लाश मिली है। कोतवाली पुलिस मौके पर मौजूद है। डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम मौके के लिए रवाना हुई है। कोतवाली पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मृतक का नाम सीताराम जायसवाल और महिला का नाम अन्नपूर्णा जायसवाल है।

आप है पूर्वांचल विरोधी, महाठग है केजरीवाल : भाजपा

नयी दिल्ली (वार्ता)। भाजपा ने पोस्टर के जरिए आम आदमी पार्टी (आप) और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है और आप को पूर्वांचल विरोधी और केजरीवाल को महाठग करार दिया है। दिल्ली प्रदेश भाजपा ने एक्स पर अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर सोमवार को दो पोस्टर जारी किए भाजपा ने लिखा, आप का पूर्वांचल विरोधी चेहरा पूरे देश के सामने बेनकाब हो चुका है। दिल्ली में रह रहे उत्तर प्रदेश-बिहार के लोग केजरीवाल के लिए फर्जी, लेकिन रोहिंग्या और बंगलादेशी घुसपैठिए इनके यार? पूर्वांचलियों से नफरत की आग नाम से जारी भाजपा के इस पोस्टर में लिखा है कि पूर्वांचलियों को फर्जी वोटर बताया, कोरोना के समय में दिल्ली से भगाया, पूर्वांचलियों का बार-बार अपमान किया। उनकी आस्था का मजाक बनाया। वहीं एक अन्य पोस्ट में लिखा, 2,026 करोड़ के शराब घोटाले का सरगना महाठग अरविंद केजरीवाल। 05 फरवरी को दिल्ली की जनता करेगी हिसाब।

सीआरपीएफ ने 4 किग्रा की आईईडी बरामद कर किया नष्ट

बीजापुर/नवप्रदेश। सुरक्षा बलों को एक बार फिर माओवादियों के नापाक मंसूबों पर पानी फेरने में कामयाबी मिली है। जवानों ने थाना पामेड़ क्षेत्र के काउरगुटटा जंगल क्षेत्र से 4 किग्रा की आईईडी बरामद की, जिसे सूझबूझ और सतर्कता से नष्ट किया गया। सुरक्षा कैंप काउरगुटटा से सीआरपीएफ 151 की टीम एरिया डॉमिनेशन एवं डिमाईनिंग ड्यूटी पर निकली थी. ड्यूटी के दौरान 151 सीआरपीएफ की बीडी टीम ने काउरगुटटा-जिड़पल्ली के मध्य रोड से माओवादियों द्वारा लगाए गए 4 किग्रा का आईईडी बरामद किया। आईईडी को सीआरपीएफ 151 की बीडी टीम ने मौके पर ही सुरक्षित नष्ट किया। माओवादियों ने पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाए थे।

जम्मू-कश्मीर भारत का ताज : पीएम

आप पक्का मानिये, ये मोदी है, वादा करता है, तो निभाता है

लोगों को वायदे पूरा करने का दिया भरोसा

श्रीनगर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर को भारत का ताज बताते हुए, क्षेत्र के लोगों को भरोसा दिया कि उन्होंने जो वायदे किये हैं, उन्हें निभाया जायेगा और राज्य के विकास के लिये हर काम समय से पूरा किया जाएगा। मोदी सोनमर्ग सुरंग (जेड-मोड़-सुरंग) का उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा, आप पक्का मानिये, ये मोदी है, वादा करता है, तो निभाता है। हर काम का समय होता है, सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं।

इस मौके पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विकास मंत्री नितिन गडकरी, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह, केन्द्र शासित प्रदेश के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने कहा, कश्मीर तो देश का मुकुट है, भारत का ताज है। इसलिए, मैं चाहता हूं कि ये ताज और सुंदर हो, और समृद्ध हो। मुझे ये देखकर खुशी होती है कि

इस काम में मुझे यहां के नौजवानों, बुजुर्गों, बेटे-बेटियों का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन के लिए मोदी श्रीनगर पहुंचे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 6.4 किलोमीटर लंबी जेड-मोड़ के उद्घाटन के लिए एक दिवसीय दौरे पर श्रीनगर पहुंचे।अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री मोदी दिन की शुरुआत में श्रीनगर तकनीकी हवाई अड्डे पर पहुंचे।

उमर अब्दुल्ला ने पीएम की जमकर तारीफ की कहा-मोदी जल्द पूरा करेंगे सभी वादे

इससे पहले, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उम्मीद जाहिर की है कि मोदी जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के वादे को जल्द ही पूरा करेंगे। उन्होंने यहां सोनमर्ग सुरंग के उद्घाटन समारोह के बाद आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा, जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराए गए और उसमें सबसे बड़ी बात यह थी कि चुनाव में अनियमितता की कोई शिकायत नहीं थी। सत्ता के दुरूपयोग की कोई शिकायत नहीं थी। इसका श्रेय आपको (प्रधानमंत्री मोदी), आपके सहयोगियों और भारत के चुनाव आयोग को जाता है। मेरा दिल कहता है कि बहुत जल्द ही आप (मोदी) राज्य का दजर्ा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अविनाश एलीगेंस हादसे में मौत, पीएम रिपोर्ट के बाद होगी एफआईआर

■ 24 दिसंबर को भी हो चुकी है युवती की मौत

रायपुर /नवप्रदेश। तेलीबांधा वीआईपी रोड स्थित निर्माणाधीन रेसिडेंसियल कॉम्प्लेक्स अविनाश एलीगेंस में हुए बड़े हादसे में दो मजदूरों की मौत के बाद भी प्रबंधन पर एफआईआर नहीं हुआ है।11 जनवरी को हुए हादसे में दो मजदूरों की मौत हो चुकी है। खबर है कि पुलिस पीएम रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने की तैयारी है। अब एक और खुलासा हुआ कि यहां 24 अक्टूबर को भी एक हादसा हो चुका हैं। जिसमें एक युवती की मौत हो चुकी है। जब 24 अक्टूबर को हादसे में युवती की मौत हो चुकी है। जिस पर लीपापोती कर मामले को दबा दिया गया।

तेलीबांधा स्थित अविनाश एलीगेंस में11 जनवरी को स्लैब और लोहे का स्ट्रक्चर गिरने से मृत दोनों मजदूरों रहमत बेग खान करहीबाजार बलौदाबाजार और रामदास पंडो बलरामपुर के शव का पीएम कराया गया। ऊंचाई से गिरने और मलबे में दबने से आई चोटों के कारण उनकी मौत हुई। जबकि छह मजदूरों का इलाज अभी जारी है। खबरदारों का कहना है कि इसी कॉम्प्लेक्स में 24 अक्टूबर को भी हादसा हुआ था। जिसमें 19 साल की मजदूर युवती कौशिल्या साहू पिता बेनूधर साहू निवासी थरगांव बिलाईगढ़ की छठवें माले से गिरने से मौत हुई थी।

ठेकेदार पर जुर्म दर्ज कर मामले को दबा दिया

ढाई महीने बाद पुलिस ने 30 दिसंबर को लेबर ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज करके मामले को दबा दिया। वहीं हादसे की जांच शुरू कर चुके हैं। मृतकों के शव गांव ले गए रिश्तेदार, मुआवजे की घोषणा भी इधर कॉम्प्लेक्स निर्माण में लगी कंपनी ने मृतकों के परिजनों को 12-12 लाख की घोषणा के साथ ही तात्कालिक सहायता राशि भी प्रदान की है। घायलों के समुचित इलाज का खर्च देने का आश्वासन श्रमिकों को दिया है। परिजन दोनों मृतकों के शव गांव ले गए हैं। उन्हें आने-जाने का व्यय एवं अंतिम संस्कार हेतु तात्कालिक सहायता राशि भी प्रदान की गई है।

मानवता हुई शर्मसार

रसूखदारों ने मुकेश की अस्थि कलश को तोड़ा, फिर मैदान में बिखेर दी

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर के शव का अंतिम संस्कार करने के बाद परिजन कलश अस्थि लेने के लिए गए तो देखा कि अस्थि कलश मौके पर नहीं था। कलश को तोड़कर उसी मैदान में फेंक दिया। घटना के बाद इलाके में लोगों का गुस्सा फिर से उजागर हो चुका है। इस मामले की शिकायत बीजापुर एसपी से की गई है।

परिजनों ने बताया कि बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने बीजापुर में करोड़ों की लागत से बन रहे घटिया सड़क निर्माण को लेकर खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद ठेकेदार सुरेश चंद्राकर, भाई रितेश चंद्राकर, मुंशी के उसके एक अन्य सहयोगी ने मिलकर ठेकेदार के चट्टनपारा स्थित बाड़े में ले जाकर मुकेश चंद्राकर की बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद शव को सैप्टिक टैंक में छुपा दिया। पुलिस में मामला दर्ज होने के बाद ठेकेदार के बाड़े में सर्चिंग करने के बाद मुकेश के शव को बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने मामले में चार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अस्थियां जमीन में फेंक दी : इस घटना के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अस्थियों को कलेश्वरम में किया विसर्जित

परिजनों ने बताया कि मुकेश की अस्थियों को कलेश्वरम में विसर्जन किया जाना था, इसके लिए मुक्तिधाम के पास जब अस्थि कलश लेने पहुंचे तो अस्थि कलश गायब था। वहीं, उसकी खोजबीन करने पर 50 मीटर दूरी पर कलश टूटी और अस्थियां बिखरी पड़ी थी। मामले को लेकर दक्षिण बस्तर पत्रकार संघ के साथ ही बस्तर जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने बीजापुर एसपी से शिकायत की है।

राष्ट्रपति के लिए बिरन माला और मिठाई लेकर जाएंगी जगतिन बाई

■ पहली बार हवाई जहाज से करेंगी दिल्ली का सफर

कवर्धा/नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने जिन परिवारों को विशेष न्योता भेजा है, इनमें जगतिन बाई अपने साथ राष्ट्रपति के लिए बिरन माला और मिठाई लेकर जाएंगी। ग्राम पंचायत कादावनी के आश्रित ग्राम पटपरी की जगतिन बाई बैगा और उनके पति फूल सिंह बैगा, ग्राम तेलियापानी की तीतरी बाई बैगा और पति बुध सिंह बैगा और ग्राम तेलियापानी की ही बाली बाई बैगा, पति सोनू राम बैगा कुल 6 बैगा सदस्य शामिल है। कलेक्टर ने जिले के इन बैगा परिवारों को दिल्ली तक गणतंत्र दिवस के आयोजन तक सुरक्षित ले जाने के लिए जिला क्रेडा अधिकारी नंद कुमार गायकवाड़ को जिम्मेदारी सौंपी है।

जिले के पंडरिया विकासखंड के तीन विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों के छह सदस्य को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 76वें गणतंत्र दिवस में शामिल होने विशेष न्योता भेजा है। बैगा परिवारों के सदस्य 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे। यह अवसर सिर्फ इन परिवारों के लिए नहीं बल्कि कबीरधाम जिले और प्रदेश के लिए सम्मान की बात है।

राष्ट्रपति मुर्मू के लिए लेकर जाएंगी बिरन माला और मिठाई : अपने पति फूल सिंह के साथ हवाई जहाज से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इंडिया पर दिए बयान को लेकर बुरे फंसे संजय राउत

मुंबई(ए.)। महाराष्ट्र में हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के बयान के बाद सियासी हलचल तेज हो गई। दरअसल, उन्होंने कहा था कि इंडी गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए बना था। लोकसभा चुनाव के बाद एक बैठक नहीं हुई। अपने इस बयान के बाद वे बुरे फंस गए। उनकी सहयोगी पार्टियों के नेता उन्हें घेरने लगे। इस बीच उनके इस बयान को लेकर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी। महाराष्ट्र में भाजपा नेता ने बताया कि विपक्षी गटबंधन इंडिया विघटित हो रहा है। क्योंकि उनके पास देश के विकास के लिए कोई विचारधारा और नीति नहीं है।

महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर में पत्रकारों से बात की।

चीन सीमा पर सैनिकों की तैनाती में कमी नहीं: जनरल द्विवेदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है और वहां तैनात सैनिकों की संख्या में अभी कमी नहीं की जायेगी। सेना प्रमुख ने सेना दिवस से पहले यहां सोमवार को वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वास्तविक स्थिति के संबंध में पूछे गये सवालों तथा इस संबंध में अपने आरंभिक वक्तव्य में कहा कि वहां स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के अंत में दोनों देशों के बीच बनी सहमति के बाद कई मुद्दों का समाधान हुआ है।

गरमा-गरम

कोठी के धान ला हेर हेरा धूमधाम से मना छेरछेरा पर्व, बच्चे तो बच्चे, प्रदेश के मंत्रियों ने भी मांगे छेरछेरा

ओपी चौधरी ने नेताम से माई कोठी के धान ला हेर हेरा, कहते हुए मांगा छेरछेरा

रायपुर/नवप्रदेश। छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेर हेरा, धान के कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में सोमवार को धूमधाम से पारंपरिक त्योहार छेरछेरा पर्व मना। सुबह से ही बच्चों की टोलियां छेरछेरा मांगने निकल पड़ी। बच्चे तो बच्चे प्रदेश के मंत्रियों ने भी छेरछेरा मांगा।

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम के निवास पर जाकर छेरछेरा पर्व मना। ओपी चौधरी ने रामविचार नेताम से छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेर हेरा, कहते हुए छेरछेरा मांगा। इसके बाद रामविचार नेताम ने धान निकालकर टुकनी में डालकर अन्न का दान किया। मौके पर मौजूद अन्य लोगों को भी कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने अन्न का दान दिया।

अहंकार की भावना को समाप्त करता: छेरछेरा का दूसरा पहलू आध्यात्मिक भी है, यह बड़े-छोटे के भेदभाव और अहंकार की भावना को समाप्त करता है। फसल के घर आने की खुशी में पौष मास की पूर्णिमा को छेरछेरा पुन्नी तिहार मनाया जाता है। इसी दिन मां शाकम्भरी जयंती भी मनाई जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शंकर ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी, इसलिए लोग धान के साथ साग-भाजी, फल का दान भी करते हैं। पौष पूर्णिमा धान के लिए प्रसिद्ध है। संपूर्ण भारतवर्ष में इस शुभदिन अन्न, दलहन-तिलहन का दान करना बेहद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दान का सबसे बड़ा पर्व

छत्तीसगढ़ में धान और अन्न के दान का सबसे बड़ा पर्व लोकपर्व छेरछेरा पुन्नी आज मनाया जा रहा है। इस दिन को पौष पूर्णिमा व शांकभरी जयंती के नाम से भी जाना जाता है। छत्तीसगढ़ में छेरछेरा पुन्नी का अलग ही महत्व है। वर्षों से मनाया जाने वाला ये पारंपरिक लोक पर्व साल के शुरुआत में मनाया जाता है। इस दिन रुपए-पैसे नहीं बल्कि अन्न का दान करते हैं। इस पर्व में सरकार भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है।

दानशीलता की गौरवशाली परम्परा है छेरछेरा

महादान और फसल उत्सव के रूप त्यौहार मनाया जाने वाला छेरछेरा तिहार छत्तीसगढ़ के सामाजिक समरसता, समृद्ध दानशीलता की गौरवशाली परम्परा का संवाहक है। इस दिन 'छेरछेरा, कोठी के धान ल हेरहेरा बोलते हुए गांव के बच्चे, युवा और महिलाएं खलिहानों और घरों में जाकर धान और भेंट स्वरूप प्राप्त पैसे इक_ा करते हैं और इक_ा किए गए धान और राशि से वर्षभर के लिए कार्यक्रम बनाते हैं। छत्तीसगढ़ के किसानों में उदारता के कई आयाम दिखाई देते हैं। यहां उत्पादित फसल को समाज के जरूरतमंद लोगों, कामगारों और पशु-पक्षियों के लिए देने की परम्परा रही है।

हर-हर महादेव, जयघोष के साथ साधुओं श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी...

प्रयागराज। 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 में संगम नोज समेत सभी प्रमुख घाटों पर डुबकी लगाते समय श्रद्धालु हर-हर महादेव, जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयकारे लगाते नजर आए। बिहार, हरियाणा, बंगाल, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए।

स्थायी और अस्थायी घाटों पर भारी भीड़

पवित्र नगरी प्रयागराज में संगम नोज समेत स्थायी और अस्थायी घाटों पर भारी भीड़ है। कई भक्तों को दिव्य वातावरण से अभिभूत, नम आंखों के साथ देखा गया। वहीं कई लोग प्रार्थना, अनुष्ठान और एकता की भावना में डूबे रहे। दो दिन पहले ही लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान करना शुरू कर दिया था, जो दर्शाता है कि 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगाए गए भीड़ के अनुमान को पार कर सकता है।

इस साल का समागम पहले से कहीं ज्यादा बड़ा

शुरुआती दिनों में भारी भीड़ से पता चलता है कि इस साल का समागम पहले से कहीं ज्यादा बड़ा होगा। पौष पूर्णिमा पर, अपने गहन आध्यात्मिक अनुशासन के लिए जाने जाने वाले कल्पवासियों ने 'मोक्षदायिनी' संगम में पवित्र डुबकी लगाई और 45 दिनों तक चलने वाले अपने आध्यात्मिक एकांतवास की शुरुआत की।

महाकुंभ की भव्यता ने किया पर्यटकों को भी मंत्रमुग्ध

महाकुंभ की भव्यता ने न केवल भारतीय श्रद्धालुओं, बल्कि दुनिया भर से आए पर्यटकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। संगम घाट पर अंतराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों और आध्यात्मिक साधकों का तांता उत्सव में शामिल हुआ। दक्षिण कोरिया के कई यूट्यूबर इस दिव्य अनुभव को अपने कैमरों में कैद करते नजर आए, जबकि जापान के पर्यटकों ने स्थानीय गाइडों से इस आयोजन के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझने की कोशिश की। सोमवार को रूस-अमेरिका समेत यूरोप के विभिन्न देशों से आए श्रद्धालु आस्था और एकता के इस महापर्व के साक्षी बने और डुबकी भी लगाई। कई अंतरराष्ट्रीय मेहमानों में स्पेन की क्रिस्टीना भी शामिल थीं, जिन्होंने महाकुंभ की भव्यता के लिए अपनी हार्दिक प्रशंसा व्यक्त की और इसे जीवन में एक बार होने वाला अनुभव बताया।

न्यूज गैलरी

भुवनेश्वर में हॉस्टल के कमरे में छात्रा ने लगाई फांसी

भुवनेश्वर। ओडिशा के भुवनेश्वर में उत्कल संगीत महाविद्यालय की 12वीं कक्षा की एक छात्रा का शव सोमवार को उसके हॉस्टल के कमरे में लटका हुआ पाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने इस घटना की जानकारी दी। मृत छात्रा की पहचान उत्कलिका स्वैन के तौर पर की गई है, जो केंद्रपाड़ा जिले की रहने वाली थी। पुलिस ने बताया कि छात्रा अपने कमरे में लगे पंखे से लटकने के लिए अपने दुपट्टा का इस्तेमाल किया। हॉस्टल की वॉर्डन ने कहा, सुबह करीब आठ बजे जब मैं ड्यूटी के लिए हॉस्टल पहुंची तो कुछ छात्राओं ने मुझे बताया कि उत्कलिका ने अपने कमरे में फांसी लगा ली है। वह कमरे में अकेली थी, क्योंकि उसके दो रूममेट अपने घर गए हुए थे। उन्होंने आगे कहा, सुबह जब उत्कलिका की सहेलियों ने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। इसलिए सीनियर छात्रों की मदद से हॉस्टल वालों ने दरवाजा तोड़ा और अंदर का नजारा देखकर दंग रह गए। उन्होंने उत्कलिका को पंखे से लटका पाया।

अमरेली में सात साल की बच्ची को तेंदुए ने मार डाला

अहमदाबाद। गुजरात के अमरेली जिले में एक तेंदुए ने सात साल की बच्ची को मार डाला। तेंदुए को पकड़ने के लिए अधिकारियों को जाल बिछाना पड़ा। चित्रासर गांव में रविवार की शाम में बच्ची कपास के खेत में अपने माता पिता की मदद कर रही थी, तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। लड़की के गले में गहरी चोट लगी। उसे इलाज के लिए जाफराबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए आठ टीम का गठन किया।

गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी के तट पर 45 दिन तक चलेगा कुंभ स्नान

महाकुंभ भारत की कालातीत विरासत का प्रतीक, आस्था और सद्भाव का उत्सव

नई दिल्ली। विचारों, मतों, संस्कृतियों, परंपराओं स्वरूपों का गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी के तट पर महामिलन 45 दिन तक चलेगा। समुद्र मंथन के दौरान निकले कलश से छलकीं अमृत की चंद बूंदों से युगों पहले शुरू हुई कुंभ स्नान की परंपरा का सोमवार को आगाज हो गया है। दुनिया भर के धार्मिक आयोजनों में सबसे बड़ा यह मेला 26 फरवरी तक चलेगा।

उत्तर प्रदेश में संगम नगरी प्रयागराज में भारी संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। आज 13 जनवरी पौष पूर्णिमा के साथ 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 की शुरुआत हो गई है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, 'भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए यह एक बहुत ही खास दिन है! महाकुंभ 2025 प्रयागराज में शुरू हो रहा है, जो आस्था, भक्ति और संस्कृति के पवित्र संगम में अनगिनत लोगों को एक साथ लाएगा। महाकुंभ भारत की कालातीत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और आस्था और सद्भाव का उत्सव मनाता है...' उन्होंने कहा कि मुझे प्रयागराज में अनगिनत लोगों की चहल-पहल देखकर बहुत खुशी हो रही है, जो पवित्र स्नान कर रहे हैं और आशीर्वाद ले रहे हैं। सभी तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को शानदार प्रवास की शुभकामनाएं...

पौष पूर्णिमा पर महाकुंभ 2025 का आगाज

लंबी तैयारियों के बाद प्रयागराज में पौष पूर्णिमा पर महाकुंभ 2025 की शुरुआत हो गई। दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन तीन पवित्र नदियों के संगम पर हो रहा है। इस धार्मिक आयोजन में देश-विदेश से करोड़ों की संख्या में लोग आ रहे हैं और पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ की प्राप्ति कर रहे हैं। महाकुंभ में प्रमुख तिथियों पर स्नान और अमृत स्नान का विशेष महत्व होता है।

स्नान और अमृत स्नान की तिथियां :-

13 जनवरी (सोमवार)- स्नान, पौष पूर्णिमा
14 जनवरी (मंगलवार)- अमृत स्नान, मकर सक्रांति
29 जनवरी (बुधवार)- अमृत स्नान, मौनी अमावस्या
3 फरवरी (सोमवार)- अमृत स्नान, बसंत पंचमी
12 फरवरी (बुधवार)- स्नान, माघी पूर्णिमा
26 फरवरी (बुधवार)- स्नान, महाशिवरात्रि

सीएम योगी ने दी पौष पूर्णिमा की बधाई

महाकुंभ शुरू होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पौष पूर्णिमा की बधाई दी है। एक्स पर सीएम योगी ने लिखा कि विश्व के विशालतम आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम 'महाकुम्भ' का आज से तीर्थराज प्रयागराज में शुभारंभ हो रहा है।

भाजपा धांधली और बेईमानी से दिल्ली का चुनाव लड़ना चाहती : केजरीवाल

नई दिल्ली(वार्ता)। आम आदमी पार्टी(आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धांधली करके और बेईमानी से दिल्ली का चुनाव लड़ना चाहती है। श्री केजरीवाल ने आज कहा कि पटपड़गंज से हमारे उम्मीदवार अवध कुमार ओझा का वोट ग्रेटर नोएडा में बना हुआ था। उन्होंने दिल्ली में वोट बनवाने के लिए 26 दिसंबर को फॉर्म 6 भरकर आवेदन दिया था लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं आया। किसी ने उनसे कहा कि क्योंकि उनका ग्रेटर नोएडा में वोट बना हुआ है तो उन्हें वोट ट्रांसफर के लिए फॉर्म 6 नहीं, फॉर्म 8 भरना पड़ेगा। उन्होंने 7 जनवरी को फॉर्म 8 भर दिया। कानून के मुताबिक, फॉर्म 8 भरने की 7 जनवरी आखिरी तारीख थी। चुनाव आयोग के मैनुअल यह कहते हैं कि नामांकन की अंतिम तारीख से 10 दिन पहले तक फॉर्म 6, फॉर्म 7, फॉर्म 8 भरे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की निर्वाचन अधिकारी ने एक आदेश निकालकर कहा है कि फॉर्म 8 भरने की 7 जनवरी आखिरी तारीख है लेकिन रहस्यमय ढंग से एक दिन बाद उन्होंने दोबारा आदेश निकालकर कहा कि 6 जनवरी आखिरी तारीख है। यह दूसरा आदेश क्यों निकाला गया? यह कानून के खिलाफ है। यह चुनाव आयोग की दिशानिर्देश और मैनुअल के खिलाफ है। क्या यह आदेश जानबूझकर अवध ओझा को चुनाव से बाहर करने के लिए निकाला गया? श्री केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग का मैनुअल कहता है कि अगर कोई फॉर्म 8 यानी वोट ट्रांसफर कराने की एप्लिकेशन आखिरी तारीख के बाद भी आती है तो चुनाव आयोग उस पर गौर कर सकता है। लेकिन हमारे लिए यह उम्मीदवार के उम्मीदवारी का सवाल है और इसमें किसी भी तरह की कोई गड़बड़ नहीं है। अवध ओझा का वोट ग्रेटर नोएडा से दिल्ली ट्रांसफर होना है इसलिए आज हम मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलेंगे और उनसे निवेदन करेंगे कि अवध ओझा के वोट को ट्रांसफर कराया जाए ताकि वह अपना नामांकन दाखिल कर सकें।

बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न केस में हाईकोर्ट सख्त, जल्द पूरी हो सुनवाई

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले में एक बार फिर सख्ती दिखाई। अदालत ने कहा कि पीड़ित बच्चियां बहुत छोटी हैं इसलिए मामले की सुनवाई जल्द से जल्द पूरी होनी चाहिए।

पिछले साल अगस्त का मामला

गौरतलब है, पिछले साल अगस्त में ठाणे के बदलापुर इलाके में स्थित एक स्कूल के शौचालय में चार और पांच साल की दो लड़कियों का एक पुरुष अटेंडेंट ने यौन उत्पीड़न किया था। मामला सामने आते ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि, अदालत ले जाते समय पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई और वह मारा गया। वहीं, मामले की जांच के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा गठित विशेष जांच (एसआईटी) आरोप पत्र दायर कर चुकी है।

इन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर

यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) अधिनियम के

प्रावधानों के तहत यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट करने में नाकाम रहने के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक और उसके प्रबंधन के दो सदस्यों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। हाईकोर्ट ने घटना का खुद संज्ञान तब लिया था, जब यह बात सामने आई कि बदलापुर की स्थानीय पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तत्काल कार्रवाई नहीं की।

'मामले की सुनवाई तेजी से पूरी करने की जरूरत'

सोमवार को लोक अभियोजक हितेन वेनेगांवकर ने न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की पीठ को सूचित किया कि मामले की जांच पूरी हो गई है। आरोप पत्र दायर किया गया है और अब मामले की सुनवाई होगी। इस पर अदालत ने जोर दिया कि मामले की सुनवाई तेजी से पूरी करने की जरूरत है।

पीठ ने कहा, 'मामले को तेजी से आगे बढ़ाना होगा क्योंकि पीड़ित बच्चियां बहुत कम उम्र की हैं। साथ ही पॉक्सो कानून के तहत लड़कियों से पूछताछ के दौरान एक महिला अभियोजक को मौजूद रहना होगा।'

अब 20 को होगी सुनवाई

वेनेगांवकर ने कहा कि इस मामले में विशेष लोक अभियोजक की सहायता के लिए एक महिला अभियोजक नियुक्त की गई है। वहीं, अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तारीख तय की और तब तक अभियोजन पक्ष को मुकदमे की स्थिति के बारे में बताना होगा।पिछले साल, पीठ ने स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने का भी आदेश दिया था।

लॉस एंजिल्स के जंगल में लगी आग में, 24 की मौत

लॉस एंजिल्स(वार्ता)। अमेरिकी प्रांत कैलिफोर्निया के शहर लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। काउंटी ऑफ़ लॉस एंजिल्स मेडिकल एक्जामिनर ने रविवार को बताया कि आग के कारण आठ मौतें पैलिसेड्स, 16 मौतें ईटन में हुईं। पैलिसेड्स में लगी आग, जो वर्तमान में लॉस एंजिल्स क्षेत्र में जंगल की सबसे बड़ी सक्रिय आग है। फिलहाल, आग पर 11 प्रतिशत काबू पा लिया गया है।

आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर की रिहाई...

नई दिल्ली(वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को 1993 के हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर ओम प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू श्रीवास्तव की समयपूर्व रिहाई पर दो महीने के भीतर विचार करने का निर्देश दिया है। मामले में जस्टिस अभय एस ओका और नोंग्मीकापम कोटिस्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 473 की उपधारा (1) के तहत छूट की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने का निर्देश दिया।

गैंगस्टर की याचिका की गई थी खारिज

बता दें कि, ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने संयुक्त प्रांत परिवीक्षा पर कैदियों की रिहाई अधिनियम, 1938 की धारा 2 के तहत राहत

मांगी, लेकिन याचिका खारिज कर दी गई। मामले में शीर्ष अदालत ने कहा कि 1938 अधिनियम की धारा 2 सीआरपीसी की धारा 432 या बीएनएसएस की धारा 473 से अधिक कठोर है। पीठ ने कहा कि जब तक राज्य सरकार यह निष्कर्ष दर्ज नहीं कर लेती कि वह दोषी के पिछले इतिहास या जेल में उसके आचरण से संतुष्ट है और यह कि वह अपराध से दूर रहेगा और रिहाई के बाद शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करेगा, तब तक दोषी को रिहा नहीं किया जा सकता।

गैंगस्टर ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने जेल में काटी 28 साल की सजा

शीर्ष अदालत के आदेश में कहा गया है, 'चूंकि याचिकाकर्ता ने 28 साल से अधिक समय तक वास्तविक सजा काटी है, इसलिए याचिकाकर्ता के मामले पर विचार किया जाएगा और अधिकतम दो महीने के भीतर उचित आदेश पारित किया जाएगा। आदेश याचिकाकर्ता को सूचित किया जाना चाहिए।' पीठ ने संबंधित अदालत को निर्देश दिया - जिसे बीएनएसएस की धारा 473 की उप-धारा (2) के तहत अपनी राय देने का अधिकार है - राज्य के अनुरोध की प्राप्ति की तारीख से 15 दिनों के भीतर इसे अग्रेषित करने के लिए।

भारत की बांग्लादेश पर जवाबी कार्रवाई, विदेश मंत्रालय ने राजदूत को किया तलब

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में तल्खी बढ़ती जा रही है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बांग्लादेश के राजदूत को तलब किया है। यह कदम ऐसे वक्त उठाया गया है, जब एक दिन पहले ही ढाका ने भारतीय राजनयिक को तलब किया था। इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को सीमा तनाव को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया था। दरअसल, बांग्लादेश ने आरोप लगाया था कि भारत द्विपक्षीय

समझौते का उल्लंघन करते हुए बांग्लादेश से लगी सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है। इसके कुछ ही घंटों के बाद ही भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया गया था। इसके बाद प्रणय वर्मा दोपहर लगभग तीन बजे विदेश मंत्रालय पहुंचे। विदेश सचिव जशीम उद्दीन के साथ उनकी बैठक लगभग 45 मिनट तक चली। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रणय वर्मा ने कहा था कि ढाका और नई दिल्ली के बीच सीमा पर सुरक्षा के लिए बाड़ लगाने के संबंध में सहमति है। प्रणय वर्मा ने कहा, 'हमारे दो सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ और बीजीबी (सीमा सुरक्षा बल और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) इस संबंध में संपर्क में हैं। हम उम्मीद करते हैं कि इस सहमति को लागू किया जाएगा और सीमा पर अपराधों से निपटने के लिए सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। इससे पहले दिन में गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने कहा था कि भारत ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश और स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण सीमा पर कांटेदार तार की बाड़ लगाने का काम रोक दिया है।

पहली वर्षगांठ | **अंगद टीले में मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि की**

सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकताः मुख्यमंत्री योगी

श्रीराम लला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकता है। सत्य एक दिन उजागर होगा। देश-दुनिया सत्य के रूप में अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के भव्य मंदिर देख रही है। प्रभु राम के भव्य मंदिर का निर्माण दुनिया में दबी-कुचली सभ्यता व संस्कृति

के लिए संदेश भी है कि लोकतांत्रिक, संविधान सम्मत तरीके से अधिकार लिए जा सकते हैं। अयोध्या में रामजन्मभूमि के लिए हुए अनगिनत बलिदान व उन सब मूल्यों के साथ अग्निपरीक्षा के दौर से बार-बार गुजरने के बाद भी धैर्य न खोना इस अभियान का हिस्सा रहा है। विश्वास है कि हम सब इस पथ के अनुगामी बनेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीरामलला के श्रीविग्रह की प्राण- प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम के उपरांत अपनी बातें रखीं। अंगद टीले में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि की। सीएम ने अशोक सिंहल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा प्रतिष्ठा-द्वादशी के रूप में त्रिदिवसीय आयोजन का शुभारंभ किया गया है।

संतों के सानिध्य में पीएम ने रामलला को कराया था प्रतिष्ठित

सीएम ने कहा कि इसका शुभारंभ 9 नवंबर 2019 को हुआ, जब न्यायपालिका ने सर्वसम्मत से निर्णय सुनाया कि अयोध्या में जहां विवादित ढांचा था, वह रामजन्मभूमि है। वहां ट्रस्ट गठित करते हुए प्रभु के भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए। 5 अगस्त 2020 को इसी अयोध्या धाम में आकर पीएम मोदी ने प्रभु रामलला के भव्य राममंदिर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 22 जनवरी 2024 के दिन पीएम मोदी ने देश भर से आए हर तबके के नेतृत्ववर्ग की उपस्थिति व संतों के सानिध्य में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए रामलला को उनकी जन्मभूमि में प्रतिष्ठित कराने का कार्य किया था।

दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन पर पहुंचा 5जी

नई दिल्ली(ए.)। रिलायंस जियो ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में अपनी 5जी सेवा शुरु कर दी है। भारतीय सेना की 'फायर एंड फ्यूरी कोर ने एक्स पर यह जानकारी दी। सेना के मुताबिक, जियो टेलीकॉम और भारतीय सेना ने साथ मिलकर सियाचिन ग्लेशियर पर पहला 5जी मोबाइल टॉवर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। इसे सियाचिन की एक अग्रिम चौकी पर लगाया गया है।

15 जनवरी को सेना दिवस से ठीक पहले सियाचिन ग्लेशियर पर 4जी व 5जी सेवा शुरु कर जियो ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। सियाचिन ग्लेशियर पर सेवा शुरु करने वाला जियो देश का पहला ऑपरेटर बन गया है। सेना ने इसे शानदार उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह अदम्य उपलब्धि हमारे बहादुर सैनिकों को समर्पित है, जिन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तैनात रह कर इस चैलेंज को पूरा किया। इतनी ऊंचाई पर टावर लगाना बेहद कठिन रहा। सेना ने रसद सहित क्रू मेंबर की सुरक्षा सुनिश्चित की। तो जियो ने अपनी स्वदेशी फुल-स्टैक 5जी तकनीक का उपयोग किया। ठंडी हवाएं और बर्फीले तूफान अक्सर यहां आते रहते हैं।

20 वर्ष बाद दुर्लभ भौम-पुष्य योग में आज मनाई जाएगी मकर संक्रांति

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्नान-दान का महापर्व मकर संक्रांति में आज श्रद्धालुगण स्नान, पूजा-पाठ के साथ दान पुण्य का कार्य करेंगे और आज के बाद मांगलिक कार्य का शुभारंभ भी करेंगे। इस बार मकर संक्रांति में 20 साल बाद भौम-पुष्य योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन सुबह 10.41 बजे से भौम-पुष्य योग शुरू हो जायेगा, जो पूरे दिन रहेगा। यह योग मंगलवार के दिन पुष्य नक्षत्र के विद्यमान होने से बनता है। पुष्य नक्षत्र विकास, शुभता, धन-समृद्धि और आध्यात्मिक विकास का प्रतिनिधित्व करता है।

स्नान-दान का पर्व मकर संक्रांति आज मनाया जायेगा। इसके लिए घर-घर में तैयारी हो चुकी है। एक तरफ जहां गृहिणियां घरों में मिट्टी के हांडी में दही जमा रखी हैं और गुड़ की लाई से लेकर तिलपट्टी तक खुद से बना रखी हैं। वहीं बाजारों में भी देर रात तक लोगों ने तिलकुट, लाई, बादाम पट्टी व तिल से बनी कई तरह की मिठाइयों से लेकर दही-चूड़ा और गुड़ की खरीदारी की। गली-मोहल्लों से लेकर बाजार में कई जगहों पर मौसमी दुकानें खोली गयी हैं, जहां तिलकुट की सोंधी खुशबू लोगों को दूर से ही आकर्षित कर रही है। तिलकुट से लेकर चूड़ा-दही की दुकानों के साथ ही सभी

काउंटरों पर खरीदारों की भीड़ रही। आज के दिन तिल लड्डू का विशेष महत्व रहता है। साथ ही बच्चे परंपरानुसार पतंग उड़ाते नजर आते हैं। शहर के साथ गांवों में भी मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। लोग सुबह से ही स्नान, पूजा-पाठ के साथ दान-पुण्य के कार्य में लग जाते हैं।

पुनर्वसु व पुष्य नक्षत्र का बन रहा युग्म संयोग

सनातन धर्मावलंबियों का खास पर्व मकर संक्रांति आज मनाया जायेगा। इस दिन माघ कृष्ण प्रतिपदा से युक्त पुनर्वसु व पुष्य नक्षत्र के युग्म संयोग बन रहा है। मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान और दान-पुण्य करने का विशेष महत्व होता है.। इस दिन स्नान-दान करने से उसका सौ गुना पुण्य फल प्राप्त होता है। इसी दिन सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने से खरमास समाप्त हो जायेगा। इसके बाद मांगलिक कार्य का सिलसिला शुरु हो जायेगा। सूर्य आज दोपहर बाद 02.55 बजे मकर राशि में प्रवेश करेगा। इसका पुण्यकाल पूरे दिन रहेगा।

संक्रांति पर स्नान-दान का शुभ मुहूर्त

संक्रांति का पुण्यकाल- सूर्योदय से लेकर पूरे दिन सूर्य का राशि परिवर्तन- शाम 02.55 बजे, चर-लाभ-अमृत मुहूर्त- सुबह 09.19 बजे से दोपहर 01.19 बजे तक अभिजित मुहूर्त-दोपहर 11.37 बजे से 12.20 बजे तक शुभ योग मुहूर्त- दोपहर 02.39 बजे से शाम 03.59 बजे तक रहेगा।

अनोखी परंपरा

पुराणों के अनुसार मकर संक्रांति को पतंग उड़ाने की अनोखी परंपरा त्रेता युग से ही चली आ रही है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान श्रीराम की पतंग इतनी उंची उड़ रही थी कि वह इंद्रलोक तक पहुंच गई। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस के बालकांड में उल्लेख मिलता है। मकर संक्रांति के दिन बच्चे पतंग उड़ाकर इस दान और स्नान के पर्व का आनंद लेते हैं।

न्यूज गैलरी

मकर संक्रांति त्याग का पर्व: आचार्य जयदेव शास्त्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज आर्य समाज बहतराई रोड के तत्वावधान में घर-घर यज्ञ की प्रक्रिया में यज्ञ व सत्संग का कार्यक्रम संतोष चावला के निवास विनोबा नगर में रखा गया । जिसमें सर्वप्रथम यज्ञ का कार्यक्रम आचार्य जयदेव शास्त्री के ब्रह्मत्व में प्रारंभ हुआ यजमान के रूप में चावला परिवार ने आहुतियां दी। यज्ञ के उपरांत सत्संग का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें सबसे पहले रूपचंद जीवनानी जी और आर्या संध्या शर्मा जी और प्रमोद गुप्ता जी का भजन हुआ और उसके पश्चात आचार्य जयदेव ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व एक मकर सौर क्रांति पर्व है, जोकि सारे भारतवर्ष में मनाया जाता है मकर संक्रांति पर्व हर प्रांत में अलग-अलग नाम से इसको मनाया जाता है परंतु इसका जो वैज्ञानिक अर्थ है वैदिक सिद्धांत के अनुसार उसको जानना बहुत जरूरी है किसी भी पर्व की अगर वास्तविकता को भूल जाते हैं तो वह पर्व लंबे समय तक अपने अस्तित्व में नहीं रह पाता है मकर संक्रांति का वास्तविक विज्ञान क्या है इसको समझाना बहुत जरूरी है जितने काल में पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा पूरी करती है उसको एक सौर वर्ष कहते हैं और कुछ लंबी वर्तुलाकर की परिधि पर पृथ्वी परिभ्रमण करती है।

फेडरेशन ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक धर्मजीत को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तखतपुर सकरी द्वारा आयोजित सेवा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि धर्मजीत सिंह तखतपुर विधायक की उपस्थिति में वन चेतना केंद्र सकरी में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में संगठनात्मक विषयों पर प्रकाश डालते हुए संघ के मुख्य संरक्षक पीआर यादव, प्रांत अध्यक्ष जी आर चंद्रा तथा जिला सचिव किशोर शर्मा ने कहा कि पूरी एक जुटता के साथ आने वाले दिनों में कर्मचारी मुद्दों को लेकर किए जाने वाले प्रदर्शन में सभी पदाधिकारी तथा सदस्यों की पूरी सहभागिता होनी चाहिए जिससे शासन द्वारा इन मांगों को पूरा किया जा सके। इसके पश्चात द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि धर्मजीत सिंह को संघ द्वारा 12 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र के समान तीन प्रतिशत देय तिथि से महंगाई भत्ता, चार स्तरीय वेतनमान, 300 दिनों का अर्जित अवकाश, वेतन विसंगति तथा बिलासपुर को बी-2 श्रेणी दिए जाने संबंधी मांग शामिल है जिस पर मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री से चर्चा कर निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर 25 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति सम्मान कार्यक्रम तथा पूनम बघेल को पीएचडी की उपाधि प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया।

देवरीखुर्द में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सांसद तोखन साहू ने किया सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। देवरीखुर्द स्थित चंद्रशेखर आजाद नगर में रविवार को महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों के तहत आयोजित सम्मान समारोह मे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने माताओं को नमन करते हुए उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के साथ पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष बी.पी. सिंह और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रकाश सूर्य भी उपस्थित थे। मंत्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। 1 वर्ष पहले शुरू हुई इस योजना से अब तक 70 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। जिले में लाखों से अधिक महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है, सरकार द्वारा करोड़ों रुपये सीधे उनके खातों में भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रही है, जिससे वे अपने परिवार की जिम्मेदारी अच्छे से निभा रही हैं। साहू ने बताया कि सरकार किसानों और महिलाओं के हित में कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए 31 सौ रुपये प्रति एकड़ पर धान खरीदी की जा रही है और 18 लाख परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया है।



सुविचार

शब्द और सोच कभी कभी दूरियां बढ़ा देते हैं। कभी हम समझ नहीं पाते और कभी समझा नहीं पाते। - अज्ञात

महाअघाड़ी गठबंधन में दरार

एक ओर जहां राष्ट्रीय स्तर पर आईएनडीआईए के टूटने का खतरा उत्पन्न हो गया है वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र में महाअघाड़ी गठबंधन में दरार पड़ गई है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाअघाड़ी की करारी पराजय के बाद से महाअघाड़ी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और शरद पवार की पार्टी के बीच मतभेद गहराने लगे थे और इसके नेता महाअघाड़ी की हार के लिए एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे थे। इन तीनों ही दलों के बीच दूरियां बढ़ती जा रही थी और अब शिवसेना यूबीटी ने खुद को महाअघाड़ी से अलग करने की घोषणा कर दी है। मुंबई सहित महाराष्ट्र की सभी नगरीय निकायों में शिवसेना यूबीटी ने अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। शिवसेना यूबीटी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने इसकी घोषणा करते हुए कहा है कि यह फैसला स्थानी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए लिया गया है ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिल सके। उन्होंने तो यह भी कहा है कि महाअघाड़ी का गठबंधन सिर्फ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तक ही था। अब विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद इससे यह गठबंधन खत्म हो गया है। शिवसेना यूबीटी के अलग होने के बाद अब यह देखना होगा कि नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस और शरद पवार की पार्टी मिलकर चुनाव लड़ती है या वे भी अपनी अलग राह चुनती है। यदि महाअघाड़ी गठबंधन का अस्तित्व खत्म हो जाता है और इसमें शामिल तीनों ही पार्टियां अकेले अपने दम पर चुनाव समर में उतरने का फैसला लेती हैं तो निश्चित रूप से इसका फायदा महायुति गठबंधन को होगा जिसमें शामिल भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एकजुट हैं और तीनों ने ही मिलकर महाराष्ट्र के नगरीय निकाय चुनाव में सीटों के बंटवारे पर सहमति जाहिर कर दी है। वैसे महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों इस बात की भी अटकलें लगाई जा रही है कि उद्धव ठाकरे एक बार फिर भाजपा के साथ आने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे ही कयास शरद पवार की पार्टी को लेकर भी लगाये जा रहे हैं। उद्धव ठाकरे और शरद पवार दोनों ही नेताओं के बयान इस ओर संकेत कर रहे हैं कि वे भाजपा के साथ गठबंधन करने को आतुर हैं। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने ऐसी संभावना को नकारा भी नहीं है उनका कहना है कि राजनीति में कोई किसी का न तो स्थाई दोस्त होता है और न ही स्थाई दुश्मन होता है ऐसे में राजनीति में कुछ भी होना संभव है। वास्तव में उद्धव ठाकरे अब पछता रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के लिए दशकों पुरानी भाजपा से दोस्ती तोड़ ली थी और विपरीत विचारधारा वाली कांग्रेस तथा शरद पवार की पार्टी के साथ गठजोड़ कर लिया था। जिसका खमियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। न सिर्फ उन्हें मुख्यमंत्री पद से हाथ धोना पड़ा बल्कि उनकी पार्टी ही टूट गई यहां तक की पार्टी का नाम और चुनाव सिन्ह भी एकनाथ शिन्दे के नेतृत्व वाले शिवसेना के पास चला गया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना यूबीटी की जो शर्मनाक पराजय हुई थी उससे उद्धव ठाकरे ने सबक सिखा है और अब नगरीय निकाय चुनाव को मद्देनजर रखकर उन्होंने महाअघाड़ी से नाता तोड़ लिया है अब वे फिर से भाजपा के साथ गठबंधन की कवायद कर सकते हैं लेकिन अब उन्हें भाजपा अपनी शर्तों के साथ ही शामिल करने पर विचार करेगी। दरअसल उद्धव ठाकरे ने महाअघाड़ी से किनारा कर अपने पत्ते खोल दिये हैं। भाजपा यह जान गई है कि उद्धव ठाकरे अब उधर नहीं जा रहे हैं इसलिए अब वह उन्हें भाव नहीं देगी। बहुत संभव है कि भाजपा उनके साथ गठबंधन करने से ही इंकार कर दे। भाजपा को अब न तो शिवसेना यूबीटी की जरूरत है और न ही शरद पवार की पार्टी की आवश्यकता है। इसलिए भाजपा इनके लिए आसानी से अपने दरवाजे नहीं खोलगी पिछले दिनों केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन दोनों ही नेतओं को धोखेबाज करार दिया था। इसी से स्पष्ट है कि भाजपा शिवसेना यूबीटी और शरद पवार की पार्टी के प्रति अभी भी नरम रूख अख्तियार करने के लिए तैयार नहीं है बहरहाल यह देखना दिलचस्प होगा कि शिवसेना यूबीटी ऐकला चलो रे की नीति से उसे नगरीय निकाय चुनाव में कितना लाभा होता है या उस पार्टी को और अधिक नुकसान उठाना पड़ता है।

प्रो.संजय द्विवेदी

इसलिए हम लंबे नहीं सार्थक जीवन की कामना करते हैं और वानप्रस्थ और सन्यास हमारे जीवन के उच्चादर्श बन जाते हैं। जीवन में रहते हुए मुक्ति की कामना और परोपकार का भाव ही सही मायने में भारत के मनुष्य के अवचेतन में समाया हुआ है। वह छोड़कर मुक्त होता है। भगवान राम, महावीर, गौतम बुद्ध सब राजपुत्र हैं, जो राज छोड़कर अपनी मुक्ति की राह बनाते हैं। तो राज करते हुए भी कृष्ण योगेश्वर और जनक विदेह हो जाते हैं। भरत का त्याग तो अप्रतिम ही है, वे राजा तो हैं किंतु सिंहासन पर नहीं हैं। भारत ऐसी ही विभूतियों के त्याग और प्रेरक कथाओं से बना है। कुंभ में नायकों का स्मरण, निरंतर होने वाली ज्ञान चर्चाएं भारत का मन बनाती हैं। वे बताती हैं कि हमारा भारत बने रहना क्यों जरूरी है। सच यही है कि कुंभ का मन ही भारत का मन है। जब तक कुंभ है, भारत बना रहेगा। भारतबोध की प्रक्रिया जारी रहेगी। अमृत जहां गिरा वहां कुंभ का होना इस बात की गवाही है कि जहां अमृत छलकेगा भारतपुत्र वहां जरूर होंगें। ज्ञान का अमृतपान करने, परंपरा का अवगाहन करने, भारत को जानने के लिए, खुद को पहचानने के लिए।

भारतबोध कराता है महाकुंभ!

विश्व का सबसे बड़ा सांस्कृतिक मेला और विमर्श का केंद्र है कुंभ। कुंभ दुनिया का सबसे बड़ा उत्सव है। आस्था, ज्ञान, सनातनबोध और भारतबोध कराने का ऐसा अप्रतिम उत्सव कोई दूसरा नहीं है। भारत को जानने और मानने की अभिलाषा लेकर यहां आए लोग रिक्त नहीं लौटते। कुंभ आपकी आस्था को और प्रगाढ़ करता है, भारतप्रेम को सजग करता है। आपको ज्यादा संवेदनशील और मानवीय बनाता है। इसलिए कुंभ की मान्यता और ख्याति विरल है। कुंभ की यात्रा हमें संपूर्ण करती है। एक खास भावबोध से बांधती है। इस यात्रा के सजग अनुभव से आप ज्यादा हिंदू या ज्यादा भारतीय हो जाते हैं। आपका मन सरल हो जाता है, आपके मन में भारत उतर जाता है धीरे-धीरे। आप एक सनातन यात्रा में सहयात्री हो जाते हैं। मन कहने लगता है, "युग-युग से बहता आता यह पुण्य प्रवाह हमारा।" कुंभ की लोक में खास मान्यता है। यहां होना पुण्यभागी होना है, सौभाग्यशाली होना है। भारतीय संस्कृति की समझ और उसे एकत्र देखने का भाव हर भारतवासी को यहां खींच लाता है। दुनिया में मनुष्यों का यह सबसे बड़ा एकत्रीकरण है। जमावड़ा है। मेला है। कोई एक शब्द इसके लिए पर्याप्त नहीं। इसलिए इसे 'कुंभ' कहना ही पर्याप्त है। कुंभ में होना ज्ञान, परंपरा, संस्कृति, सामंजस्य, गीत-संगीत, प्रदर्शन कलाओं, धर्मबोध, भारतबोध, मूल्यबोध के साथ होना है। एक स्थान पर इतनी सारी विधाओं को साधने वाला एकत्रीकरण असंभव है। कुंभ का पर्याय सिर्फकुंभ है। इस कुंभ में सारा जीवन है, सारा ज्ञान है। आज का जीवन है, भविष्य का संकेत है। यह एक साथ भारत की तरह ही नया और पुराना दोनों है। यहां आनंद है, अध्यात्म है। जीवन है, जीवन राग है तो जीवन से विराग भी है। परिवार है तो सन्यास भी है। भोजन है, तो उपवास भी है।

कुंभ सही अर्थों में एक आध्यात्मिक मेला है। जिसने भारत की एकता, सद्भाव और विविधता को साधकर सदियों से इस राष्ट्र को एक कर रखा है। कुंभ की यात्रा और उसके पुण्य जल के आचमन से व्यक्ति की जिंदगी में बड़े बदलाव आते हैं। वह एक परंपरा से जुड़कर संस्कृति का वाहक बन जाता है। भारत के सभी पंथों शैव, वैष्णव, शाक्त, अघोर पंथी, उदासी, सिक्ख, जैन और बौद्ध मतावलंबी कुम्भ में एकत्र आते हैं। सभी शंकराचार्य और सभी अखाड़े इसमें सहभागी होते हैं। इस तरह यह भारत के एकीकरण का भी सूचक है। इससे हमारी सांस्कृतिक एकता का प्रकटीकरण होता है। वैसे भी भारत के बारे में हम कहते हैं कि यह ऋषियों का बनाया हुआ राष्ट्र है। इसलिए इसका अलग ही महत्व है। यह सामान्य देश या राज्य नहीं है। यह राष्ट्र है। जिसकी एकता का आधार संस्कृति है। बिना किसी आमंत्रण के दुनिया भर से लोग यहां अपनी-अपनी व्यवस्थाओं से यहां आते हैं और आनंद का अनुभव करते हैं। कुंभ में होना सौभाग्यशाली होना है।

हर हिंदु की यह कामना होती है कि वह चारों धाम की यात्रा और कुंभ में एक बार स्नान अवश्य करे।

पुराण कथा तो कहती है कि समुद्र मंथन से अमृत कलश निकला तो दोनों पक्ष भिड़ गए। देवताओं और राक्षसों की इस जंग में अमृत जहां-जहां छलका, वे सारे स्थान ही कुंभ के केंद्र या आयोजन स्थल बने। अमृत की ये बूंदें आज तक हमारे जीवन

को अध्यात्म और समरसता के भाव से भर रही हैं। वे हमें जोड़ रही हैं उस परंपरा से, उस संस्कृति से जो नितनूतन और चिरपुरातन है। यह संवाद का केंद्र भी है। अपने समाज और उसके वर्तमान के प्रश्नों से जूझना और आनेवाले समय के लिए पाथेय प्राप्त करना भी कुंभ में आने वाले समाज का ध्येय रहता है। जाति, पंथ, भाषा, क्षेत्र के भेद से परे हटकर समाज चिंतन के लिए यहां हम एकत्र होते हैं। सारा कुछ भूलकर,सारा कुछ छोड़कर। समाज को समरस और आत्मीय बनाने के सूत्र यहां मिलते हैं। परंपरा से जुड़कर हम सीखते हैं और संदेश अपने गांव, नगरों, वनों और पर्वतों तक ले जाते हैं। कुंभ किसका है तो इसका जवाब है यह सबका है। समाज के हर वर्ग की यहां उपस्थिति उसे पूर्ण बनाती है। यहां पहचानें विलीन हो जाती हैं सब हिंदु या भारतीय हो जाते हैं। जाति पांति पूछे नहीं कोई हरि को भजै सो हरि का होई। का भाव यहां चरितार्थ हो जाता है। कुंभ संचार व संवाद का सबसे बड़ा केंद्र है। यहां ज्ञान सरिता बहती रहती है। प्रवचन, उपदेश, शास्त्रार्थ, प्रदर्शन कलाओं और संवाद के माध्यम से आम लोगों को संदेश दिया जाता है। कुंभ की उपयोगिता इस अर्थ में विलक्षण है कि यहां संचार और संवाद की अनंत धाराएं बहती हैं। परंपरा से यहां संवाद हो रहा है। इसका उद्देश्य है- मानवता के समक्ष उपस्थित चुनौतियों और संकटों के हल खोजना। ऋषियों और गुरुजनों से मिले पाथेय को नीचे तक पहुंचाना ताकि हमारा समाज अपने समय के संकटों के ठोस और वाजिब हल पा सके। संवाद की यह चेतना इतनी गहरी है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कुंभ का संदेश सदियों से बिना विकृत हुए यथारूप पहुंचता था। आज संचार साधनों की बहुलता में संदेश का उसी रूप में पहुंचना कठिन होता है। या तो संदेश की पहुंच में समस्या होती है, या उसके अर्थ बदल जाते हैं और उनकी पवित्रता नष्ट हो जाती है। किंतु प्राचीन समय की संवाद और संचार व्यवस्था इतनी ताकतवर थी कि समाज के सामने कुंभ के संदेश और वहां मिला पाथेय यथारूप पहुंचता था। इस तरह कुंभ हमारे सांस्कृतिक राष्ट्र की समाज व्यवस्था का एक अनिवार्य अंग हैं, जिसके माध्यम से राष्ट्र अपने संकटों के समाधान खोजता रहा है। इन्हीं रास्तों से गुजरकर हम यहां तक पहुंचे हैं। ऋषि परंपरा के उत्तराधिकारी होने के नाते हर संकट में उनका पाथेय ही हमारा संबल बना है। कुंभ में आने वाले लोगों को देखिए तो भारत के प्रति आस्था बढ़ जाती है। कुंभ में देश के सुदूर प्रांतों, गांवों, वनों और पहाड़ों से लोग बहुत संघर्ष करके अपनी तीन-तीन पीढ़ियों के साथ पहुंचते हैं। बिना आरक्षण ट्रेनों, बसों और विविध साधनों से पहुंचने वाले यह लोग भारत की आत्मा को खोजते हुए यहां आते हैं। साधनों की अनुपलब्धता भी उनके लिए बाधा नहीं है। वरिष्ठ नागरिकों की भारी संख्या से लेकर बच्चों की भी यहां उपस्थिति होती है। एक साथ कई पीढ़ियां अपने देश के सांस्कृतिक वैभव से परिचित होती हैं। कुंभ की महिमा बहुत है। हमारे शास्त्र इसके बारे में बहुत व्यापक वर्णन करते हैं। देश में होते रहे आक्रमणों, विदेशी शासकों की उपस्थिति के नकारात्मक प्रभावों के बाद भी यह परंपरा जारी रही और फ्लती-फूलती रही। परंपरा को बनते हुए देखना और संस्कृति की तरह उसका मनों में पैठ जाना भारत के लोकमानस की विशेषता रही है। भारत का सांस्कृतिक अवचेतन इन्हीं आयोजनों और लोकपर्वों से निर्मित हुआ है। इन्हीं ने भारत के मन को इतना विशाल, सरोकारी और सर्वजनहिताय बनाया है। भारत परंपरा गुणधर्मी समाज रहा है जिसने विस्तार के बजाए गुणता पर जोर दिया है। मनुष्य निर्माण की एक पूरी यात्रा हमारे समाज की स्वविकसित प्रणाली है। जहां कर्म ही उसका धर्म है और प्राण है। इसी प्राण से उर्जा लेकर हमारे ऋषि राष्ट्र की 'सांस्कृतिक चिति' की निर्मिति करते रहे हैं। इस तरह हमारे सांस्कृतिक प्रवाह में कुंभ मेला केंद्रीय आध्यात्मिक भूमिका निभाता और हमारे होने व जीने में सहायक है। अपनी पहचानों की सजगता से लेकर मनुष्यता के गुणों की निर्मिति और विस्तार इसे उपयोगी बनाते हैं। ज्ञान परंपरा का संबल, धर्म की वास्तविक समझ और दान की महत्ता का विस्तार हमें मनुष्य बनने में मदद करते हैं। कुंभ इन्हीं सरोकारों से संपूर्ण होता है। जहां आत्मत्याग, भारतबोध, धर्म की धारणा को कल्पवास के माध्यम से जीवन में उतरता हुआ हम देख पाते हैं। यहां बड़ा, छोटा और ऊंचा आदमी अपने गुणों से होता है, अन्य कारणों से नहीं। समझ और विवेक के तल पर हमारा होना हमें सार्थक बनाना है।

युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं स्वामी विवेकानंद

उमा मेहता त्रिवेदी

राष्ट्रीय युवा दिवस भारत में हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। यह दिन युवाओं को प्रेरित करने और उन्हें देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार हेतु यह शुभ अवसर होता है खासकर युवाओं को स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं से परिचित कराने और उन्हें अपने जीवन में लागू करने के लिए प्रोत्साहित करने का अवसर प्रदान करता है। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को देश की सेवा करने और समाज के उत्थान के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया था। राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करता है। यह उन्हें अपने कौशल का विकास करने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। देश के विकास में युवाओं की भूमिका के महत्व को याद दिलाते हुए यह दिन देश के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। युवाओं को देश के भविष्य के निर्माता के रूप में देखा जाता है और उन्हें देश के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। देश समाज परिवार और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना चाहिए राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिनमें सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को इन मुद्दों के समाधान में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान दिया जाता है। राष्ट्रीय युवा दिवस भारत के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन उन्हें प्रेरित करता है, उन्हें सशक्त बनाता है और उन्हें देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1761 में 14 जनवरी के दिन ही भारत में मराठा शासकों और अहमदशाह दुर्रानी के बीच पानीपत का तीसरा युद्ध हुआ था 1809 में आज ही के दिन इंग्लैंड और स्पेन ने 'नेपोलियन बोनापार्ट' के खिलाफ गठबंधन किया था। 1867 में 14 जनवरी के दिन पेरू ने स्पेन के खिलाफजंग का ऐलान किया था।1912 में आज ही के दिन रेमंड पोंकारे फ्रांस के प्रधानमंत्री बने थे। 1918 में 14 दिन ही के दिन फ्रांस के पूर्व प्रधानमंत्री जोसेफ कैलाक्स को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 1950 में आज ही के दिन ईरान में मुहम्मद सईद ने सरकार का गठन किया था। 1966 में 14 जनवरी के दिन ही इंडोनेशिया ने राष्ट्रसंघ स्थित अपना मिशन बंद कर दिया था। 1969 में आज ही के दिन भारत के दक्षिणी राज्य मद्रास का नाम बदलकर तमिलनाडु किया गया था। 1974 में 14 जनवरी के दिन ही विश्व फुटबाल लीग की स्थापना की गई थी।1975 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को खत्म किया था। 1982 में 14 जनवरी के दिन ही इंदिरा गांधी ने 20सूत्रीय कार्यक्रम की घोषणा की थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मौसम आशिक़ाना

मौसम आशिक़ाना सा है चारों तरफ धुंध की चादर फैली है हवाओं में सरगोशियां सी हैं आसमान सफ़ेद काँस के फूल सा चहुंओर खिला है सड़कें वीरान सी खोजती राहगीर हैं हुस्न पहाड़ का खोजता वैराग्य है प्रकृति का तिलिस्म सम्मोहन सा सफ़ेद;स्वच्छ तथा उज्वल आच्छादित इशारा करती है चलो निकले कुछ पल प्रकृति की सुनहरी गोद में स्वयं की खोज है ये पूस माह! - **डॉ.मधुबाला मौर्या**

जिया बेचैन है

जिया बेचैन है दिल बेपनाह घबरा रहा है उदासी का कुहासा जिस्मो रूह पर छा रहा है निगाहो से मुसलसल दर्द का बहता है दरिया तू मेरे इश्क की जद से निकलता जा रहा है

-पूजा बंसल

ख़ास पाती

फँस न जाना देह के ही प्यार में

फँस न जाना देह के ही प्यार में। डूबना मत हे! युवा संसार में।। जिंदगी को हर्ष से भरना सदा। मुस्कुराना मौत के भी द्वार में।। कौन है जो रोक पाया है कभी। चल पड़ो तुम धूप में, अंगार में।। जीत में मत पालना तुम दंभ को। और मत भयभीत होना हार में।। इस जगत में तुम बहुत अनमोल हो। बिक न जाना यों किसी बाजार में।। है अमानत वक्त, दौलत, जिंदगी। कुछ नहीं अपने यहाँ अधिकार में।। - **दिनेश रोहित चतुर्वेदी**

चाह थी के एक दुनिया हो हमारी

चाह थी के एक दुनिया हो हमारी मिट गयी लेकिन ये भी खूवाहिश तो सारी बेवफ़ा था इश्क़ के वो नाम पर बस दे गया है तोहफे में बेकरारी रूह का रिश्ता समझते थे मगर हम जिस्म की थी वो फ़क़त इक रेज़गारी इश्क़ का तो क़त्ल उसने कर दिया है और मुहब्बत घूमती है मारी मारी कह दिया बस आपने जो एक सच को 'मित्र' दुश्मन हो गयी है दुनिया सारी - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

फूलों की कलियाँ यहाँ, इक दिन की

फूलों की कलियाँ यहाँ, इक दिन की मेहमान। कल फिर बदली जाएंगी, सोच रहा गुलदान ।। भौतिक सुख की चाह में, कर बैठे नुकसान । दुख सहकर करते रहे, खुशियों का भुगतान।। पूरा जो होगा नहीं, पाला वो अरमान । रोएगा फिर बैठ कर, ऐ दिल तू नादान ।। घर में आएं आपके, बनकर जो मेहमान। यह तो संभव ही नहीं, सारे हों भगवान।। कितना मुश्किल काम हो, धरें हृदय में ध्यान । किया गया अभ्यास तो, हुआ वही आसान ।। खुद की दीजे खोपड़ी, जाकर के श्रीमान। मूक जीव को कर दिया, क्यों नाहक कुर्बान ।। - **पुष्प सैनी 'पुष्प'**

हँसमुख हँसमुख, देखता है कौन

हँसमुख हँसमुख, देखता है कौन दुख, मुस्कान मुकुल प्रिये हर लेती पीर है । चमक दमक देख, छिप जाती हर रेख, पूछता है कौन हाल, होते जो अधीर है। परिभाषा प्रेम जान, सुख दुख धूप छाँव, कौन देगा तुझे ठाँव, व्यर्थ जाता नीर है। हृदय स्पंदन सुन, गाता रह प्रेम धुन, जीवित यही है गुण, मिटता शरीर है। - **सुमन ओमानिया**

अपनी प्यारी भाषा हिंदी जन जन की

अपनी प्यारी भाषा हिंदी। जन जन की अभिलाषा हिंदी। और अधिक क्या करूँ प्रशंसा, जीवन की परिभाषा हिंदी।।1।। जीवन का हर मर्म बताती। अर्णव से यह रत्न लुटाती। संस्कृति से जुड़कर रहने का, सबको अनुपम मंत्र सिखाती।।2।। गाँव शहर का मेल कराती। भेदभाव को दूर भगाती। सबको लेकर चलती सँग में, समरसता का भाव जगाती।।3।। हिंदी है भारत की थाती। सकल धरा गुण इसके गाती। हिंदी का प्रयोग करने में, फिर क्यों हमको लज्जा आती।।4 आओ हम हिंदी अपनाएँ। राष्ट्र भक्ति का अलख जगाएँ। स्वर देकर भारत माता को, जग में नव पहचान बनाएँ।।5।। - **डॉ. बिपिन पाण्डेय**

अपनी प्यारी भाषा हिंदी। जन जन की

कई खूवाब हैं उनके बरक्स कई हक़ीक़तें हैं ज़िन्दगी एक राहत है तो जीने में भी कई मुसीबतें हैं हम ही सूरत हैं और हम ही हमारे आईने हैं अंदाज़ हमारे हैं और हम ही वक्ती रवायतें हैं चलो चिराग एक जलायें रक्खें हम इस अँधेरे में सुनने को वेद मंत्र हैं तो हम ही कुरआन की आयतें हैं - **रामकिशोर उपाध्याय**

QUIZ TIME

1) माउस के कर्सर की गति को घटाने एवं बढ़ाने के लिए कौन-सा ऑप्शन का प्रयोग किया जाता है?

2) केंद्र शासित प्रदेश अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर किस द्वीप पर स्थित है?

3) जलियांवाला बाग हत्याकांड में जनरल डायर का सहयोग करने वाले भारतीय कौन थे?

4) भारतीय संविधान के 21वां संशोधन के आठवीं अनुसूची में किस भाषा को जोड़ा गया?

5) संस्कृति मंत्रालय ने किसे 2021 के गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कर्सर स्पीड (2) दक्षिण अंडमान (3) हंसराज (4) सिंधी (5) गीता प्रेस, गोरखपुर

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:09, सूर्यास्त : 18:01, चन्द्रोदयः 17:25, चन्द्रास्त : 31:28, अयन : उत्तरायण, ऋतुः ?? शिशिर, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सरः (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : पुनर्वसु, योग : विश्कुम्भ, प्रथम करण : विष्टि भद्रा (16:26 तक), द्वितीय करण : बव (27:56+ तक)

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : धनु, चंद्र : मिथुन, मंगल : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:14 से 12:57, रवि योग 07:10 से 10:38, विजय मुहूर्त : 14:24 से 15:08, गोधूलि मुहूर्त : 17:59 से 18:25, सायाह्न सन्ध्या : 18:01 से 19:20, निशिता मुहूर्त : 24:09+ से 25:02+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:25+ से 30:18+, राहुकाल : 15:00 से 16:30, गुलिक काल : 13:57 से 15:18, यमगण्ड : 11:14 से 12:36, दुर्मुहूर्त : 12:57 से 13:41, वर्ज्य : 22:27 से 24:02+, भद्रा : 07:10 से 16:26, राहुवास : उत्तर-पश्चिम।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखना होगा।

वृष : आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों में सफलता मिलेगी।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपको बिजनेस में किसी को पार्टनर बनना अच्छा रहेगा।

कर्क : आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका मनोबल ऊंचा रहेगा। माताजी की सेवा के लिए आप कुछ समय निकालेंगे।

सिंह: आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपके ऊपर काम का बौझ अधिक रहेगा। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे।

कन्या : आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्सो को बढ़ाने वाला रहेगा।

तुला : आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर धैर्य दिखाएं।

धनु : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। भाई बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपका आत्मविश्वास पहले से बेहतर रहेगा।

मकर : आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है।

मीन : आज का दिन आपके लिए सेहत पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप परिवार में सदस्यों की बातों को नजरअंदाज करने से बचना होगा

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, जनक, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाला 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 295 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		यों			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ की महिला टीम सीनियर बीच राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप के सेमीफइनल में

रायपुर/नवप्रदेश। असम हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में सीनियर बीच राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का आयोजन सरुसजई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गुवाहाटी, असम में दिनांक 10 जनवरी से 13 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसके लिये छत्तीसगढ़ राज्य की 12 सदस्यीय (10 महिला खिलाड़ी, 01 प्रशिक्षक एवं 01 प्रबंधक) बीच महिला हैंडबाल टीम भाग ले रही है। आज दिनांक 12 जनवरी 2025 को रात्रि 9:30 बजे खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ का मुकाबला जम्मू एंड कश्मीर के मध्य खेला गया जिसमे छत्तीसगढ़ ने जम्मू एंड कश्मीर को प्रथम सेट में 13-09 गोलों से तथा दूसरे सेट में 19-6 गोलों से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल मैचेस की समाप्ति के पश्चात् सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ के साथ खेलने वाली टीम की जानकारी प्राप्त होगी। सेमीफाइनल मैचेस कल दिनांक 13 जनवरी को खेले जायेंगे।

प्रगतिशील यादव महासंघ के नववर्ष कैलेंडर विमोचित

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष में आज, रविवार 12 जनवरी 2025 को छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ के नववर्ष कैलेंडर का विमोचन श्री राम मणि यादव जी, डिप्टी डायरेक्टर , नगरीय प्रशासन विभाग के कर कमलों द्वारा कबीर नगर संस्कृतिक भवन में संपन्न हुआ।

महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के सूत्र वाक्य... उठो, जागो और तब तक ना रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए की व्याख्या करते हुए श्री (डॉक्टर) नरसिंह प्रसाद यादव, प्राचार्य जालान उत्कृष्ट महाविद्यालय ने यादव यूथ को अपना शैक्षणिक स्तर सुधारने, उस पर सतत क्रियाशील रहने और टारगेट को क्रैक करने का संकल्प दिलवाया ।।

पत्नी ने उज़्बेकिस्तान वेबस्टर यूनिवर्सिटी की अध्यापिका के साथ पति को रंगे हाथों पकड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में पत्नी ने पति को प्राध्यापिका के साथ रंगे हाथों पकड़ा। जमकर हंगामे के बीच मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज की है। और महिला ने तलाक का केस भी फाइल के दिया है।

मामले में पीड़िता ने अपने पति अवंती विहार, आकाश नगर निवासी गुरिंदर बीर सिंह के खिलाफ तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसमें बताया कि उनके पति और ग्रीन लैंड सोसाइटी में महिला संचारी नियोगी के साथ मौजूद थे। रात में करीब 1:30 बजे उन्हे रंगे हाथों पकड़ा। इस बीच संचारी के पति भी मौजूद थे। मामले की शिकायत तेलीबांधा थाने में की गई है। पीड़ित महिला ने बताया कि महिला संचारी उज़्बेकिस्तान वेबस्टर यूनिवर्सिटी में अध्यापिका है। उनके पति और महिला का प्रेम प्रसंग लंबे समय से चल रहा है। साथ ही उन्हें भरण पोषण भी पति के द्वारा नहीं दिया जाता है। पति के द्वारा गलत हरकत और लगातार झगड़े की वजह से उनके और चार वर्षीय बेटी के मानसिक स्थिति पर भी बुरा असर पड़ रहा।

चाणक्य स्मृति दिवस पर व्याख्यान एवं धार्मिक प्रश्नोत्तरी

शासक बनाने वाला ब्राह्मण कहलाता है चाणक्य:विश्व में ब्राह्मण समाज के लोग कर रहे प्रगति

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं कार्यक्रम संयोजक अभिषेक त्रिपाठी ने बताया की चाणक्य स्मृति दिवस पर व्याख्यान एवं समाज को धर्मग्रन्थों की ओर अग्रसर करने, गौरवशाली महान संस्कृति और सनातन धर्म का बोध कराने वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. द्वारा 11 जनवरी, 2023 शनिवार को वृंदावन हॉल, सिविल लाइन, रायपुर में शाम 4 से 8 बजे तक व्याख्यान व धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया.

इस कार्यक्रम के सम्मानित अतिथिगण आचार्य डॉ इन्दुभावानंद , छत्तीसगढ़ प्रमुख शंकराचार्य आश्रम, रायपुर, डॉ हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक, आईएनएच, हरिभूमि, रायपुर, प्रमोद दुबे जी, पूर्व महापौर एवं सभापति न.पा.नि. रायपुर, डॉ सुधीर शर्मा जी, व्याख्याता एवं वरिष्ठ साहित्यकार, रायपुर एवं अजय आर्या जी, व्याख्याता, वैदिक विद्वान एवं लेखक, दुर्ग थे. आदरणीय अतिथियों के द्वारा दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. अनिता राव ने गणेश वंदना एवं बबीता मिश्रा ने ओम जय जगदीश आरती प्रस्तुत किया.

अतिथि वक्ता डॉ सुधीर शर्मा ने कहा कि विश्व के कोने-कोने में आज भी ब्राह्मण समाज के लोग प्रगति कर रहे हैं. ब्राह्मण के पास ज्ञान और अभिमान दो ही धन है. हम धन और वैभव में भले ही पिछड़े हो किंतु हमारा स्वाभिमान कभी काम नहीं होता. डॉ हिमांशु द्विवेदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चाणक्य बनने के लिए तपस्या करनी पड़ती है, त्याग करना पड़ता है. चाणक्य की नीतियों को पढ़कर आज तक कोई व्यक्ति चाणक्य नहीं बना. चाणक्य नीति का अर्थ सकारात्मक भी है और नकारात्मक भी है, किंतु मैं समझता हूं कि ब्राह्मण का स्वरूप कैसा होना चाहिए यह आचार्य चाणक्य के जीवन में दिखाई देता है. जब नंद वंश के राजा उनका अपमान करते हैं तो वह उसके खिलाफ खड़े होकर के नंद वंश को समाप्त करने की चुनौती स्वीकार कर लेते हैं.

छेरछेरा दान में सरकार शिक्षकों को नौकरी में करें बहाल

बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को सरकार ने किया बर्खास्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2023 में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा चार मई 2023 को विज्ञापित पदों के अनुसार बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए आवेदन लेने की सूचना दी गई थी जिसके तहत 2897 शिक्षकों की भर्ती विधिक तरीके से की गई थी। सीधी भर्ती के तहत छत्तीसगढ़ राज्य भर्ती नियम 2019 के तहत तत्कालीन राज्यपाल के अनुमोदित गजट के अनुसार भर्ती की गई।

चयन प्रक्रिया के माध्यम से 3 हजार शिक्षकों में से 71प्रतिशत एसटीएससी समुदाय से शिक्षकों की भर्ती की गई। अचानक वर्तमान राज्य सरकार द्वारा बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को नियमों का पालन न कर बर्खास्त कर दिया गया जिसके लिए हाईकोर्ट में रिट क्रमांक 35 41/2023 में अवमानना प्रकरण 970/2024 के परिणामस्वरूप शिक्षकों की सेवाएं 30 दिसंबर से समाप्त करने की प्रक्रिया चालू हुई जिसके चलते शिक्षकों के 3 हजार परिवार सड़क पर आ गये है। उक्त मामले को लेकर प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष संकल्प वर्मा छग बचाव आंदोलन के अध्यक्ष आलोक शुक्ला छग किसान सभा के अध्यक्ष संजय पराते एवं छग मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता कलादास डहरिया ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि बर्खास्तगी की समाप्ति को लेकर बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक तूता धरनास्थल में विगत चार जनवरी से अनशन पर बैठे हैं।

ठिठुरती ठंड के चलते अब तक 14 शिक्षकाएं अस्पतालों में भर्ती की गई है। सरकार का यह निर्णय वार्ताकारों के अनुसार गलत है बिना सोचे समझे लिये गये इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में अध्ययनरत एक लाख से अधिक बच्चे प्रभावित हुए है। सुदूर आदिवासी अंचलों में सेवा दे रहे शिक्षकों से ज्ञान अर्जित कर कई विद्यार्थी नवोदय विद्यालय में भी चयनित हुए है। आलोक शुक्ला के अनुसार जब तक शिक्षकों की नौकरी बहाल नहीं होती हम अपना समर्थन शिक्षक संघ को देते रहेंगे। संजय पराते के अनुसार उक्त निर्णय अमानवीय है सरकार को तत्काल संज्ञान में लेकर वार्ता के माध्यम से बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संघ के साथ बैठक कर न्यायायिक रास्ता निकालना चाहिए। कलादास डहरिया के अनुसार वर्तमान समय में प्रदेश में शिक्षकों के 24 हजार पद रिक्त है वहां पर भी उक्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को समायोजित किया जा सकता है। चुंकि उक्त विभाग अभी मुख्यमंत्री के अधीन है तो वार्ताकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उक्त मामले में त्वरित निर्णय की अपेक्षा करते हुए समस्त बीएड सहायक शिक्षकों की सेवाएं छेरछेरा पुन्नी दान के अवसर पर बहाल करने की मांग करते हैं।

तीन हजार परिवार प्रभावित -संकल्प वर्मा

चयन प्रक्रिया के माध्यम से 3 हजार शिक्षकों में से 71 प्रतिशत एसटीएससी समुदाय से शिक्षकों की भर्ती की गई। अचानक वर्तमान राज्य सरकार द्वारा बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को नियमों का पालन न कर बर्खास्त कर दिया गया जिसके लिए हाईकोर्ट में रिट क्रमांक 35 41/2023 में अवमानना प्रकरण 970/2024 के परिणामस्वरूप शिक्षकों की सेवाएं 30 दिसंबर से समाप्त करने की प्रक्रिया चालू हुई जिसके चलते शिक्षकों के 3 हजार पविार सड़क पर आ गये है। उक्त मामले को लेकर प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष संकल्प वर्मा छग बचाव आंदोलन के अध्यक्ष आलोक शुक्ला छग किसान सभा के अध्यक्ष संजय पराते एवं छग मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता कलादास डहरिया ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि बर्खास्तगी की समाप्ति को लेकर बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक तूता धरनास्थल में विगत चार जनवरी से अनशन पर बैठे हैं।

मकर संक्रांति पर होगी भव्य खारुन गंगा महाआरती एवं भजन संध्या

रायपुर/नवप्रदेश। बनारस व प्रयागराज की तर्ज पर खारून गंगा महाआरती का आयोजन राजधानी रायपुर के महादेवघाट तट पर लगातार होते आ रहा है, पर्व विशेष पर इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इस बार 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन भव्य महाआरती का आयोजन किया गया है। माघ मास की शुरुआत और शाही स्नान का प्रथम दिवस भी इसी दिन है।

खारुन गंगा महाआरती के संस्थापक एवं करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर एवं खारुन गंगा महाआरती प्रमुख आचार्य धीरज शास्त्री ने बताया कि वैसे तो हर पूर्णिमा पर यह आरती होती है पर इस बार महापर्व के रूप में मकर संक्रांति को यह बड़े ही भव्य स्वरूप में किया जा रहा है। 11 विद्वतजन ब्राम्हणों के द्वारा महाआरती विधि विधान से होगी इसमें अन्य लोग भी सहभागी बनेंगे। पश्चात धार्मिक भजन संध्या में लल्लू भैया की भजन संध्या होगी। पूरे आयोजन को भव्य रूप देने ऋषभ सिंह ठाकुर, सूर्या वर्मा, कायम सिंह, सुनील सिंह (बबलू), पप्पू सिंह, अखिलेश सिंह, प्रभात सिंह, प्रिया सिंह व पूरी टीम लगी हुई है।

मकर संक्रांति को यह बड़े ही भव्य स्वरूप में किया जा रहा

खारुन गंगा महाआरती के संस्थापक एवं करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर एवं खारुन गंगा महाआरती प्रमुख आचार्य धीरज शास्त्री ने बताया कि वैसे तो हर पूर्णिमा पर यह आरती होती है पर इस बार महापर्व के रूप में मकर संक्रांति को यह बड़े ही भव्य स्वरूप में किया जा रहा है।

पर्यावरण एवं योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए...

नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के हाथों छत्तीसगढ़ आईकॉन आदित्य राजे सिंह सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के 11 वर्षीय पर्यावरण मित्र एवं बाल योग गुरु डॉ. आदित्य राजे सिंह प्राइड आफ सेंट्रल इंडिया अवार्ड से सम्मानित किए गए । नई दिल्ली के होटल हयात रीजेंसी मे यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया । आदित्य राजे सिंह को यह सम्मान भारत सरकार के केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के हाथों दिया गया । आदित्य राजे प्राइड ऑफ़ सेंट्रल इंडिया अवार्ड पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति रहे द्य राष्ट्रीय पटल पर उन्होंने बहुतों बार छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है । यह राष्ट्रीय सम्मान उन्हें पर्यावरण एवं योग के क्षेत्र में उनके द्वारा महज 5 वर्ष की आयु से किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रदान की गई आदित्य राजे इतनी छोटी उम्र से देश के अन्य राज्यों में भी अपनी पर्यावरण जागरण भारत यात्रा की शुरुआत कर चुके हैं । आदित्य राजे सिंह ने 10 वर्ष की उम्र में पीएचडी की मानक उपाधि हासिल कर गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर चुके हैं । पर्यावरण जन जागरूकता अभियान के साथ ही वह सरकारी स्कूलों, धार्मिक स्थानों, सामाजिक संस्थाओं में योगा भी सिखाते हैं। वह आज आने वाली पीढ़ी के लिए एक आइकॉन हैं द्य आदित्य राजे के दादा के.पी सिंह, पिता अखिलेश सिंह मां नम्रता सिंह तथा बड़ी बहन आस्था एवं उनके स्कूल के शिक्षकों ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी जताई और कहा कि यह हमारे पूरे परिवार, समाज ,मित्रों, स्कूल एवं छत्तीसगढ़ के लिए लिए बहुत ही गौरवान्वित पल है ।

रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश ठाकुर आज करेंगे पदभार ग्रहण

- **भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल व चारों विधायक शामिल होंगे पदभार ग्रहण में**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर के नए जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर कल 14 जनवरी को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में दोपहर 2 बजे पदभार ग्रहण करेंगे। उत्साहित कार्यकर्ताओं के साथ नए जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर को पदभार ग्रहण कराएंगे। भाजपा संगठन चुनाव प्रणाली के अनुसार बूथ अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष के निर्वाचन के पश्चात जिला अध्यक्ष का चयन हुआ है

पदभार ग्रहण कार्यक्रम में समस्त कार्यकर्ताओं को आमंत्रित करते हुए नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कार्यकर्ता भाजपा संगठन की ताकत है ।

भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने पदभार ग्रहण कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर सभांग प्रभारी सौरभ सिंह, जिला प्रभारी खूबचंद पारख, विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता, दीपक म्हस्के, अमित साहू, नलिनीश ठोकने, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, पूर्व विधायक श्रीचंद सुन्दरानी, नंदे साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, छगनलाल मूंदड़ा, राजीव कुमार अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं शामिल होंगे

'राधाक्का' के एकल अभिनय में माधुरी ने बटोरीं तालियां

शिल्पा ने किया शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का जीवंत वर्णन

रायपुर/नवप्रदेश। बृहन्महाराष्ट्र मंडल के 37वें राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए बुरहानपुर से निकलीं व ट्रेन से रायपुर आ रहीं माधुरी नंदन कुलकर्णी दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। उनके बायें हाथ पर प्लास्टर चढ़ाया गया। इसके बावजूद अधिवेशन के प्रत्येक सत्र में उनकी भागीदारी प्रशंसनीय रही। माधुरी ने महिला सत्र के सांस्कृतिक भाग में 'राधाएक्का' के पात्र को लेकर जबरदस्त एकल अभियान किया। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आठ मिनट के मोनोलॉग के बाद देर तक तालियां बजती रहीं।

इससे पहले माधुरी ने परिसंवाद 'आधुनिक युग की प्रतिस्पर्धा और हाथ से जाते बच्चे' विषय पर दिलचस्प तथ्यों के साथ अपने विचार रखे। वहीं मराठी साहित्य सम्मेलन में उनकी पढ़ी कविता ने भी श्रोताओं पर खासा प्रभाव डाला। भोपाल के वृंदा ग्रुप के सदस्यों ने समान सफेद सलवार- कुर्ती, भगवा कमरपट्टा व पगड़ी पहनकर प्रस्तावना के साथ 'भारूड' की बेहतरीन प्रस्तुति दी। ग्रुप में शोभा परांजपे, स्वाति पाठकर श्वेता केंदूलकर और समिता नागरीकर का तालमेल गजब का रहा। विद्या गोवर्धन ने भी छह मिनट के मोनो प्ले में लोगों को हंसाया। शिल्पा टोपे ने 'रायगढ़' का पूरी जीवंतता के साथ अभिवाचन किया। इसमें क्षत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक समारोह का खूबसूरत वर्णन है।

महिला सत्र के सांस्कृतिक कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शताब्दी पांडे ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि देशभर के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का यह एक बढ़िया मंच है और यह आयोजन प्रशंसनीय भी है। इससे पहले उनका परिचय मानसी गोवर्धन ने पढ़ा। गोवा से अधिवेशन में शामिल होने वाली चित्रा क्षीरसागर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर और ग्रीन संरक्षरम पीपल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में

खल्लारी मंदिर में दो दिवसीय स्वच्छता अभियान में जोरशोर से दिया योगदान

रायपुर/नवप्रदेश। रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर और ग्रीन संरक्षरम पीपल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 11-12 जनवरी 2025 को खल्लारी माता मंदिर और उसके आसपास के पहाड़ों पर आयोजित दो दिवसीय सफाई और जागरूकता अभियान का समापन सफलता के साथ हुआ। इस अभियान में 60 से अधिक स्वयंसेवकों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दी और श्रमदान करते हुए लगभग 550 कचरा बैग एकत्रित किए।

यह सफाई अभियान न केवल मंदिर परिसर की स्वच्छता को बढ़ावा देने का प्रयास था, बल्कि इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का उद्देश्य भी पूरा किया गया। साथ ही रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर ग्रेटर द्वारा 12 जनवरी 2025 को मंदिर परिसर स्थित मंगल भवन में सीता मेमोरियल डेंटल क्लिनिक एवं एम.जी.एम हॉस्पिटल के साथ मिल कर निःशुल्क दंत चिकित्सा व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर के अध्यक्ष डॉ पंकज चोपड़ा ने इस अभियान को करने का उद्देश्य बताते हुए रोटरी के किए गए सामाजिक कार्यो को बताया और युवाओ से ऐसे अभियानों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू ने अभियान करने के लिए दोनों संस्थाओं का आभार व्यक्त किया साथ ही रोटरी क्लब ऑफ़रायपुर ग्रेटर से खल्लारी में और अधिक कार्यो की उम्मीद जाहिर की।

खल्लारी माता मंदिर समिति ने इस सराहनीय पहल के लिए रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर और ग्रीन संरक्षरम पीपल फाउंडेशन का हार्दिक स्वागत किया और उनके प्रति आभार प्रकट किया। समिति ने इस प्रकार के आयोजनों को मंदिर परिसर के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर द्वारा मंदिर समिति को 1 वॉटर कूलर, डस्टबीन एवं अन्य जरूरत की सामग्री प्रदान की गई।

नपा अध्यक्ष के लिए ऑनलाइन सर्वे में कांग्रेस के आनंद चौरसिया सबसे आगे, भाजपा के अरुण दूसरे नंबर पर ...

कांग्रेस पार्टी का युवा आनंद को कमजोर आंकना पड़ सकता है महंगा ...

■ **कांग्रेस के सबसे प्रबल दावेदार जितेंद्र ठाकुर जनता की पसंद में 6वें नंबर पर**

कांकेर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष सामान्य मुक्त होने के बाद से ही कांकेर नगर पालिका में घमासान मचा हुआ है।कांकेर नगर पालिका में अध्यक्ष के बनने का खूवाब लिए दर्जन भर दावेदार अपनी अपनी जमीन तलाशने जोड़तोड़ में जुटे हुए हैं।इधर कांकेर नगर पालिका अध्यक्ष के लिए ऑनलाइन अध्यक्ष प्रत्याशियों की सूची में सबसे अव्वल कांकेर नगर पालिका परिषद के राजापारा के युवा पार्षद आनंद चौरसिया अव्वल नंबर पर चल रहे है। वही दूसरे नंबर पर पूर्व नपा अध्यक्ष प्रत्याशी रहे भाजपा के अरुण कौशिक दूसरे नंबर पर चल रहे है।कांकेर में सामान्य मुक्त नगर पालिका अध्यक्ष में कांग्रेस के सबसे मजबूत दावेदार मान रहे पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर को कांकेर की जनता ने छठवें नंबर पर वोटिंग कर अपना गुस्सा जाहिए कर दिया है।

पुराने चेहरे पर दांव से कांग्रेस खो सकती है नपा की सीट

बता दें कि वर्ष 2020में कांग्रेस की टिकट पर पहली बार चुनाव लड़कर पार्षद बने आनंद चौरसिया महज पांच साल में अपनी विशेष योजनाओं और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का घर बैठे जनता जनार्दन को लाभ पहुंचकर प्रसिद्धि पाने वाले पार्षद की चमक राजापारा से लेकर नगर पालिका के अन्य वार्डो में पहुंच गई।लोगों ने युवा पार्षद आनंद चौरसिया के कामकाज को लेकर बेहद प्रभावित होते हुए अगला नपा अध्यक्ष के नेतृत्व करने की मांग उठने लगी।हालांकि कांग्रेस पार्टी इस युवा पार्षद को टिकट नहीं देगी। लेकिन शहर की सच्चाई और जनता का अटूट विश्वाश युवा आनंद चौरसिया की दावेदारी को कमजोर आंकना बेहद मुश्किल होगा।

कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में शामिल चौरसिया परिवार

राजापारा वार्ड में चौरसिया परिवार कांग्रेस के कद्दावर नेताओं माना जाता है। शुरू से यह परिवार कांग्रेस के खिलाफ नहीं गया है। लोकसभा विधानसभा चुनावों में राजापारा वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी को लीड मिलती रही है। इतना ही नहीं इस परिवार से राजापारा वार्ड से चार बार पार्षद निर्वाचित होकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया है। विकट स्थिति परिस्थितियों के बीच भी कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया है।

चौरसिया परिवार कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित परिवार

बता दें कि युवा आनंद चौरसिया के पहले उनके बड़े भाई राजेश चौरसिया राजापारा वार्ड से तीन बार के कांग्रेस पार्षद रह चुके हैं। इतना ही नहीं महिला होने के बाद उनकी भाभी कांग्रेस की टिकट पर पार्षद रह चुकी है।कांग्रेस पार्टी से अटूट विश्वाश इनकी पहचान बनी हुई है।इसके अलावा तत्कालीन कांग्रेस सरकार भी युवा आनंद चौरसिया के कई योजनाओं से अभिभूत होकर उनकी योजनाओं की सराहना खुद तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कर चुके है। इतना ही नहीं राजापारा वार्ड में बीते पांच सालों में जो विकास कार्य हुआ है वह कांकेर नगर पालिका के 21 वार्डो में शायद ही हुआ हो राजापारा की जनता अपने लोकप्रिय पार्षद आनंद चौरसिया को अध्यक्ष बनाने दृढ़संकल्पित है।

राजापारा वार्ड में चौरसिया परिवार कांग्रेस के कद्दावर नेताओं माना जाता है। शुरू से यह परिवार कांग्रेस के खिलाफ नहीं गया है। लोकसभा विधानसभा चुनावों में राजापारा वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी को लीड मिलती रही है। इतना ही नहीं इस परिवार से राजापारा वार्ड से चार बार पार्षद निर्वाचित होकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया है। विकट स्थिति परिस्थितियों के बीच भी कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया है।

सर्वधर्म को लेकर विकास की गति को बढ़ाना पहली प्राथमिकता : आनंद

इस बीच राजापारा वार्ड के युवा पार्षद आनंद चौरसिया ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व जो फैसला करेगा वो मान्य होगा। अगर पार्टी मुझे उम्मीदवार बनाती है तो मेरा सर्वधर्म के विकास को लेकर कांकेर शहर का कायाकल्प किया जाएगा। सभी समाज को मूलभूत सुविधा दिलाने की पूरी कोशिश होगी। हमारी टीम शहर के विकास के लिए सदैव खड़ी

■ न्यूज गैलरी

दुर्गूकोंदल के अंतिम गांव रसोली का जिला सीईओ ने किया निरीक्षण ग्रामीणों से हुए रुबरु

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के विकासखण्ड दुर्गूकोंदल के अंतिम ग्राम रसोली का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मण्डावी ने शनिवार को दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोली ग्राम को जोड़ने वाली पुलिया नहीं होने पर जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ को पुलिया निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उक्त पुलिया के बन जाने से ग्राम रसोली, मेड़गांव में बारहमासी आवागमन बिना किसी परेशानी के होगी। ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ श्री मण्डावी को देव स्थल के पास शेड एवं आवागमन के लिए पक्की सड़क की मांग की, जिस पर उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए वहां उपस्थित सचिव को तत्काल प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान ग्राम रसोली के ग्राम पटेल ने बताया कि ग्राम पंचायत तराईघोटिया के गांव रसोली को देव स्थल के रूप में जाना जाता है, जहां आदिकाल से मोरकालदेव को पूजा जाता है। इस संबंध में सीईओ ने आवश्यक करने की बात ग्रामीणों से कही।

दो सौ रुपए मजदूरी दिए जाने की खबरों को पढ़कर सांसद पहुंचे इको डेवलपमेंट के कार्यो को देखने

अन्तागढ/नवप्रदेश। सांसद इको डेवलपमेंट के कार्यो की पडताल करने स्कूल बाउंड्री की गिरी हुई दीवाल पर खड़े होकर कहा वन विभाग ने भ्रष्टाचार की हदो को पार किया कार्यवाही के साथ एफआई आर होगी।

सांसद ने कहा कलेक्टर को लेकर आयेंगे और दिखायेंगे बीएसपी के द्वारा दिये गये पैसो का इको डेवलपमेंट के नाम पर बंदरबांट कैसे हुआ है सांसद के दौरे के दौरान वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी कहीं मौजूद नहीं थे सांसद के साथ तहसीलदार ने मौके पर इको डेवलपमेंट कार्यो की गुणवत्ता को देखा।

ज्ञात हो कि विगत कई दिनों से रावघाट परियोजना के अंतर्गत बीएसपी के द्वारा वन विभाग को इको डेवलपमेंट के कार्यो की खबरें प्रकाशित की जा रही थी इको डेवलपमेंट के नाम पर 189 कार्यो के लिए 11 करोड़ 1 लाख 20 हजार रुपये में से आतुरबेडा से हराईनार ,आतुरबेडा से घोटिया, घोटिया से गवाडी मुरमीकरण के नाम पर कुल 72 लाख रुपये दिये गए थे जिसमें 200 रूपये मजदूरी मजदूरों को दिया गया जिसकी शिकायत एसडीएम अन्तागढ़ एवं विधायक अन्तागढ से मजदूरों ने की थी जिसकी जांच अन्तागढ तहसीलदार कर रहे है । इको डेवलपमेंट कार्यो गुणवत्ता विहीन होने की खबरों को संज्ञान में लेकर सांसद भोजराज नाग पूरे दिन इको डेवलपमेंट कार्यो का वहां के ग्रामीणों के साथ घूम घूम कर निरीक्षण किया । तालाबेडा की ही दस लाख लागत की तीन मीटर की कम हाईट की पुलिया बगैर स्लैब के ठेकेदार का इंतजार कर रही है वही तालाबेडा मे ही 700 मीटर डब्लू बी एम सडक में गिट्टी गायब मुरूम भी कहीं कहीं नजर आ रही हैं वही कई लाखो रुपये के बैहासालेभाट, फुल्लपाड के इको डेवलपमेंट कार्यो का हाल है ।सांसद भोजराज ने इको डेवलपमेंट कार्यो की गुणवत्ता को देख कहा संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार की भी हदें पार कर दी है इनके भूत उतारने है बीएसपी के पैसे का बंदरबांट किया गया है चिठ्ठी लिखकर कार्यवाही करने कहा जायेगा साथ ही ऐसे ठेकेदारों और अधिकारी कर्मचारियों के उपर एफआई आर भी कराई जायेगी और जरूरत पडी तो कलेक्टर को भी लाकर दिखाया जायेगा । सांसद भोजराज नाग के इको डेवलपमेंट कार्यो के निरीक्षण के दौरान वन अमला गायब था सिर्फ अन्तागढ तहसीलदार वीरेन्द्र नेताम ग्राम के ग्रामीणों के साथ इको डेवलपमेंट कार्यो का मुआयना करते नजर आये।

आहाता बाउंड्रीवाल को देखा जो पांच लाख में गर्मी में बनाई गई थी और बरसात में गिर गई

सांसद भोजराज नाग मुरमीकरण कार्य हराईनार नहीं जा पाये आतुरबेडा में प्राथमिक शाला के अहाता बाउंड्रीवाल को देखा जो पांच लाख में गर्मी में बनाई गई थी और बरसात में गिर गई बाऊंड्रीवाल के कालम जमीन से नीचे एक बीते गहराई कर खड़े किये गए थे जिससे वो पूरी दीवाल का भार संभाल नही सके और दीवाल पहली ही बरसात में गिर गई बाऊंड्रीवाल के अलावा अन्य बाउंड्रीवाल का हाल भी वैसा ही है वो भी कभी भी गिर सकती है इसके अलावा आतुरबेडा मे 30 लाख के स्टाकडेम को भी देखा जिसमें दरारें साफ नजर आ रही हैं वही तालाबेडा के स्टाकडेम में बीच मे पानी रोकने के लिए लोहे की प्लेट लगाने का खांचा और दोनों तरफ बेस कांक्रीट किया ही नही गया।

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर हुए विविध कार्यक्रम

व्यसन मुक्ति रैली में शामिल होकर दिया स्कूली बच्चों ने नशा मुक्ति का संदेश

बीजापुर/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन तथा गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर के तत्वाधान में युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर गायत्री परिजनों ने विविध कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराया। प्रातः 8:00 बजे से सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चला कर परिजनों ने अपने आसपास के वातावरण तथा परिसर को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। जिसके तारतम्य में गायत्री शक्तिपीठ,शिव मंदिर,स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल के आसपास के परिसर में फैले कूड़े कचरा को साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता कार्यक्रम पश्चात बाल संस्कारशाला की कक्षा में उपस्थित नन्हे मुन्ने बच्चों एवं विभिन्न संस्थाओं से आए हुए स्कूली छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय को बताया गया युवाओं को आदर्श मार्ग पर चलने की प्रेरणा संबंधी उद्बोधन आचार्य देव साहू द्वारा दिया गया । संगीत प्रवचन पश्चात नशा मुक्ति रैली के माध्यम से गायत्री शक्तिपीठ से नया बस स्टैंड बीजापुर तक समाज कल्याण विभाग के समर्थ संस्था के स्कूली बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाएं,कन्या शिक्षा परिसर के भारत स्काउड एवं गाइड की छात्राएं, स्पोर्ट अकादमी,सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राएं एवं बाल संस्कारशाला के नन्हे मुन्ने बच्चे व गायत्री परिवार के परिजनों ने मिलकर नशा मुक्ति नारे लगाते हुए एवं गीत संगीत के माध्यम से नगर में रैली निकालकर युवाओं को जागृत करने तथा नशा से बचाने का प्रेरक पहल किया गया । रैली के दौरान बच्चों को पानी की व्यवस्था युवा व्यवसायी राजेश साहू के द्वारा किया गया एवं चॉकलेट की व्यवस्था अवधेश साहू ने किया । नया बस स्टैंड से होकर पामभोई पेट्रोल पंप से होते हुए गायत्री शक्तिपीठ में रैली का समापन हुआ।

स्मार्ट टीवी से आदिवासी बच्चे कर रहे नवोदय एकलव्य की तैयारी

कांकेर/नवप्रदेश। शासकीय कन्या प्राथमिक शाला सरोना के आदिवासी बच्चे स्मार्ट टीवी और इंटरनेट के जरिए देश भर के चुनिंदा एक्सपर्ट के साथ नवोदय एवं एकलव्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी पूरी लगन से कर रहे है। शाला के प्रतियोगी परीक्षा प्रभारी शिक्षक शेख इमरान उल्लाह ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले पांच माह से बच्चे नवोदय एकलव्य की तैयारी लगे है हमने इस बार इन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी मे कक्षा पांचवी के साथ कक्षा चौथी के बच्चो को भी शामिल किये है ताकि आने वाले वर्ष मे इन बच्चो को विषय-वस्तु एकदम नई और अंजानी न लगे शिक्षक इमरान सर ने आगे बताया की अपने एनरोइड मोबाइल से स्मार्ट टीवी को कनेक्ट कर विभिन्न एक्सपर्ट्स की क्लास बच्चो दिखाकर अवधारणाओ को सरलता से समझाने का प्रयास किया जाता है। प्रतिदिन बच्चे मध्यान भोजन के बाद नवोदय की तैयारी के लिए डिजिटल क्लास रूम मे उत्साह से पहुँच जाते है। बच्चे जहाँ आनलाइन मोड पर देश के विशेषज्ञों मिलते है वही ऑफलाइन मोड पर अपने प्रभारी शिक्षक से बिना झिझक शंका समाधान भी करते है, साप्ताहिक मोक टेस्ट के जरिए बच्चो को ओएमआर शीट भरने के साथ निर्धारित गोलो को काला करने का अभ्यास भी कराया जाता है सबसे महत्वपूर्ण बात की किस तरह परीक्षा हाल मे टाइम मेनेजमेंट करते हुए निर्धारित समय पर पूरे प्रश्नों को हल करना है बताया जाता है बच्चो के उत्साह को देखते हुए प्रधान पाठक सुरेश ठाकुर ने नवोदय मे सार्थक परिणाम आने की संभावना जताई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया स्वागत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के एक दिवसीय दंतेवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान सोमवार को बचेली आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ में वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप भी आए। इस मौके पर विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों और डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसपी गौरव राय, डीएफओ सागर जाधव तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया।

110जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, बाराती बन नाचे कर्मचारी

बीजापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित विवाह गरीब एवं मध्यम वर्ग परिवार के लिए एक सुखमय व अति उत्तम योजना है। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गरीब कन्या के माता-पिता के लिए डूबते को तिनके का सहारा है। इस योजना में समाज में व्याप्त रुढ़िवादी परंपरा जैसे कुप्रथा, दहेज प्रथा और बाल -विवाह जैसे रुढ़िवादी परंपरा से निजात मिलती है और विवाह में अनावश्यक भारी भरकम राशि व अनावश्यक क़र्ज़ के बोझ से निजात मिलती है। इस योजना में निःशुल्क होने के साथ ही शासन द्वारा

प्रत्येक जोड़े को 51/- हजार रुपए खर्च किए किया गया। जिसमें 35/- रुपए वधू को चेक द्वारा दिए 10/-रूपये में विवाह सामग्री में व 6/- रुपए विवाह आयोजन में खर्च किया गया।

जिले के तीन विकासखण्ड कुटरु -20 जोड़े, आवापल्ली -50 जोड़े जिसमें 44 आदिवासी समुदाय से व 6 जोड़ें ईसाई समुदाय से और भोपालपटनम में - 40 जोड़े जिसमें 33 जोड़े आदिवासी,5 हिन्दू और 2 जोड़े ईसाई समुदाय से थे। आदिवासी जोड़ों का पेरमा व आदिवासी समाज प्रमुख, हिन्दू जोड़े का पंडित और ईसाई का पास्टर द्वारा विवाह संपन्न हुआ।

भोपालपटनम में विवाह का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। बस्तर ही नहीं छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मद्देड़ बाजा पार्टी को बुलाया गया। शादी का रस्म एक पूर्व शुरू हुआ जिसमें हल्दी आदि की रस्म अदायगी किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में संगीत की धुन पर बाराती बनकर जमकर नृत्य कर इस आयोजन को चार- चांद लगा दिया। कार्यक्रम में द्वय अध्यक्षा नगर पंचायत - जनपद पंचायत - सुश्री रिंकी कोरम- निर्मला मरपल्ली, संतोष बोरे, पार्वती गौतम मंडल अध्यक्ष - राकेश केतारफ़जया चिड़ेम,रिंकू परस्ते वरिष्ठ नेता नीलम गनपत आदि मौजूद थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

महाकुंभ : प्रयागराज के संगम...

कर सका। संगम नोज, एरावत घाट और वीआईपी घाट समेत समस्त घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालु स्नान करते नजर आए। युवाओं में सनातन संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। संगम स्नान और दान-पुण्य में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम तट पर पूजा-अर्चना और दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है। डीआईजी और एसएसपी खुद चक्रमण कर रहे हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। आधी रात और सुबह तड़के से ही पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

पहले स्नान पर्व के दौरान इंद्रदेव ने भी अपनी कृपा बरसाई। एक दिन पहले रविवार को हुई हल्की बारिश के बाद ठंडी हवा और हल्की हवा के बीच श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान का आनंद लिया। संगम क्षेत्र में आस्था का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने सनातन संस्कृति और आस्था के प्रति गौरव की अनुभूति कराई।

जम्मू-कश्मीर भारत का ...

लगातार साथ मिल रहा है।

प्रधानमंत्री ने सोनमर्ग सुरंग को जम्मू-कश्मीर के लिये एक बड़ी सौगात बताते हुए कहा, आज मैं एक बड़ी सौगात लेकर आपके एक सेवक के रूप में आपके बीच आया हूं। कुछ दिन पहले मुझे जम्मू में आपके अपने रेल डिवीजन का शिलान्यास करने का अवसर मिला था। यह आपकी बहुत पुरानी मांग थी। आज मुझे सोनमर्ग सुरंग देश को और आपको सौंपने का मौका मिला है, यानी जम्मू-कश्मीर की, लद्दाख की एक और बहुत पुरानी मांग आज पूरी हुई है।

सुरंग का काम हमारी ही सरकार में पूरा हुआ

उन्होंने कहा कि सोनमर्ग सुरंग का वास्तविक निर्माण कार्य, उनकी सरकार ने 2015 में शुरू किया था और मुझे खुशी है कि इस सुरंग का काम हमारी ही सरकार में पूरा भी हुआ है। प्रधानमंत्री का सभा में स्वागत करते हुए, मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने राज्य में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए उनका और चुनाव आयोग का आभार जताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वायदा भी जल्द पूरा करेंगे।

श्री मोदी ने कहा कि इस टनल से सर्दियों के मौसम में सोनमर्ग की कनेक्टिविटी भी बनी रहेगी और इससे सोनमर्ग सहित पूरे इलाके में पर्यटन उद्योग को नए पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जम्मू-कश्मीर में रेल और सड़क सुविधाओं का और विस्तार होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, अब तो कश्मीर वादी रेल से भी जुडने़ वाली है। मैं देख रहा हूं कि इसको लेकर भी यहां जबरदस्त खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा, आज भारत, तरक्की की नयी बुलंदी की तरफ बढ़ चला है। हर देशवासी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटा है। यह तभी हो सकता है, जब हमारे देश का कोई भी हिस्सा, कोई भी परिवार तरक्की से पीछे न छूटे। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के सफर में, बहुत बड़ा योगदान, हमारे पर्यटन क्षेत्र का है। बेहतर संपर्क सुविधाओं के कारण, जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों तक भी पर्यटक पहुंचेंगे, जो अभी तक अनछुये हैं। उन्होंने कहा कि बीते 10 सालों में जम्मू-कश्मीर में अमन और तरक्की का जो माहौल बना है, उसका फायदा हम पहले ही पर्यटन क्षेत्र में देख रहे हैं। साल 2024 में दो करोड़ से अधिक पर्यटक जम्मू-कश्मीर आये हैं। यहां सोनमर्ग में भी 10 साल में छह गुना ज्यादा पर्यटक बढ़े हैं। इसका लाभ यहां की जनता को हुआ है।

आज का दिन बहुत ही खास

मोदी ने अपने भाषण के प्रारंभ में कहा, आज का दिन बहुत ही खास है। आज देश के हर कोने में उत्सव का माहौल है। आज से ही प्रयागराज में महाकुंभ आरंभ हो रहा है। करोड़ों लोग वहां पवित्र स्नान के लिए उमड़ रहे हैं। आज पंजाब सहित पूरा उत्तर भारत लोहड़ी की उमंग से भरा है। उन्होंने कहा, इसके लिये ही हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ पूरे समर्पण से दिन-रात काम कर रही है। बीते 10 साल में जम्मू-कश्मीर सहित पूरे देश के चार करोड़ से ज्यादा गरीबों को पक्के घर मिले। आने वाले समय में तीन करोड़ और नए घर गरीबों को मिलने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भी बीते 10 साल में एक से बढ़कर एक शिक्षण संस्थान बने हैं।

उमर अब्दुल्ला ने पीएम की ...

बहाल करने के अपने वादे को भी पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री ने इससे पहले मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं के साथ सुरंग का गंदेरबल जिले में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 6.4 किलोमीटर लंबी जेड-मोड़ (सोनमर्ग सुरंग) का उद्घाटन किया।

सुरंग परियोजना 2,700 करोड़ से अधिक की लागत

श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर जेड-मोड़ सुरंग परियोजना का निर्माण 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इसमें सोनमर्ग मुख्य सुरंग, एक निकास सुरंग और पहुंच मार्ग शामिल हैं। इस सुरंग के निर्माण से पर्यटक वर्ष भर सोनमर्ग आ सकेंगे। साथ ही शीतकालीन पर्यटन, साहसिक खेल और स्थानीय आजीविका को भी बढ़ावा मिलेगा। समुद्र तल से 8,650 फुट की ऊंचाई पर स्थित इस सुरंग से श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच हर मौसम में सड़क मार्ग से आना-जाना सुगम होगा और लेह पहुंचने में भी आसानी होगी।

रसूखदारों ने मुकेश की ...

बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने के बाद अस्थियों को एक घड़े में रखकर उसे मुक्तिधाम के ही पेड़ में डाल से बांध दिया था। सोमवार को जब परिजन अस्थियों को लेने के लिए पहुंचे तो देखा कि दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर की अस्थियों के साथ छेड़छाड़ की गई थी। निर्धारित स्थल से 50 मीटर दूर घड़े को तोड़कर अस्थियां जमीन में फेंक दी गईं। मुकेश की अस्थियों से भरे कलश को तोड़कर मैदान में बिखेर दिए जाने से परिजनों व पत्रकारों में विरोध शुरू हो गया।

राष्ट्रपति के लिए बिरन माला ...

दिल्ली जाने वाली जगतिन बाई ने बताया कि इस न्योते से वे बेहद खुश है। यह पहली बार है जब राष्ट्रपति ने उन्हें और उनके परिवार को इस विशेष अवसर पर आमंत्रित किया है। इस मौके पर जगतिन बाई राष्ट्रपति मुर्मू के साथ डिनर करेंगी और अपने गांव की विकास की बातें उनसे साझा करेंगी। जगतिन बाई ने कहा कि उनके पति मजदूरी का काम करके जीवनयापन करते हैं। राष्ट्रपति से मिलूंगी तो गांव में बोरिंग, आंगनवाड़ी, अस्पताल की मांग करूंगी। उन्होंने बताया कि बिजली मिलने से पहले बहुत दिक्कत थी, खाना बनाने में परेशानी होती थी, बिजली लगने से यह आसान हो गया है। उन्होंने पहले कभी हवाई जहाज और रेल में सफर नहीं किया है, यह पहली बार होगा जब वे हवाई जहाज से दिल्ली जाएंगी।

ओपी चौधरी ने नेताम से माई ...

शुभ माना जाता है। यह सूर्य के उत्तरायण की प्रथम पूर्णिमा है। अत : इसका विशेष महत्व माना गया है।

शाकंभरी माता का अवतार

शाकम्भरी माता देवी भगवती का अवतार है। ऐसा माना जाता है कि देवी भगवती ने पृथ्वी पर अकाल और गंभीर खाद्य संकट को कम करने के लिए शाकम्भरी मां का अवतार लिया था। इन्हें सब्जियों, फलों और हरी पत्तियों की देवी के रूप में भी जाना जाता है। शाकम्भरी नवरात्रि की पूर्णिमा का महत्व अत्याधिक है। इस दिन को पौष पूर्णिमा के नाम से देश के विभिन्न स्थानों पर मनाया जाता है। इस दिन लोग पवित्र नदी पर जाकर स्नान करते हैं। ऐसा करने से मां लक्ष्मी की कृपा हमेशा बनी रहती है। साथ ही व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

न्यूज गैलरी

विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2024-2025 के तहत टाउनषिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके तहत टाउनशिप में 13 से 18 जनवरी के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। जिसमें 13 जनवरी को जेएलएन हॉस्पिटल, 14 को सेक्टर-07 व 08 का आधा हिस्सा, 15 को सेक्टर-5 व इंदिरा प्लेस, 16 को सेक्टर-06 का एक तिहाई हिस्सा, सेक्टर-02 का आधा हिस्सा व सेक्टर-1, 17 को सेक्टर-07 का आधा हिस्सा, 32 बंगला तथा 18 को सेक्टर-06 का एक तिहाई हिस्सा। उपरोक्त क्षेत्रों में उल्लेखित दिनांकों को प्रातः 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती

दुर्ग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 24-25 हेतु जिले की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/जिला स्वास्थ्य समिति जिला दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री मनोज दानी ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से 25 जनवरी तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक स्वीकार किया जायेगा। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रारूप दुर्ग जिले की वेबसाईट में देखा सकते है।

विवेकानंद जयंती पर रैली

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परिसर से लेकर मालवीय चौक तक एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को विवेकानंद के योगदान, उनके अनुशासन और युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। विवेकानंद के विचार युवाओं को उनके लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन और समर्पण का मार्ग दिखाते हैं। आयोजन में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राकेश तिवारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी तरुण साहू, डॉ. कुंदन जांगड़े उपस्थित थे।

हितग्राहियों को विभिन्न सामग्रियों का हुआ वितरण, जिले के नवाचारी पहल को मुख्यमंत्री ने सराहा

दंतेवाड़ा जिले में होगा जू पार्क का निर्माण, सभी लेम्पस में जैविक खाद किए जाएंगे उपलब्ध

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला दंतेवाड़ा के लौह नगरी बचेली के स्थानीय हॉकी ग्राउंड मैदान में आज प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा जिले को 160 करोड़ से अधिक कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन की सौगात दी गई। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम लोगों को छेरछेरा पुन्नी एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि माई दंतेश्वरी की धरा पर भूमिपूजन एवं लोकार्पण सहित अन्य विकास कार्यों की घोषणा करना उनका सौभाग्य है। इसके तहत उन्होंने प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर हाई मास्ट संयंत्र स्थापना कार्य झिरका, कुम्हाररास, गुड़से, घोटपाल, पालनार, सोलर पॉवर प्लांट स्थापना एवं सोलर ड्यूल पंप संयंत्र कार्य हल्बारास, जिले के चारो विकासखण्ड-दन्तेवाड़ा-5 नग, गीदम-5 नग, कटेकल्याण-5 नग, एवं कुआकोण्डा में 5 नग ग्राम पंचायत हाईमास्क लाईट लगाने का कार्य आश्रम भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य, जिला दंतेवाड़ा के बुरगुम समेली मार्ग के किमी 3/6 पर मलगेर नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुँच मार्ग निर्माण कार्य, दंतेवाड़ा में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड निर्माण कार्य, जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य एवं नहर लाईनिंग कार्य, जनसुविधा हेतु पुलिया निर्माण कार्य, डोम शेड

निर्माण कार्य डुमापारा तुमकपाल, जनसुविधा हेतु सड़क निर्माण काय, वृद्धा आश्रम हारम में निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत झोड़ियाबाड़म में पैराबॉयलिंग एवं ड्राइंग यूनिट स्थापना कार्य, संकुल स्तरीय संगठन कक्ष निर्माण कार्य, मॉडल पंचायत भवन विस्तार कार्य, ग्राम पंचायत फुलपाढ़ जनपद पंचायत कुआकोण्डा में 57 हितग्राहियों को सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वृक्षारोपण कार्य, साप्ताहिक बाजार का नवीनीकरण एवं सौन्दर्गीकरण कार्य, नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य, जिला दंतेवाड़ा के नगरपालिका किरन्दुल क्षेत्रान्तर्गत जल आवर्धन योजनांतर्गत जल आवर्धन योजनान्तर्गत जलशोधन संयंत्र हेतु इंटेकवेन एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य, जिला दंतेवाड़ा के नगर पंचायत बारसूर क्षेत्रान्तर्गत जल आवर्धन योजनांतर्गत जल आवर्धन योजनान्तर्गत जलशोधन संयंत्र हेतु इंटेकवेन एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विकास कार्यो से जिले का स्वरूप बदलेगा। और विकास की यह प्रतिबद्धता जारी रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि विगत एक वर्ष में शासन द्वारा जो वादे किए गए थे उन्हें सफ्लतापूर्वक पूरा किया गया है। फ्रि चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो या फ्रि महतारी वदन योजना या फ्रि नियद नेल्लानार योजना का क्रियान्वयन हो, सुरक्षा के क्षेत्र में हमें माओवादी विरोधी अभियान में कामयाबी मिल रही है। इसके साथ ही उन्होंने 2026 तक माओवाद को खत्म करने का केन्द्र और राज्य सरकार के संकल्प को भी दोहराया है। इसके अलावा नियद नेल्लानार योजना के संबंध में कहा कि इसके अन्तर्गत 100 से अधिक गांवों में बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली, पेयजल, स्कूल, अस्पताल, राशन दुकानों को विकसित किया जा रहा है ।

मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा जिले वासियों को दी 160 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। 13 जनवरी 2025। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दंतेवाड़ा जिले में अपने प्रवास के दौरान जिलेवासियों को 160 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने इस मौके पर 111 करोड़ 68 लाख 24 हजार रूपये की लागत के 20 कार्यों का भूमिपूजन तथा 49 करोड़ 5 लाख 57 हजार रूपये की लागत के 10 कार्यों का लोकार्पण किया।जिसके अंतर्गत भूमिपूजन कार्य में प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर हाई मास्ट संयंत्र स्थापना कार्य झिरका, कुम्हाररास, गुड़से, घोटपाल-2, पालनार 80.59 लाख रुपए, सोलर पॉवर प्लांट स्थापना एवं सोलर ड्यूल पंप संयंत्र कार्य हल्बारास 30.68 लाख रुपए, जिले के चारों विकासखण्ड दन्तेवाड़ा 5 नग, गीदम-5 नग, कटेकल्याण-5 नग एवं कुआकोण्डा में 5 नग ग्राम पंचायत हाईमास्क लाईट लगाने का कार्य 107.56 लाख रुपए, आश्रम भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य 960.95 लाख रुपए, जिला दंतेवाड़ा के बुरगुम समेली मार्ग के किमी 3ध्6 पर मलगेर नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुँच मार्ग निर्माण कार्य 386.10 लाख रुपए, दंतेवाड़ा में

अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड निर्माण कार्य 1852.37 लाख रुपए, जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य एवं नहर लाईनिंग कार्य 697.76 लाख रुपए, जनसुविधा हेतु पुलिया निर्माण कार्य 192.47 लाख रुपए, डोम शेड निर्माण कार्य डुमामपारा तुमकपाल 78.57 लाख रुपए, जनसुविधा हेतु सड़क निर्माण कार्य 244.65 लाख रुपए, वृद्ध आश्रम हारम में निर्माण कार्य 28.84 लाख रुपए, ग्राम पंचायत झोडियाबाड़म में पैराबॉयलिंग एवं ड्राईंग यूनिट स्थापना कार्य 28.84 लाख रुपए, संकुल स्तरीय संगठन कक्ष निर्माण कार्य 48 लाख रुपए, मॉडल पंचायत भवन विस्तार कार्य 24 लाख रुपए, ग्राम पंचायत फुलपाढ़ जनपद पंचायत कुआकोण्डा में 57 हितग्राहियों को सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वृक्षारोपण कार्य 61.28 लाख रुपए, साप्ताहिक बाजार का नवीनीकरण एवं सौन्दर्गीकरण कार्य 99.97 लाख रुपए, नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य 318.37 लाख रुपए, जिला दंतेवाड़ा के नगरपालिका किरन्दुल क्षेत्रान्तर्गत जल आवर्धन योजनान्तर्गत जलशोधन संयंत्र हेतु इंटेकवेन एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य 4453.75 लाख रुपए तथा जिला दंतेवाड़ा के नगर पंचायत बारसूर क्षेत्रान्तर्गत जल आवर्धन योजनान्तर्गत जलशोधन संयंत्र हेतु इंटेकवेन एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य 1473.49 लाख रुपए शामिल है।

इसके अलावा लोकार्पण कार्य जनसुविधा हेतु सड़क निर्माण कार्य 98.81लाख रुपए, जनसुविधा हेतु आरसीसी नाली निर्माण कार्य 30 लाख रुपए, बीएलसी घटक (मोर मकान मोर आवास)- हितग्राही मूलक 725.46 लाख रुपए, आरआरपी-2 योजना अंतर्गत जिला दंतेवाड़ा के छिंदनार से बड़ेकरका मार्ग के किमी 2ध्4-8 इन्द्रावती नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 3378 लाख रुपए,शामिल है।

सेंटरिंग प्लेट और मिक्सर मशीन की चोरी

चोरी में ई-रिक्शा का इस्तेमाल, 5 आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। पुलिस ने बिल्डिंग निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सेंटरिंग प्लेट और मिक्सर मशीन जैसी चीजें चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5.70 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। एडिशनल एसपी अभिषेक झा ने बताया कि, पिछले दिनों लगातार निर्माणाधीन मकानों के पास से सेंटरिंग प्लेट, मिक्सर मशीन और अन्य समान चोरी की शिकायत आ रही थी। लगातार नेवई, पद्मनाभपुर, पुलगांव और भिलाई नगर में कई मामले सामने आने पर एसपी जितेंद्र शुक्ला ने एक्शन लेने कहा। उन्होंने क्राइम टीम के साथ नेवई, पद्मनाभपुर, पुलगांव और भिलाई नगर पुलिस को मिलकर एक टीम बनाई। चोरों को पकड़ने के निर्देश दिए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि, कुछ लोग सेंटरिंग प्लेट और मिक्सर मशीन चोरी की वारदात में शामिल हैं।

श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में विश्व हिन्दी दिवस पर विविध आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा के विश्वब्यापी स्वरूप से परिचित कराना था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने विद्यार्थियों को बताया कि हिन्दी भाषा का इतिहास 1000 वर्ष पुराना है एवं हमारी मातृभाषा हिन्दी संपूर्ण विश्व में तीसरे नम्बर की भाषा मानी जाती है। हमारी भाषा का शब्द भंडार श्लेषात्मक है। हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ श्रद्धा मिश्रा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों से यह बात साझा करते हुये अत्यत गर्व का अनुभव किया। उन्होने अपने उद्बोधन में बताया कि हम 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाते है क्योकि इस दिन साल 1949 को संविधान सभा में हिन्दी को भारत की राजभाषा घोषित किया गया था एवं 10 जनवरी 2006 को तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की एवं हमारी भारत माता के मुकुट में एक और कोहिनूर जड़ दिया क्यो कि अब पूरे विश्व में हिन्दी को उच्चतम दर्जा प्राप्त हो रहा है। एवं हमारी एवं मातृ भाषा संपूर्ण विष्व में अपना परचम लहरा रही है एवं हमारी भारतीय संस्कृतिय संपूर्ण विश्व में उच्चतम स्तर पर अपनी पहचान कायम रखी हुई है एवं संपूर्ण विश्व हमारी संस्कृति से शिक्षा लेकर अपने आप को धन्य समझ रहा है। जैसे हमारे देश की योग शक्ति अपनी पहचान बना ली है हमारे धार्मिक ग्रन्थो कि शक्ति ने संपूर्ण विश्व को हरे राम, हरे कृष्णा जपने के लिये उनकी स्वयं की स्वीकृती से सक्षम बना दि है और भी बहुत सारी ज्ञानवर्धक बातों की चर्चा इस कार्यक्रम में हुई।

न्यायालय तहसीलदार सरोना जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.

आम ईश्तहार

आम ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक चमरा राम पिता माहर सिंह जाति गोड़ निवासी ग्राम करप तहसील सरोना जिला उ.ब. कांकेर छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम करप तहसील सरोना में भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 216 रकबा 0.49 हे. 1.22 एकड़ कृषि भूमि गोपाल पिता शिवोकुमार निवासी ग्राम करम तहसील सरोना जिला उ.ब. कांकेर छ.ग. (हाल मुकाम वार्ड क्रमांक 25 काकीनाड़ा पोस्ट काकीनाड़ा जिला काकीनाड़ा (पश्चिम बंगाल) के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक क्रेता उक्त भूमि खसरा नं. 216 रकबा 0.49 हे. 1.22 एकड़ में काबिज कास्त कर रहा है। आवेदक द्वारा रजिस्ट्री बिक्री बैनामा के आधार पर आवेदक अपना नाम इन्द्राज करने आवेदन पेश किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो सुनवाई दिनांक 15/01/2025 के पूर्व पेश करें। नियत समय में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/12/2024 को इस न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार सरोना

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक 202412250600012/ ब-121/2024-25

ग्राम-मुंगेली मन प.ह.नं.

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली मन- के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शिवकुमारी पात्रे पति स्व. शेखर पात्रे, निवासी मंजगांवपारा तहसील व जिला मुंगेली द्वारा उनके पति शेखर पात्रे सेवानिवृत्त पटवारी की मृत्यु दिनांक 03.06.2024 को होने से वारिसान प्रमाण पत्र हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय मुंगेली को प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी रा. मुंगेली के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 15.01.2025 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार मुंगेली

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग (छ.ग.)

क्र./विप/खाद-परिवहन/2025-26/3669 — दुर्ग, दिनांक 13/01/2025

खाद परिवहन हेतु निविदा सूचना

वर्ष 2025-26 में जिला दुर्ग/बालोद/बेमेतरा जिले के 12 खाद संग्रहण केन्द्र दुर्ग, धमधा, पाटन, सेलूद, हथखोज, बालोद, गुरूर, अर्जुन्दा, गुण्डरदेही, बेमेतरा, मुरता (नवांगढ़), साजा (भरदाडीह) से संबंद्ध 311 प्राथमिक सहकारी समितियों एवं उनके खाद वितरण केन्द्रों तक रासायनिक खाद के परिवहन हेतु सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग से संपर्क किया जा सकता है इच्छुक निविदाकर्ता (2500+450 जीएसटी) 2950/- रु. का चालान जमा कर निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं।

1. निविदा फार्म हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि - दिनांक 05/02/2025 तक कार्यालयीन अवधि पर (अवकाश के दिनों को छोड़कर)
2. निविदा फार्म जमा करने की तिथि - दिनांक 11/02/2025 तक शाम 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 12/02/2025 को दोपहर 12.00 बजे के पश्चात बैंक मुख्यालय दुर्ग में खोली जावेगी।

निविदा फार्म को परिवहन कमेटी के समक्ष खोला जावेगा। यदि अपरिहार्य कारणों से निविदा निर्धारित दिनांक को नहीं खोली जा सकी तो आगामी तिथि की सूचना पटल पर सूचित की जावेगी। निविदा फार्म में अंकित शर्तों का पालन करना निविदाकर्ताओं को बंधनकारी होगा तथा बिना कोई कारण बताए निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार बैंक परिवहन कमेटी के पास सुरक्षित होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 31.01.2025

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 31.01.2025 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 30.01.2025 एवं ई-नीलामी की तिथि: 31.01.2025

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
अ. श्री अमरजीत रेखी, पिता- स्व. देवेन्दर सिंह, 15वी पॉकेट, मरोदा सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई-490006 (ऋणी) ब. श्रीमती जसमीत कौर पति- अमरजीत रेखी, 15वी पॉकेट, मरोदा सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई-490006 (सह-ऋणी).	फ्लैट नं. 01, ब्लॉक-ए, भूतल, खसरा नं. 44/5, न्यू पलाश टावर, ग्राम- रिसाली, प.ह.नं. 19/22, आरआईसी- दुर्ग-1, तहसील व जिला-दुर्ग, क्षेत्रफल-668.32 में स्थित आवासीय अपार्टमेंट सहित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दीः उत्तर- बाउंड्रीवाल, दक्षिण- फ्लैट नं.6 ब्लॉक-बी, पूर्व- फ्लैट नं. 2,3, ब्लॉक-ए, पश्चिम- फ्लैट नं.6 ब्लॉक-बी.	19.05.2021 02.09.2021 ₹ 28,12,741.90 16.12.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 15,50,000/- ₹ 1,55,000/- ₹ 10,000/-	Property No. 01 Bhilai GE Road Branch Mo. 6291883523
1. श्री पी योगेश्वर राव पुत्र पोट्टी जुगुलु, 348 डी, रेलवे कॉलोनी जोन 02, बीएमवाई चरोदा भिलाई, जिला- दुर्ग छत्तीसगढ़-490025 (उधारकर्ता) 2. श्रीमती पी कृष्णावेनी पत्नी श्री पी योगेश्वर राव, पुत्र पोट्टी जुगुलु, 348 डी, रेलवे कॉलोनी जोन 02, बीएमवाई चरोदा भिलाई, जिला- दुर्ग छत्तीसगढ़-490025 (सह-उधारकर्ता) 3. श्री बी गंगा राव, एच नंबर 20 केयर नं. 17/86, हरि नगर वार्ड 57, कातुल बोर्ड, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-491001 (गारंटर)	खसरा नं. 80/5-6-7-8, पी.सी. नं. 19/23, चौथी मंजिल पोटिया कला, वार्ड नं. 53, पोटिया चौक, रिंग रोड, तहसील व जिला- दुर्ग, छ.ग. क्षेत्रफल- 705 वर्गफीट में स्थित आवासीय मकान फ्लैट नं. ए-405 का ईएमटी। चौहद्दीः उत्तर- खुला आसमान, दक्षिण- कॉरीडोर, पूर्व- फ्लैट नं. ए404, पश्चिम- फ्लैट नं. ए406.	01.02.2022 25.04.2022 ₹ 25,20,928.31/- 01.02.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 11,99,000/- ₹ 1,19,900/- ₹ 10,000/-	Property No. 02 Mohandi Branch Mo. 8738061111
1. श्री नीलकंठ निर्मलकर (ऋणी) पुत्र श्री सुमेरी निर्मलकर, 944 वार्ड नंबर 01, छातागढ़ रोड, बिजली कार्यालय के पीछे, बघेरा, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491001 2. श्रीमती नीमा निर्मलकर (सह-ऋणी) पत्नी श्री नीलकंठ निर्मलकर, 944 वार्ड नंबर 01, छातागढ़ रोड, बिजली ऑफिस के पीछे, बघेरा दुर्ग, छत्तीसगढ़, 491001।	खसरा नं. 261/21, मौजा- बघेरा, वार्ड नं. 56, प.ह.नं. 06/07/48, आरआईसी- दुर्ग, तहसील एवं जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 1000 वर्गफीट में स्थित आवासीय मकान। चौहद्दी उत्तर- विक्रेता की बचत भूमि, दक्षिण- देवांगन की भूमि, पूर्व- देशमुख की भूमि, पश्चिम- 25 फीट सड़क।	29.06.2024 21.09.2024 ₹ 24,70,075.85/- 29.06.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 26,34,000/- ₹ 2,63,400/- ₹ 10,000/-	Property No. 03 Durg Padmanabhpur Branch Mo. 7000795161
1. मेसर्स कॉर्पस टेक्निका, प्रोप. विशाख बसु, 2. श्रीमती अंजना बसु, दोनों का पता- फ्लैट नं. 116, सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट, जुनवानी रोड, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई-490020.	प्रथम तल, सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट, मॉडल टाउन के पास जुनवानी, गली नं. 1ए के बाजू में, स्मृति नगर, भिलाई-490020. निर्मित क्षेत्रफल 799.95 वर्गफीट में स्थित फ्लैट नं. 116 के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः उत्तर- फ्लैट नं. 115, दक्षिण- सड़क/खुला आसमान, पूर्व- फ्लैट नं. 117, पश्चिम- खुला आसमान।	07.02.2024 12.04.2024 ₹ 31,51,922.06 07.02.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 19,10,000/- ₹ 1,91,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 04 Bhilai KPS Branch (Mo. 7588001823)
1. मेसर्स इचकदाना रेस्टोरेन्ट प्रोपराईटर श्री फिरोज इब्राहिम शेख (ऋणी), मकान नं. 107/23, कुंदरापारा, गुढ़ियारी, वृंदावनगढ़, रायपुर, 2. श्री मोहम्मद साबिर खान (जमानतदार), मकान नं. 51, वार्ड 14, मुसलमान मोहल्ला, ग्राम- थान खमरिया, तहसील- थान खमरिया, जिला-बेमेतरा-491338.	खसरा नं. 555/3, पीसी नं. 07, ग्राम- थान खमरिया, तहसील थान खमरिया, जिला- बेमेतरा, छ.ग., क्षेत्रफल- 23672 वर्गफीट में स्थित परिवर्तित भूमि एवं आवासीय भवन के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः उत्तर- खसरा नं. 532, दक्षिण- खसरा नं. 555/2, पूर्व- खसरा नं. 532, 553, पश्चिम- खसरा नं. 552/2.	13.11.2018 05.02.2019 ₹ 35,34,814.00 13.10.2018 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 66,00,000/- ₹ 6,60,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 05 Raipur GE Road Branch (Mo. 9326911967)
श्री धर्मेन्द्र सिंह परमार पुत्र- दयाराम परमार, ख.नं. 1338, पीसी नं. 107, नेताजी कन्हैया लाल वार्ड नं. 8, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.)	श्री धर्मेन्द्र सिंह परमार के नाम पर खसरा नं. 1338 का भाग प.ह.नं. 107, नेताजी कन्हैयालाल बजराई वार्ड, वार्ड नं. 08, मौजा ग्राम- गुढ़ियारी, आरएमएम- रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग., में स्थित भूमि व भवन का ईएमटी, क्षेत्रफल- 1025.00 वर्गफीट। चौहद्दीः उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- मुरलीधर बंजारी की भूमि, पूर्व- मुरलीधर बंजारी की भूमि, पश्चिम- सड़क.	18.11.2019 26.06.2020 ₹ 22,17,925.00 20.12.2023 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 23,90,000/- ₹ 2,39,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 06 T.P. Nagar Branch (Mo. 9516009425)
श्री राहुल होतेजा पिता- अनूप कुमार होतेजा, एमआईजी-5, शंकर निवास, एनसीएचबी कालोनी, कटोरा तालाब, रायपुर छ.ग. 492001 (ऋणी) एवं श्रीमती काजल होतेजा पति- अनूप होतेजा, एमआईजी-5, शंकर निवास, एनसीएचबी कालोनी, कटोरा तालाब, रायपुर छ.ग. 492001 (सह-ऋणी)	खसरा नं. 1211/22, 1320/21, 1216/19, 1217/19, 1218/31, 1211/23, 1320/22, 1216/20, 1217/20, 1218/32 का भाग, प.ह.नं. 63, छठवीं मंजिल, 1 ब्लॉक, ग्रीन कालोनी, शंकर नगर, महर्षि वाल्मिकी वार्ड नं. 28, आरआईसी- रायपुर-1, तहसील/जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित फ्लैट नं. 602, संपत्ति की चौहद्दीः पूर्व- कालोनी सड़क, पश्चिम- कालोनी सड़क, उत्तर- फ्लैट 1, 601, दक्षिण- खुली जगह।	30.08.2023 01.11.2023 ₹ 1,02,65,357.79 16.02.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 21,10,000/- ₹ 2,11,000/- ₹ 10,000/-	Property No. - 07 Raipur-II Branch (Mo. 7904062571)

ई-नीलामी की शर्तें:- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.baanknet.com. के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 30.01.2025, सुबह 10.30 से सायं 4.30 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (3) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (4) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता M/s. PSB Alliance (baanknet), Helpline: Email ID- support.baanknet@psballiance.com अथवा Website: https://baanknet.com पर संपर्क करें।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द हितवादा' दिनांक 14.01.2025 रायपुर में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 13.01.2025 स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

बीएनआई व्यापार एवं उद्योग मेले में छत्तीसगढ़ की 11 विभूतियों को मिला नवरत्न सम्मान

व्यापार मेला उद्यमी के अलावा आम लोगों के लिए स्वरोजगार का साधन उपलब्ध कराता है: तोखन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीएनआई व्यापार एवं उद्योग मेला में शहरवासियों की भीड़ उमड़ रही है। मेल मे आकर्षक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की 11 विभूतियों का सम्मान किया गया। इनमें शामिल विभूतियों में डॉ. संदीप दवे, रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर, डॉ. सतीश मंत्री, डायरेक्टर श्री शिवम ग्रुप, आचार्य डॉ. पुष्पा दीक्षित (संस्कृत), डॉ. दिनेश मिश्रा, अंधविश्वास निर्मूलन, प्रवीण झा, फिल ग्रुप, राजेश वैश्य, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, बीएनआई रायपुर, रोटे. अमित जायसवाल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटरी क्लब, डिस्ट्रिक्ट 3261 श्रद्धा साहू, बरतन बैंक दुर्गा, कमल सोनी, अध्यक्ष छ.ग. सराफ एसोसिएशन, भूपेन्द्र मेमा - एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर बीएनआई दुर्ग भिलाई शामिल थे।

इस अवसर पर डॉ. ओम माखीजा ने कहा कि, भौतिक लक्ष्य रखते हैं वैसे ही खुश रहने के लिए अध्यात्मिकता मदद करती है। प्रफुल्ल शर्मा ने बीएनआई के आयोजन की प्रशंसा की और टीम को बधाई दी। छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित डॉ. पुष्पा दीक्षित (संस्कृत) समय का बहुत महत्व होता है, जो समय का सदुपयोग करता है वो जीवन में आगे बढ़ता है। श्री शिवम ग्रुप के सतीश मंत्री ने कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। कोई भी लक्ष्य प्राप्त हो सकता है। फिल ग्रूप के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण झा ने कहा कि लक्ष्य हमेशा बड़े बनाना चाहिए एवं उसे पाने के लिए जी जान लगा देना चाहिए एवं उन्होंने बीएनआई की टीम वर्क की बधाई दी। बीएनआई रायपुर के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने बीएनआई के गीवन फैलोसपी को बताया एवं बिलासपुर बीएनआई को बधाई दी। उन्होंने इतनी शक्ति हमे देना गीत भी गुनगुनाया। भूपेन्द्र नेमा एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर दुर्ग-भिलाई ने कहा कि बीएनआई व्यापार करने के तरीके को बदल रहा है। बीएनआई व्यापार व उद्योग मेला में बिलासपुर की जनता ने भरपूर उल्लास के भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज की। आनंद और मनोरंजन के साथ, हर दर्शक स्टाल्स के बीच अपने पसंदीदा प्रोडक्ट्स को देखता और खरीदता रहा। 400+ स्टाल्स के साथ इस मेला का अनुभव अनूठा रहा।

दृष्टिबाधित बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

दोपहर के समय सबसे आकर्षक कार्यक्रमों में दृष्टिबाधित विद्यालय सक्ती के दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक कार्यक्रम ने लोगों का दिल जीत लिया। स्कूल के 15 बच्चों ने अपने मधुर गायन से दर्शकों की तालियां बटोरी। बिन बोले सब कुछ जानदा, किस आगे किजे अरदास शब्द ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। इन्हें सुभाष सवन्नी जी द्वारा 5001/- का पुरस्कार दिया गया। इसी तरह दिव्यांग बच्चों के समूह द्वारा प्रस्तुत गजल भी अद्भुत रही। छत्तीसगढ़ के राज्यगीत अरपा पैरी की धार... को भी आकर्षक रूप से पेश कर,

दिव्यांग बच्चों के प्रदर्शन ने ब्रह्मकुमारी स्वाति दीदी और संतोषी दीदी को खुश किया और उन्होंने सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार स्वरूप वाउचर दिए।

आशा स्पीच थैरेपी द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को दर्शकों ने सराहा

इसी क्रम में शहर की संस्था आशा स्पीच थैरेपी द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को भी दर्शकों ने सराहा। इनमें 7 बधिर बच्चों की तृत्य प्रस्तुति हाय रे सरगुजा नाचे को लोगों ने बहुत पसंद किया। इन बच्चों की प्रतिभा को निखारने में गुनजन अग्रवाल की भूमिका सराहनीय रही। बीएनआई व्यापार व उद्योग मेला में सीटा सेट द्वारा आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

न्यूज गैलरी

सरकार का मुख्य उद्देश्य जन कल्याण : त्रिलोक

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकार चाहे कोई भी हो चाहे केंद्र की सरकार हो चाहे राज्य की सरकार, चाहे किसी भी राजनीतिक दल की सरकार हो उन सरकारों का और उनके नुमाइंदों का मुख्य उद्देश्य जन सेवा जनकल्याण के साथ समाज सेवा और राष्ट्र सेवा होता है ,बेलतरा क्षेत्र में दलगत भावना नहीं दिल से विकास कार्य किया जा रहा है। यह बातें कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास, राष्ट्रीय समन्वयक-अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ,प्रभारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश तथा गुजरात, मार्गदर्शक -जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक-1 ने आज बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बनियाडिह एवं सेलर में 33 / 11 केवी सब स्टेशन के उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित जनों को संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला थे।

चुनाव को लेकर पार्टी ने ब्लू प्रिंट जारी किया

भाजपा ने निकाय चुनाव में परचम लहराने कसी कमर, कार्यकर्ताओं की ली बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी के उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिहाज में आज जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को बुला कर बैठक ली गई भारतीय जनता पार्टी स्थानीय चुनाव में भी अपना परचम लहराने अभी से कमर कस ली है यही वजह है कि पार्टी ने प्रभारियों की नियुक्ति कर प्रत्याशी चयन प्रक्रिया के गाइड लाइन जारी कर दिए गए इसके लिए बकायदा मण्डल, जिला और संभाग स्तर पर कोर कमेटियों की गठन की जाएगी।

दोपहर जिला भाजपा कार्यालय में चली बैठक में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने चुनाव को लेकर प्रदेश द्वारा निर्धारित किए गए प्रारूप वाचन करते हुए बताया कि उन्होंने ने बताया कि आगामी चुनाव को लेकर पार्टी के द्वारा ब्ल्यू प्रिंट जारी किया गया है इसी योजना के तहत आज हम जिले की बैठक कर रहे हैं इस बैठक के बाद सभी मंडलों के अध्यक्ष और निवर्तमान अध्यक्ष 14 और 15 तारीख को अपने मंडलों में बैठक लेंगे सभी कोर कमेटियां अपने संबद्ध क्षेत्र में बैठक लेकर चुनाव में पार्टी की योजना को रखेंगे इस बीच वे पार्षदों, अध्यक्ष पद के दावेदारों से आवेदन भी प्राप्त तीन तीन नामों के पैनल तैयार करेंगे जिसे अनुमोदन हेतु जिला,संभाग अथवा प्रदेश स्तर पर भेजा जाएगा यही प्रक्रिया नगर पंचायत, नगर पालिक और महापौर के लिए अपनाई जाएगी जनपद पंचायत और जिला पंचायत में समान प्रक्रिया लागू होंगे जनपद में एक से अधिक दावेदार होने की स्थिति में स्थानीय कमेटी नाम तय करेंगे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बैठक में उत्साह भरते हुए कहा कि स्थानीय सरकार गठन के लिए होने वाले इस चुनाव में हमारे छोटे बड़े सभी कार्यकर्ताओं को पद प्रतिष्ठा मिलेगा उन्हें जनप्रतिनिधि बन कर लोगों के सेवा करने का अवसर मिलेगा अतः पार्टी शीर्ष नेतृत्व इस चुनाव में अपनी पूरी शक्ति झोंकने वाली है।

जनता का भरोसा भाजपा पर : धरमलाल कौशिक

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय चुनाव में समन्वय बना कर काम करने की जरूरत है पंचायतों या जनपदों में हमारे एक कार्यकर्ता ही चुनाव लड़े स्थानीय स्तर के क्या मुद्दे हो सकते हैं उन पर फोकस करें निगम चुनाव में हमारा घोषणा पत्र क्या होना चाहिए पिछली सरकार की विफलता पर आरोप पत्र भी बनाना चाहिए संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करें।

बुधवारी बाजार में देर रात घूमते 3 युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रात्रि गश्त के दौरान बुधवारी बाजार में संदिग्ध हालत में मिले 3 व्यक्तियों पर तोरवा पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। आरोपियों को गिरफ्तार कर सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार रात्रि गश्त पेट्रोलिंग के दौरान बुधवारी बाजार के पास तीन व्यक्ति संदिग्ध हालत में मिले जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम क्रमशःसंदीप केसरवानी ,शिवम सोनी ,अंकित राय सभी निवासी अमलाई वार्ड नंबर 14 ओपीएम ईंट भट्ठा थाना अमलाई जिला शहडोल मध्य प्रदेश होना बताए बुधवारी बाजार में रात्रि में किस कारण से घूम रहे हो पूछा गया तो स्पष्ट जवाब नहीं दिए जो आरोपी /अनावेदकों का गतिविधि संदिग्ध पाए जाने से उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर गिरफ्तार कर माननीय सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

चाकू दिखाकर डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

थाना क्षेत्र में लगातार संध्या स्ट्रीट पेट्रोलिंग करने निर्देशित किया गया है, जिसके पालन में क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग एवं स्ट्रीट भ्रमण की जा रही है। कि 13 जनवरी को भ्रमण दौरान आकस्मिक चेकिंग किया जा रहा था, दौरान भ्रमण के देवरीखुर्द मंगल विहार के सामने अनिल कोरी द्वारा चाकू दिखाकर परिवारजनों को भयभीत करने की सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर बिलासपुर राजेंद्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (कोतवाली) अक्षय प्रमोद सबद्रा को अवगत कराया।

महिला स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने एक सिलाई मशीन व 50 कंबल वितरित

■ कोरी डैम के समीप रहने वाली महिलाओं को बांटे

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा घोंघा जलाशय कोरी डैम में,वी अलका अग्रवाल के नेतृत्व में द एसोसिएशन ऑफ़ वी क्लब्स ऑफ़ इंडिया के एरिया-2 की एरिया कॉफ्रेंस संपन्न द एसोसिएशन ऑफ़ वी क्लब्स ऑफ़ इंडिया डिस्ट्रिक्ट 323-जी-3 एरिया-2 की एरिया कॉफ्रेंस एरिया ऑफ़िसर अलका अग्रवाल के नेतृत्व में रविवार को घोंघा जलाशय कोरी डेम में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर एरिया के छः क्लबों महासमुंद, डोगरगढ़, रायपुर वामा, बिलासपुर गोल्ड, थान खम्हरिया, राजनांदगाँव के सदस्य शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनीता फ़रमानिया के साथ, एरिया एडवाजर वी नीरज अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट सचिव वी माधुरी पांडा , फाउंडर मेम्बर वी जगदीश सलूजा , वी शुभा सिंह डिस्ट्रिक्ट माइक्रो चे. प्रमोटर वी लक्ष्मी यादव , डायरेक्टरी संपादिका वी अनुराधा द्विवेदी, डिस्ट्रिक्ट सचिव प्रियंका जैन उपस्थित रहीं। क्रार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवल, ध्वज वंदन, राष्ट्रगान से हुआ। सोनाली तिवारी का स्वागत गीत एवं सेजल परी का स्वागत नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहे। सभी अतिथियों का स्वागत बिलासपुर गोल्ड के सदस्यों द्वारा किया गया। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट द्वारा क्लबों के वार्षिक सेवा कार्यों का आकलन कर विभिन्न सेवा कार्यों की स्थार्यी प्रोजेक्ट, गौ सेवा, वृद्ध सेवा, शिक्षा, महिला स्वरोज़गार, वृक्षारोपण, नारी स्वाभिमान, फ़ूड फॉर हंगर जैसे कार्य करने हेतु श्रेष्ठ कार्य करने वाले क्लब को पुरुस्कृत किया गया। महिला स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने एक सिलाई मशीन और ठंड से बचाव हेतु 50 कंबल का वितरण कोरी डैम के समीप रहने वाली महिलाओं को वितरित किया गया ।

युवा दिवस पर 1513 फीट तिरंगा रैली निकली

स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी के उपलक्ष्य पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोटा ईकाई के तत्वाधान में भव्य तिरंगा रैली एवं शोभायात्रा निकाली गई जिसका पूरे नगर में भव्य स्वागत किया गया। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर रविवार को कोटा नगर में स्टेशन से नाका चौक तक छात्र छात्रओ द्वारा 1513 फिट भव्य तिरंगे के साथ रैली निकाली गई।

प्रकाश को स्वामी विवेकानंद अवार्ड

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रकाश

कुमार मनहर वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्डर जिन्हें विज्ञान और समाज सेवा क्षेत्र में अनेक पुरस्कार मिल चुके है। जिन्हें स्वामी विवेकानंद अवॉर्ड 2025 डब्लू. ऐ.सी. बुक ऑफ रिकॉर्ड्स इंटरनेशनल द्वारा दिया गया है। गौरतलब है कि प्रकाश को इसके पहले भी सामाजिक कार्यों के लिए कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

एनएसएस विवेकानंद के सपनों को साकार करने का कर रहा प्रयास: रुचि

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में महान संत और युवाओं के मार्गदर्शक स्वामी विवेकानंद की जयंती अवसर पर युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद विचार गोष्ठी में विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके कई प्रेरक प्रसंग का उल्लेख करते हुए स्वयं सेवक उनके विचारों के प्रस्तुत किए। जिसमें दीपक राठौर ने सुमधुर गीत के द्वारा उनके विचारों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें संगीता साहू बी एस सी द्वितीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान, दीपक राठौर ने द्वितीय और साक्षी बंजारे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में काजल यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ रुचि ताम्रकार ने कहा कि एनएसएस सच्चे अर्थों में स्वामी जी के सपनों को साकार करने का प्रयास कर रहा है। युवा दिवस केवल मनाने से नहीं होगा बल्कि उनके विचारों पर चलना होगा। इस अवसर पर मिथिलेश कुमार श्रीवास, मधु राजगीर ने भी अपने विचार स्वामी जी के जीवन चरित्र पर प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन कुमारी प्रियंका सारथी ने जबकि आभार बी ए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा आरती पनोरे ने किया।

सुशासन की सरकार में विकास और राशि की कमी नहीं होगी: सुशांत

3.92 करोड़ के 7 कार्यों का विधायक सुशांत ने किया भूमिपूजन व लोकार्पण

बिलासपुर/नवप्रदेश। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की सौगात देते हुए विधायक सुशांत शुक्ला ने 3 करोड़ 92 लाख के 7 कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।विधायक सुशांत शुक्ला के प्रयासों से स्वीकृत खैरा में 16 लाख 68 हजार की लागत से मोहन के घर से कोसाबाड़ी तक सीसी रोड, गिधौरी में 11 लाख 72 हजार की लागत से मेनरोड से सुमार सिंह के घर तक सीसी सड़क,भाड़ी में 16 लाख 87 हजार की लागत से रेस्ट हाउस से भाड़ी बस्ती तक सीसी रोड, बेलतरा में 14 लाख 59 हजार की लागत से साधू श्याम गोड के घर से बरभाठा पहुंच मार्ग तक सीसी सड़क और ग्राम भिल्मी में 8 लाख 34 हजार की लागत से श्याम लाल धनुहार के घर से इन्द्र कुमार साहू के घर तक के सीसी सड़क,इन सभी कार्यों का विधायक सुशांत शुक्ला ने भूमिपूजन शुभारंभ किया। इसी तरह बनियाडीह में 1 करोड़ 62 लाख और सेलर में 1 करोड़ 62 लाख की लागत के विद्युत उपकेंद्रों का लोकार्पण कर ग्राम वासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा ग्रामवासियों की बरसों पुरानी मांग आज पूरा होने जा रहा है,पक्की सड़क के बन जाने से कीचड़ और धूल से ग्रामवासियों को निजात मिलेगी। वहीं विद्युत उपकेंद्र के शुरू होने से ग्राम वासियों को निर्बाध रूप से बिजली की सुविधा मिलेगी,इससे किसानों को भी लाभ मिलेगा। विधायक श्री शुक्ला ने कहा की क्षेत्र के विकास और सेवा के लिए वें सदैव तत्पर है,आगे भी विकास कार्यों में कमी नहीं आने देंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार में विकास कार्य और राशि की कमी नहीं होगी।

बच्चों की टोलियों ने मांगा छेरछेरा

सीपत/नवप्रदेश। सीपत क्षेत्र में छेरछेरा का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। आज सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चों की टोलियां हाथों में झोले व बोरी लेकर गांव की गलियों व घरों में दस्तक देते रहे, जहां बच्चों ने छेरछेरा के नाम पर धान, फल, पैसा सहित अन्य खाने की सामग्री भी गांव वालों से मांगे। आज के वर्तमान समय में शहरों में छेरछेरा की धूम नहीं रहती, लेकिन गांव में आज भी छेरछेरा पर्व बच्चों के लिए खुशियों का दिन होता है।

आयोजन

संवेदना चैरिटेबल सोसाइटी के सहयोग से हुआ सफल आयोजन

मेधावी स्किल्स यूनिवर्सिटी के उड़ान हिमाचल जॉब फेयर में युवाओं को मिली नौकरी की खुशी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मेधावी स्किल्स यूनिवर्सिटी (एमएसयू) ने बिलासपुर जिले में संवेदना चैरिटेबल सोसाइटी, घुमारवीं के सहयोग से 'उड़ान हिमाचल करियर कनेक्ट जॉब फेयर 2025' का सफल आयोजन किया जिसका समापन उम्मीदवारों और भर्ती करने वाली कंपनियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ हुआ।

जॉब फेयर का आयोजन हिमाचल प्रदेश में नौकरी चाहने वालों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया गया था। इसका उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणीजी ने किया। श्री धर्माणी ने चयनित उम्मीदवारों को नौकरी के प्रस्ताव-पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि 'उड़ान हिमाचल' हमारे युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मैं इस प्रभावशाली कार्यक्रम के आयोजन के लिए मेधावी कौशल विश्वविद्यालय और संवेदना चैरिटेबल सोसाइटी को बधाई देता हूं। मेधावी स्किल्स यूनिवर्सिटी के सह-संस्थापक और प्रो-कुलपति कुलदीप सरमा ने कहा, 'मेधावी स्किल्स यूनिवर्सिटी में हम मानते हैं कि हमारा मिशन उद्योग और शिक्षा के बीच एक उत्पादक सेतु के रूप में कार्य करना है। हिमाचल प्रदेश और अन्य क्षेत्रों में औद्योगिक केंद्रों में आने वाले हजारों अवसरों के साथ हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे युवा इन भूमिकाओं के लिए कुशल और सक्षम कैंडिडेट साबित हों। 'उड़ान हिमाचल', हिमाचल प्रदेश के युवाओं को अग्रणी उद्योग कंपनियों से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाने के हमारे मिशन को प्रदर्शित करता है। हम इस आयोजन की सफलता से प्रसन्न हैं और अपने छात्रों और व्यापक समुदाय के लिए सार्थक अवसर बनाने के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए हमेशा तत्पर हैं।'

650 उम्मीदवारों को प्लेसमेंट मिला

मेधावी समूह के बारे में बताते हुए सरमा ने कहा कि मेधावी समूह; कौशल विकास, उद्योग-एकीकृत शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एक अग्रणी संगठन है। उड़ान हिमाचल जॉब फेयर एक परिवर्तनकारी मंच साबित हुआ है, जिसने नौकरी चाहने वालों को उद्योग जगत की शीर्ष कंपनियों से जोड़ा और 650 से अधिक उम्मीदवारों को प्लेसमेंट प्रदान किया।

न्यूज गैलरी

देवरी में हरदिहा मरार पटेल समाज ने शाकम्भरी की जन्म उत्सव मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम देवरी में 13 जनवरी सोमवार को छेरछेरा के दिन हरदिहा मरार पटेल समाज की ईष्ट देवी मॉ शाकम्भरी जी की जन्म उत्सव मनाया जायेगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉ शाकम्भरी देवी जी की पटेल समाज द्वारा पटेल भवन में आयोजन रखा गया है। इस महोत्सव में छोटे-छोटे बालिकाओं की कलश यात्रा पटेल भवन से गांव के गली-मोहल्ले में यात्रा बाजे-गाजे के साथ और मॉ शाकम्भरी की छायाचित्र के साथ शोभायात्रा निकाली जायेगी। गांव की भ्रमण करने के बाद वापस मंच में छोटे-छोटे बच्चों का नृत्य कला और भक्ति गीत संगीत एवं प्रवचन का भी आयोजन रखा गया है। इस महोत्सव की तैयारी में पटेल समाज के लोग लगे हुये है।इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष चन्द्रसेन पटेल, उपाध्यक्ष रामानंद पटेल, सचिव सोहन पटेल, कोषाध्यक्ष दीपक पटेल, शैलेन्द्र पटेल, चन्द्रेश पटेल, अनिल पटेल, जोगू पटेल, रविन्द्र पटेल, पुनीत पटेल, तरूण पटेल, सोमेश पटेल, सुमन पटैल, भुवन पटेल, तिजे पटेल, विवेक पटेल, रामस्वरूप पटेल एवं समस्त पटेल समाज उपस्थित रहेंगे। लोक गायक नर्मदापुरी गोस्वामी रेडियो सिंगर रतनपुर द्वारा दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम रखा गया है।

मुख्यमंत्री एवं उद्योग मंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। शिवसेना जिला इकाई जिला अध्यक्ष संतोष साहू शिवसेना के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं उधोग मंत्री के नाम जिला कलेक्टर मुंगेली को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सरगांव रामबोड़ स्थित कुसुम लोहा प्लांट में चिमनी गिरने से बड़ा हादसा हुआ है। जिसमें प्लांट में कार्यरत मजदूरों के दबने से मृत्यु हो गई है। शिवसेना ने प्रदेश सरकार से मांग की है। कि मृतक व्यक्ति के परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी एवं 20 लाख की मुआवजा दिया जाए एवं घायलों को 10 -10 लाख रुपए का मुआवजा। लापरवाही बरतने वाले व्यक्ति एवं प्रबंधन के ऊपर सख्त करवाई किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा ना हो।

हादसे में मृत लोगों को भाजपा कार्यालय में दी मौन श्रद्धांजलि

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के सरगांव ब्लाक में आने वाले रामबोड कुसुम स्टील में हुए हादसे में मृत लोगो को भाजपा कार्यालय में मौन श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर राजेन्द्र वैष्णव, शैलेष पाठक, संतूलाल सोनकर, गिरीश शुक्ला, मोहन मल्लाह, आनंद देवांगन, विज्जू आर्य, रंजू श्रीवास,विक्रम मोहले,संजय वर्मा, रामशरण यादव, द्वारिका जायसवाल, मुकेश रोहरा, पंकज सोनी, बब्बू ठाकुर,राजा तंबोली, शंकर सिंह , स्वपनिल वर्मा, रितिमा लाल सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहें ।

विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

सीएम साय आज करेंगे तातापानी महोत्सव का शुभारंभ

बलरामपुर/नवप्रदेश। संक्रांति

परब के अवसर पर तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री साय करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री 172 करोड़ 83 लाख से अधिक की राशि के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे।

जिसमें रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र में 40 विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 08 विकास कार्यों का लोकार्पण, सामरी विधानसभा क्षेत्र में 36 विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 10 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में 29 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तातापानी महोत्सव में सम्पन्न होने वाले मुख्यमंत्री सामुहिक कन्या विवाह योजनान्तर्गत 300 जोड़ों के विवाह समारोह में सम्मिलित होंगे तथा नव दंपतियों को आशीर्वाद देंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा विधानसभा रामानुजगंज में 269.51 लाख रुपये की लागत से पस्ता जलाशय के बांध व नहर का जीर्णोद्धार कार्य, 299.97 लाख रुपये की लागत से लेहड़ा डायवर्सन का सुधार एवं नहर लाईनिंग कार्य, 270.33 लाख रुपये की लागत से बनखेता जलाशय योजना का बांध एवं नहर सुधार कार्य, 222 लाख रुपये की लागत से पस्ता चिलमाखुर्द से बासीमुड़ा सड़क निर्माण कार्य, 134 लाख रुपये की लागत से लुरगी से बनखेतापारा सड़क निर्माण कार्य, 259 लाख रुपये की लागत से पाढ़ी सरगवां से दाहीडांड सड़क निर्माण कार्य, 146 लाख रुपये की लागत से सरगढ़ि से बिच्छीकरचा सड़क निर्माण कार्य, 98 लाख रुपये की लागत से मोखा से खुटानपारा सड़क निर्माण कार्य, 375 लाख रुपये की लागत से मोखा से धुनधारूपारा सड़क निर्माण कार्य, 160 लाख रुपये की लागत से सरगढ़ी से असनातला सड़क निर्माण कार्य, 354 लाख रुपये की लागत से लुरगी सरगढ़ी से जोरोपानी सड़क निर्माण कार्य, 195 लाख रुपये की लागत से खटवा बरदर से सेमरतला सड़क निर्माण कार्य, 59 लाख रुपये की लागत से पस्ता से सीतारामपुर सड़क निर्माण कार्य, 11.39 लाख रुपये की लागत से प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास रामचन्द्रपुर में अहाता निर्माण कार्य, 12 लाख रुपये की लागत से प्री मैट्रिक बालक छात्रावास रामानुजगंज में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, 12 लाख रुपये की लागत से प्री मैट्रिक बालक आश्रम बगरा में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य, 24.70 लाख रुपये की लागत से ग्राम त्रिकुण्डा में महतारी सदन निर्माण कार्य, 268.87 लाख रुपये की लागत से ग्राम घाघरा, बठौराखास, झलरिया, बरदर, खरसोता, बरौली, महाराजगंज, मानिकपुर, अधौरा, पुटसुरा, संतोषीनगर(स), संतोषीनगर, खैरवार टोला, सौनी, जवाहरनगर, डौरा, डूमरखोला, चमनपुर, तातापानी, जमुआंटांड, जाबर, मंगरहारा, नवाडीह में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री विधानसभा रामानुजगंज अंतर्गत 2158.01 लाख रुपये की लागत से केरता से बच्छराजकुंवर, मानपुर तक पुल-पुलिया सहित सड़क निमार्ण कार्य, 272.81 लाख रुपये की लागत से बलरामपुर में कन्या छात्रावास भवन व 272.81 लाख रुपये की लागत से बलरामपुर में बालक छात्रावास भवन निर्माण कार्य, 236 लाख रुपये की लागत से आईटीआई भवन बलरामपुर के निर्माण काय, 25.60 लाख रुपये की लागत से जिला चिकित्सालय में बर्न वार्ड का निर्माण कार्य, 50 लाख रुपये की लागत से बलरामपुर में वृद्धा आश्रम भवन का निर्माण कार्य 128.80 लाख रुपये की लागत से मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के 08 अतिरिक्त कक्ष निमार्ण कार्य, 431 लाख रुपये की लागत से झारा से तालकेश्वरपुर सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे।

कोयले चोरी एवं तस्करी किए जाने की सूचना पुलिस को मिली

कोल तस्करी का मुख्य सरगना पुलिस पकड़ से बाहर, छोटे तस्कर गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के अमेरा खुली खदान में ग्रामीण काफी संख्या में खदान के अंदर प्रवेश कर संगठित होकर कोयले की चोरी एवं तस्करी किए जाने की सूचना पुलिस महकमा को प्राप्त हुई थी।

खदान सुरक्षा कर्मी द्वारा रोक-टोक किए जाने पर ग्रामीण कोयला तस्करों के बचाव में एकत्र होकर गाली गलौज एवं मारपीट पर उतारू हो जाते हैं जिससे खदान सुरक्षाकर्मी डर भय से कोयला तस्करों को रोक पाने में असमर्थ हो जाते हैं । इसी क्रम में अभियान चलाकर उप पुलिस अधीक्षक अमर कश्यप के नेतृत्व में 50 पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों की टीम ने कार्यवाही करते हुए कुल 33 व्यक्तियों (15 अनावेदक पुरुष एवं 18 अनावेदक महिलाओं)को खदान क्षेत्र से पकड़ा । उपरोक्त व्यक्तियों को संज्ञय अपराध घटित होने से रोकने हेतु पड़कर गिरफ्तार कर थाना लाया गया। मौके से कल 25 मोटरसाइकिल एवं 40 साइकिल जप्त किया गया है। साथ ही

अनावेदकों के कब्जे से कुल डेढ़ टन कोयला कीमती 15000 बरामद किया गया है अनावेदको के विरुद्ध पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए थाना लखनपुर में धारा 170 /126, 135, बी एन एस एस के तहत कार्यवाही करते हुए अनावेदकों के विरुद्ध इस्तगासा माननीय कार्यपालिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया है मामले में आरोपियों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्यवाही भी की जा रही है । सरगुजा पुलिस खदान क्षेत्र के आसपास निवासरत ग्रामीणों से अपील किया है कि ग्रामीण कोयला खदान में बिना वैध अनुमति प्रवेश ना करें तथा कोयला चोरी एवं तस्करी मामलों में शामिल न रहे। ऐसे प्रकरणों में सरगुजा पुलिस द्वारा शक्ति के साथ कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अश्वनी सिंह थाना प्रभारी उदयपुर कुमारी चंद्राकर उप निरीक्षक खुटिया उप निरीक्षक भदरसाय चौकी प्रभारी कुन्नी मनोज सिंह सहायक उप निरीक्षक राकेश सिंह प्रधान आरक्षक पन्नालाल, महिला आरक्षक करुणानिधि फूलसीता, शीला मिंज आरक्षक वदे केरकेट्टा दशरथ रजवाड़े प्रवीण सहित अन्य पुलिस स्टाफ सक्रिय रहे।

पहले भी कई बार हो चुकी है कार्रवाई

सोशल मीडिया में एक जबरदस्त हंगामे के बाद पुलिस महकमा अमेरा खुली खदान क्षेत्र के नाजायज कोयला ठिकानों से अवैध कोयला उत्खनन परिवहन कर रहे तस्करों को पकड़ने की फ़िक्र हुई । जिसमें कुछ छोटे निम्न स्तर के ग्रामीण तस्करों को कोयला तस्करी के जुर्म में गिरफ्तार किया । दरअसल अमेरा खुली खदान के आसपास क्षेत्र से लगातार हो रहे कोयला चोरी की शिकायत के बाद पुलिस एवं खनिज विभाग के संयुक्त टीम ने अमेरा कोयला खदान से बाइक से शाम अवैध कोयला सहित पकड़ा है। लेकिन गौर करने वाली बात है कि साल 2004 में अमेरा खुली खदान के अस्तित्व में आने के बाद और उससे पहले होने वाले अवैध कोयला कारोबार के हकीकत से क्षेत्र के लोग शासन प्रशासन वाकिफ हैं।

विवेकानंद जयंती पर विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

मुंगेली/नवप्रदेश। विवेकानंद जयंती पर विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। भोरमदेव-दर्शन जिले के ग्राम नुनियाकछार पालचुवा एवं खैरवार के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के उद्देश्य से कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। बच्चों को भोरमदेव मंदिर प्राचीन मूर्ति संग्रहालय सरौदा बाँध घूमाया गया। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को भोरमदेव मंदिर के इतिहास का परिचय कराते हुए वहाँ के आसपास के स्थलों को घूमाया।

शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के उत्साह के साथ-साथ ज्ञानवर्धन के लिए महत्वपूर्ण रहा। जिसे प्रत्यक्ष देखकर अनुभव किया जाता है वह सदैव स्मृति में रहता है। नुनियाकछार खैरवार एवं पालचुवा के सभी स्टॉफ सहित कुल 52 विद्यार्थियों ने इस पिकनिक का आनंद उठाया। भ्रमण में शिक्षक दुर्गेश देवांगन शिक्षिका सुधा राजपूत प्रिया भास्कर मालती जांगड़े राजूसिंह मार्को ओमप्रकाश अंचल चंदूराम अंचल मनीष जायसवाल प्रकाश श्रीवास सहित विद्यार्थीगण शामिल रहे।

घर-घर जाकर बना रहे कार्ड

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन गिरिश कुर्रे के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विकासखण्डों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 70 या 70 से अधिक उम्र के नागरिकों का आयुष्मान वंय वंदना कार्ड जिले में कार्यरत् सीएचओ, स्वास्थ्य मितान एवं च्वाईस सेंटर के टसम द्वारा मितानिनों के सहयोग से घर-घर जाकर कार्ड बनाया जा रहा है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट से सार्वजनिक स्थानों पर लोगों का हो रहा इलाज

लखनपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन नगर पंचायत लखनपुर क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिदिन किया जा रहा हैं ।मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिए से नगर के सभी वार्डों में जाकर जरूरत मंदों का निःशुल्क इलाज किया जाकर दवाईयां वितरित की जा रही है। मुख्य मंत्री सलम योजना से मिलने वाली सुविधाओं के कारण नगर निवासियों को छोटी छोटी बीमारियों केलिए अस्साल नही जाना पड़ता ।

मोबाइल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार के खून जांच की सुविधा दी गई हैं। जैसे थाइराइड टेस्ट , विटामिन बी 12 टेस्ट , यूरिक एसिड , मधुमेह जैसे विभिन्न प्रकार के जांच कर बिमारो को दवाइयां वितरित की जाती है मुख्य नगर पालिका विद्या सागर चौधरी द्वारा समय समय पर एम एम यू का निरीक्षण किया जाता हैं । मुख्य नगर पालिका अधिकारी चौधरी ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट आम

जरूरतमंद लोगो के लिए बहुत ही सहायक साबित हो रही है। और लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। इस योजना के तहत नगर पंचायत लखनपुर में अब तक कुल 578 शिविर लगाकर तकरीबन 31307 नागरिको का इलाज किया जा चुका हैं। जिसमे 26971 लोगों को मुफ्त दवाइयां वितरित की जा चुकी है साथ ही 5005 नागरिकों का खून जांच किया जा चुका हैं । मिलने वाली बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आमो ख़ास स्थानीय लोगों ने विधायक राजेश अग्रवाल एवं नपं अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू , मुख्य नगर पालिका अधिकारी .विधासागर चौधरी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया हैं। यकीनन यह योजना बहुत ही सराहनीय है।

अब तक 2227 महिलाओं को समूहों में जोड़ा

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजनांतर्गत नपा परिषद मुंगेली द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अब तक 232 महिला स्व सहायता समूहो का गठन कर 2227 महिलाओं को समूहो में जोडा है। इन समुहो को 10000/- रू की आर्वती निधि समुह संचालन के लिए प्रदाये किया गया है। उक्त गठित समुहों में से 57 समूहों को अपने व्यवसाय एवं आपसी लेन देन हेतु बैको से ऋष्ठ प्रदाये किया गया है। इन स्व सहायता समुहों को जोड कर अब तक 5 क्षेत्र स्तरीय संगठन का गठन किया है जिसे 50000 की आवर्ती निधि समूहो का आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये प्रदाये किया गया है।

किसानों की पारंपरिक त्यौहार छेरछेरा अंचल के गांवों में धूमधाम से मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। किसानों की पारंपरिक त्यौहार छेरछेरा अंचल के गांवों में धूम-धाम से मनाया गया। त्यौहार को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रौनक देखने को मिली। बाजार में इस पर्व के लिए खरीददारी को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण आते जाते रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में छेरछेरा की गूंज सुबह से ही शुरू हो गईं। बच्चे बूढ़े सभी ने टोकरी लेकर परम्परानुसार घर-घर जाकर छेरछेरा मांगा। विशेषकर बच्चों द्वारा छेरछेरा शब्द चिल्लाकर कहे जाने से घरों एवं गलियां पूरी तरह गुंजायमान रहा। पौष पूर्णिमा को मनाए जाने वाले त्यौहार को क्षेत्र में विशेष महत्व देकर मनाया जाता हैं। इस दिन छेरछेरा मांगने वाले बेहिचक घर-घर जाकर मांगते

हैं। वहीं हर घर से निरूस्वार्थ अन्न दान के रूप में धान दिया जाता हैं। जनवरी माह में किसान अपनी धान की उपज कटाई-मिंजाई कर अपने साल भर आवश्यकता अनुसार धान को घरों में बने कोठियों में रख देते हैं। इसके बाद धान को सेवा सहकारी समितियों में बेचा जाता हैं। इस दिन किसान अपने कोठियों पर रखे धान का कुछ हिस्सा दान करने के लिए बाहर निकालते हैं। मान्यता हैं कि धान की नई फसल का कुछ हिस्सा दान करने पर किसानों के लिए अगले वर्ष की खेती में खुशहाली आती हैं। कृषकों के अनुसार प्राप्त उपज का कुछ हिस्सा छेरछेरा पर्व में दान देने की परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही हैं। इस दिन घर पर आए सभी वर्गों को धान दान के रूप में दिया जाता हैं।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना की पहली वर्षगांठ मनाई

मुंगेली/नवप्रदेश। आयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना की पहली वर्षगांठ पर शनिवार को उत्साह के साथ मनाई गई। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में भी विश्व हिन्दू परिषद और विभिन्न संगठनो की ओर से भजन संध्या, सुंदरकाण्ड पाठ, हनुमान चालिसा, रामस्तुति, महाआरती सहित अनेक आयोजन मंदिरो में हुए।

भगवान की अभिषेक और आरती कर धूमधाम व उत्सव के साथ मनाया गया। पहली वर्षगांठ पर मंदिरो में आकर्षक विद्युत व फूलों से सजावट कि गई थी घरों व मंदिरो में दिप प्रज्जवलित किया गया। जगह जगह भंडारा लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इसी कणी में जिला मुख्यालय से महज 22 किमी. दूरी में स्थित अद्वितीय, मनोरम, पुरातात्विक, ऐतिहासिक एवं प्राचीन श्रीरामजानकी मंदिर सेतगंगा में भगवान श्री रामलली जी की तिथि के अनुसार आयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की 1 वर्ष पूर्ण होने पर समस्त ग्रामवासी/क्षेत्रवासी ने भव्य शोभायात्रा भगवान की जीवंत झांकी, कलश यात्रा, गाजे बाजे के साथ निकाली गई। 151 मातृशक्तियों/बालिकाओं द्वारा कलश यात्रा एवं प्रभु राम, लक्ष्मण, हनुमान एवं माता सीता की रथ में निकाली गई जीवंत झांकी आकर्षण का केन्द्र रहा। कलश यात्रा मंदिर परिषद से प्रारंभ हुई जो गली एवं मुख्यमार्ग होते हुये मंदिर में समाप्त हुई। कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा का गली एवं प्रमुख चौक चौराहो में स्वागत की गई। मंदिर सहित प्रमुख चौक चौराहो को भगवा रंग से सजाया गया। माताओं एवं बहनो ने श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और भक्त हनुमान की हर घर रामनाम की आरती की थाली सजी हुई निकली। माताओं, बहनो एवं श्रध्दालुओं ने अपने एवं परिवार के मनोकॉमना के लिए पूजा अर्चना किये, आशिर्वाद मंगे। तत् पश्चात् प्रसाद वितरण किया गया सायं काल 6 बजे मंदिर के समीप स्थित पवित्र और निर्मल कुण्ड में भव्य गंगा आरती की गई। इस अवसर पर मंदिर के महंत राधेयाम दास, योगेन्द्र शर्मा, सनत देवांगन, डॉ. रामजी शर्मा, नीरज केशरवानी, राजेश गुप्ता, केशव परिहार, तरूण खांडेकर, मानिकलाल सोनवानी, जय देवांगन, कमललोचन टोण्डर, हीरा सिंह कश्यप, कन्हैया सिंह बैस, नरेन्द्र जायसवाल, संतोष देवांगन, कन्हैया गुप्ता, किशन गुप्ता, लालाराम साहू, रविन्द्र कश्यन, नारायण शर्मा, दशरथ सोनी, प्रमोद सोनी, सतीश देवांगन, राजू सोनी, मुरारी गुप्ता, लव देवांगन, संजू यादव, योगराज देवांगन, डिलेश्वर , मनोहर गबेल, रामकुमार निषाद, राज चौहान, श्रीराम सेना सेतगंगा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी/क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

आयोजन

सीयू में विवेकानंद जंयती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया

विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत: कुलपति प्रो. चक्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। *गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने की।*

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द युवाओं की प्रेरणा के अजस्त्र स्त्रोत हैं। आक्रांताओं और पश्चिमी विचारधारा ने भारतीय सनातन पद्धति, संस्कृति और जीवन दर्शन को खंडित करने का प्रयास

किया है। पश्चिमी विचारधाराएं ज्यादातर आत्मकेंद्रित हैं तथा सर्व कल्याण की भावना से परे हैं। स्वामी विवेकानंद ने भारतीय आध्यात्म और सनातन परंपरा की प्रवाहमान आधात्मिक गंगा तथा अंतर्निहित सर्वकल्याण की भावना को पुनः प्रतिस्थापित करने का कार्य किया। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि विवेकानंद ने गहन आध्यात्म के साथ व्यावहारिक जीवनचर्या की राह प्रशस्त की तथा व्यावहारिक वेदांत का सिद्धांत लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने भारत के वसुधैव कुटुंबकम के विचार को पश्चिम की धरती से स्थापित करने का भी काम किया। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा तथा स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किये। तरंग बैंड ने सरस्वती वंदना एवं कुलगीत की प्रस्तुति दी। नन्हें पौधे से अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने दिया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने तथा संचालन डॉ. श्वेता सुब्रह्मण्यम ने किया।

मानस गान प्रतियोगिता 17 तक

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम निरजाम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड नवधा रामायण समारोह एवं मानस गान स्पर्धा का आयोजन 17 जनवरी तक होगा। कार्यक्रम के आचार्य पंडित ज्ञानेंद्र द्विवेदी चलान वाले, उप आचार्य पंडित विनायक दुबे चकरभाठा वाले। कार्यक्रम जलयात्रा 16 जनवरी, हवन, चढ़ोत्री,सहस्त्रधारा,17 जनवरी को होगा। आमंत्रित व्यास श्रीमति पुष्पा देवी कुधुरताल दिन एवं रात्रि में सुश्री अदिति किशोरी मुंगेली वृंदावन धाम 11 जनवरी, पवन कुमार पैजनिया 12 जनवरी, महेत्तरराम कश्यप बटहा 13 जनवरी, संत रामकृष्ण मानस मित्र

अलीगढ़ एवं आचार्य ब्रम्हर्षि जनमेजय कुमार मानस मराल गोरक्षधाम 14,15,16 जनवरी, सुदर्शन रामायणी खाम्ही 15 जनवरी, रामलोचन तिवारी रबेली 15,16 जनवरी को होगा। मानस गान प्रतियोगिता 17 जनवरी को रात्रि में होगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 7001 रु. एवं शिल्ड, द्वितीय पुरस्कार 5001 रु. एवं शिल्ड, तृतीय पुरस्कार 4001 रु. एवं शिल्ड, चतुर्थ पुरस्कार 3100 रु., पंचम पुरस्कार 2500 रु. षष्ठम पुरस्कार 2100 रु., सप्तम पुरस्कार 1500 रु., अष्टम पुरस्कार 1351 रु.,नवम पुरस्कार 1101 रु., दशम पुरस्कार 1001रु. दिया जाएगा। अखंड नवधा रामायण समारोह एवं मानस गान प्रतियोगिता का मंच संचालक श्रीराम साहू, अमरचंद साहू, नरेश साहू, हेतराम साहू कर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेसी हुए सक्रिय

फिगेंश्वर/नवप्रदेश। नगर पंचायत फिंगेश्वर में निर्वाचन 2025 को लेकर स्थानीय कांग्रेसी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता गण सक्रीय होकर चुनावी तैयारी में जुट गए हैं। इस तारतम्य में यह बता देना लाजमी होगा कि प्रथम पंचायत एवम् ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल ने स्थानीय कांग्रेस जनों को दिशा निर्देश देते हुए पहले ही नगर पंचायत के पूरे पन्द्रह वार्डों में क्रमशः तीन तीन वार्ड प्रभारी नियुक्त कर चुनावी रणनीति प्रारंभ कर चुके थे,पुनश्च एक से पन्द्रह वार्डों में एक प्रभारी तथा एक सह प्रभारी नियुक्त कर वार्ड अनुसार प्रत्याशी तलाश की प्रक्रिया की मुहिम तेज किया गया इसके तहत वार्ड क्रमांक तीन में प्रभारी रामकृष्ण तिवारी एवं सहप्रभारी अमर सिंह साहू एवं तीन के निवृत मान पार्षद कमल यदु के सहयोग से वार्ड का बैठक आयोजित किया गया उपस्थित महिला पुरुषों की भीड़ को अमितेश शुक्ल के बहु श्रीमति प्रियंका शुक्ल ने संबोधित किया और चुनाव हेतु उत्साह वर्धन किए। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक तेरह के प्रभारी बिसौहा हरित एवम् सह प्रभारी श्रीमति सुनीता श्रीवास तथा वार्ड क्रमण चौदह के प्रभारी नत्थू कश्यप, सह प्रभारी अशोक निषाद द्वारा 13/14 वार्ड में आम मतदाता एवम् कांग्रेस जनों का बैठक आयोजित कर संभावित प्रत्याशी हेतु नामों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिया गया। वार्ड क्रमांक तीन, तेरह तथा चौदह के बैठक में वार्ड के मतदाताओं सहित प्रमुख रूप से बिसौहा हरित, ओम प्रकाश बंछोर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, अनिल चंद्राकर, कमल यदु, डोंगर सिंह मरकाम, रामकृष्ण तिवारी, नत्थू कश्यप, हरिशंकर श्रीवास्तव ,युवराज सिंहा श्रीवास्तव सत्यनारायण श्रीवास्तव,करीम खान, अशोक निषाद, श्रीमति सुनीता श्रीवास, प्रभा जैन, धनराज सूर्यवंशी, विनोद ठाकुर,रामनारायण कश्यप, मोहन चक्रधारी, सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत मेचका को पानी टैंकर वितरण

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खंड के अंतिम छोर

पर बसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत मेचका को जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष दिनेशवरी नेताम के द्वारा जनपद सदस्य मदद से पानी टैंकर प्रदान किया वही पूजा अर्चना कर दिया गया जिसमे वही गांव के सरपंच मेचका विमला,उप सरपंच परमात्मा कुजाम,पूर्व सरपंच जीवन नाग,राधन साय धुँवा, पूनऊ राम नेताम, सवली बाई, पूर्णिमा नाग, रमुला नेताम, लक्ष्मी कुंजाम, गोपाल,ओसित कौशल, कचरूराम सिन्हा, सोहन नेताम, रोहित नागेश,पहलाद कुलदीप, कचरुराम, टेकाम संतोष कुमार ध्रव,श्यामल साय धुवा, उमेंद्र प्रधान, प्रताप यादव गांव के लोगो ग्रामवासी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हुए थे। सरपंच ने कहा कि बहुत खुशी कि बात गांव किसी के घर सादी विहाव अन्य कार्यो मे गर्मीमो के दिनों बहुत राहत मिलेगी

शाकंभरी जयंती को पटेल समाज मनाएगी धूमधाम से

नगरी/नवप्रदेश। कोसरिया मरार पटेल समाज की ईष्ट

देवी मां शाकंभरी जिनका पटेल समाज द्वारा इस पर्व को प्रतिवर्ष धुमधाम से मनाते हैं इस वर्ष 13 जनवरी को कोसरिया मरार पटेल समाज क्षेत्र नगरी, सिहावा, सांकरा, बेलर गांव, घठुला,फरसिया,बोराई, घुटकेल, गोविंदपुर, मारा गांव,सहित सभी ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण अध्यक्ष सहित, समाजिक बंधुओं ने शाकंभरी जयंती पर्व को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है।कोसरिया मरार पटेल समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी मंदिर सिहावा स्थापित है दुसरा मारागांव में मां शाकंभरी मंदिर स्थापित है इन मंदिरों में मां शाकंभरी की मूर्ति स्थापित है शाकंभरी जयंती पर्व पर विधी विधान से पुजा अर्चना किया जाना है इस अवसर पर मुख्य रूप से कोसरिया मरार पटेल समाज प्रदेश संरक्षक अमरसिंह पटेल, राजा पटेल समाज लतखोर पटेल,खुटैत नारायण सिंह पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होना है उक्त जानकारी कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज मिडिया प्रभारी,व उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ग्रामीण सांकरा क्षेत्र राजू पटेल ने दिया।

सत्संग में मानव जीवन को सही दिशा में ले जाने की शिक्षा सुख व मुक्ति का मार्ग

डोंगरगांव/नवप्रदेश। इस सत्संग का उद्देश्य समाज में "सत्य सनातन भक्ति"(वैदिक) आधारित महत्व को उजागर करना और मानव जीवन को सही दिशा में प्रेरित करना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए, जो आध्यात्मिक ज्ञान और मोक्ष प्राप्ति की विधि को जानने के लिए उत्सुक थे।सत्संग में संत रामपाल जी महाराज की अमृतवाणी ने श्रद्धालुओं को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि आज का मानव केवल भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत है, जबकि असली सुख और शांति केवल सच्ची भक्ति से ही संभव है। उन्होंने श्रीमद्भगवद गीता अध्याय 4 श्लोक 32-34 के अनुसार केवल तत्वदर्शी संत से प्राप्त ज्ञान से ही मोक्ष संभव है। और गीता जी अध्याय 15 श्लोक 1 में वर्णित तत्वदर्शी संत मिल जाने के बाद गीता

अध्याय 15 श्लोक 4 में वर्णित उस परमेश्वर के परम पद को भलीभाँति खोजना चाहिए। अन्य पवित्र ग्रंथों के प्रमाण प्रस्तुत कर यह स्पष्ट किया कि केवल तत्वदर्शी संत द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने से ही मोक्ष संभव है।

सत्संग में दी गई शिक्षाएं....

1. जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति

संत रामपाल जी महाराज ने समझाया कि मानव जीवन का असली उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना है, जो केवल पूर्ण संत की शरण और शास्त्र आधारित भक्ति से संभव है।

2. पारिवारिक और सामाजिक शांति

सच्ची भक्ति से मनुष्य के आचरण में सुधार होता है, जिससे समाज में नैतिकता और अनुशासन का प्रसार होता है।

3. समाज में समानता का संदेश

जातिवाद, ऊंच-नीच और भेदभाव जैसी समस्याओं को समाप्त करने का एकमात्र समाधान शास्त्र आधारित भक्ति है।

आध्यात्मिक जागरूकता की ओर एक कदम यह सत्संग न केवल आत्मा के कल्याण का माध्यम बना, बल्कि समाज सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी साबित हुआ। श्रद्धालुओं ने आशा व्यक्त की कि यदि समाज में हर व्यक्ति शास्त्र आधारित भक्ति को अपनाए, तो यह विश्व एक शांतिपूर्ण और नैतिकता से भरपूर स्थान बन सकता है। अंत में यह सत्संग यह संदेश देकर समाप्त हुआ कि सच्ची भक्ति से ही मानव जीवन सार्थक और समाज उन्नत हो सकता है।

समाज सुधार की प्रेरणा

संत रामपाल जी महाराज ने समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, नशाखोरी, भ्रूण हत्या, और अशिक्षा के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन बुराइयों का मूल कारण आध्यात्मिक ज्ञान की कमी और शास्त्र आधारित भक्ति का अभाव है। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रेरित किया कि वे न केवल स्वयं शास्त्र आधारित भक्ति अपनाएं, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

तहसीलदार ने एक महीने के भीतर शराब दुकान स्थानांतरित करने का दिया आश्वासन

अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों ने देशी शराब दुकान हटाने किया प्रदर्शन, जमकर बोला हल्ला

पोड़ी/नवप्रदेश। शराब दुकान को लेकर गांव के लोगों सहित स्कूली बच्चों और एबीवीपी कार्यकर्ताओं का गुस्सा शनिवार को सड़कों पर जमकर नजर आया। पोड़ी गांव में संचालित शराब दुकान के खिलाफ स्कूली बच्चों और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शराब दुकान को फौरन हटाने की मांग करते हुए सड़क पर धरना दिया और प्रशासन के खिलाफजमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और तहसीलदार राजश्री पांडे मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी। तहसीलदार ने एक महीने के भीतर शराब दुकान को दूसरी जगह स्थानांतरित करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

स्कूली बच्चों की परेशानी बनी आंदोलन का स्वरूप

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे स्कूली छात्रों ने बताया कि शराब दुकान गांव के मुख्य मार्ग पर संचालित की जा रही है। दुकान के 100 मीटर के दायरे में दो निजी स्कूल - सरस्वती शिशु मंदिर और गायत्री गुरुकुल स्थित हैं। स्कूल आने-जाने के दौरान बच्चों को दुकान पार करना पड़ता है, जहां अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। छात्राओं ने आरोप लगाया कि दुकान के आसपास की गतिविधियों से उन्हें असुरक्षित महसूस होता है, और कई बार दुर्व्यवहार की घटनाएं भी हुई हैं। महिलाओं ने भी इस समस्या पर चिंता जताई। उनका कहना है कि शराब दुकान के कारण सड़क पर आए दिन असामाजिक गतिविधियां और जाम की स्थिति बनी रहती है। चखना सेंटरों के कारण माहौल और भी खराब हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को जल्द से जल्द शराब दुकान को स्थानांतरित करना चाहिए, ताकि बच्चों और महिलाओं को सुरक्षित माहौल मिल सके। प्रदर्शन के दौरान यह बात भी सामने आई कि शराब दुकान को हटाने की मांग कोई नई नहीं है। एक साल से ग्रामीण और स्थानीय लोग इस समस्या को लेकर आवाज उठा रहे हैं। लेकिन राजनीतिक हस्तक्षेप और आंतरिक विवादों के कारण दुकान को अब तक स्थानांतरित नहीं किया जा सका है।

प्रशासन ने दिया आश्वासन, प्रदर्शनकारी असमंजस में

तहसीलदार राजश्री पांडे ने प्रदर्शनकारियों को समझाते हुए कहा कि शराब दुकान को हटाने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक महीने के भीतर दुकान को दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया जाएगा। हालांकि, प्रदर्शनकारियों को प्रशासन की इस कार्रवाई पर भरोसा नहीं है। उनका कहना है कि यदि समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे प्रदेश स्तर पर आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि शराब दुकान उनके सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा रही है। दुकान के कारण युवा पीढ़ी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, और असामाजिक गतिविधियां बढ़ रही हैं।

सड़क पर उतरे छात्र सहित ग्रामीण

राजनीतिक हस्तक्षेप बनी बाधा

इस प्रक्रिया में राजनीतिक दखल बड़ी समस्या बन गई है। सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के बीच स्थानांतरण को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। जहां एक ओर ग्रामीण और स्कूली बच्चे दुकान को पूरी तरह हटाने की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर चर्चा है कि दुकान को मौजूदा स्थान से कुछ दूरी पर ही स्थानांतरित करने की योजना बनाई जा रही है।

डिप्टी सीएम तक पहुंचा मामला

शरब प्रर्दशन को लेकर प्रदर्शनकारियों ने बताया कि इस मुद्दे को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तक भी पहुंचाया गया है। लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यदि एक महीने के भीतर दुकान को स्थानांतरित नहीं किया गया, तो प्रदर्शनकारी बड़े स्तर पर आंदोलन करने की चेतावनी दे चुके हैं।

ग्राम पंचायत मेचका मे मितानिन को श्रीफल के साथ सम्मान किया गया

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खंड के अंतिम छोर पर बसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत मेचका को दिन शनिवार को ग्राम पंचायत भवन पर कार्यक्रम में मितानिनों का सम्मान स्वागत किया गया जिसमे मुख्य रूप से जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष दिनेशवरी नेताम, सरपंच मेचका विमला,उप सरपंच परमात्मा कुजाम,पूर्व सरपंच जीवन नाग,राधन साय धुँवा, पूनऊ राम नेताम, सवली बाई, पूर्णिमा नाग, रमुला नेताम, लक्ष्मी कुंजाम, गोपाल,ओसित कौशल, कचरूराम सिन्हा, सोहन नेताम, रोहित नागेश,पहलाद कुलदीप, कचरुराम, टेकाम संतोष कुमार ध्रव, गांव की महिला मितानिनों का श्रीफल के साथ गुलाल तिलक लगाकर जनपद अध्यक्ष दिनेशवरी नेताम एवं सरपंच विमल धुर्वा एवं गांव के लोगो के द्वारा सम्मान किया गया वही कार्यक्रम में पंच गण एवं ग्रामवासी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हुए थे।

देवकर में 106 लोगों को बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय किया

देवकर/नवप्रदेश। निकाय अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को प्रथमतः 10000 रुपये का ऋण प्रदाय किया गया। जिसके पश्चात पथ विक्रेताओं को अपने व्यवसाय को सुदृढ़ कर आजीविका को बढ़ाने मौका मिला। इस योजना का उद्देश्य कमजोर आय वर्ग को स्वयं के व्यवसाय बढ़ाने के लिए सहयोग प्रदान करना है। जैसे फुटकर व्यवसायी, रेहणी पटरी वाले, ठेले और छोटे-मोटे व्यवसाय करने वाले आदि। नगर पंचायत देवकर में अब तक 106 लोगों को बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय किया जा चूका है, शासन द्वारा नगर पंचायत देवकर को प्राप्त लक्ष्य की प्रगति 80 प्रतिशत प्राप्त की जा चुकी है। परंतु निकाय का मूलभूत लक्ष्य अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना से जोड़े जाने का तय किया गया है। इच्छुक पथ विक्रेता योजना से जुड़ने के लिए आवेदन नगर पंचायत के शहरी आजीविका मिशन शाखा के माध्यम से कर सकते है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम ने शहरी पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजनाओं से शत प्रतिशत जोड़े जाने हेतु निरंतर कार्यरत है। स्वनिधि योजना अंतर्गत 10000, 20000 तथा 50000 रुपये के ऋण बैंकों के माध्य से दिलाए जाने हेतु विभाग ने निरंतर अपना प्रयास जारी रखा है। साथ ही नगर पंचायत देवकर के तहत पंजीकृत स्ट्रीट वेंडरो को परिचय पत्र

वितरण किया गया है। शासन के निर्देश से भविष्य में इस योजना से लाभांवित पथ विक्रेताओं के परिवार का सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग भी किया जाएगा। ताकि इन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा सके। स्व निधि से समृद्धि योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जननी सुरक्षा योजना, बीओसीडब्ल्यू के तहत पंजीकरण, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना तथा पीएम मातृ वंदना योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से पथ विक्रेता व उनके परिवार के सदस्यों को पात्रता के आधार पर लाभान्वित किया जाएगा। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर पंचायत देवकर टीम द्वारा पीएम स्व निधि योजना के सफल संचालन हेतु हर संभव प्रयास फील्ड में जारी रखा है अतः योजना से लाभ लेने हेतु पथ विक्रेता आधार कार्ड एवं अन्य आवश्य दस्तावेज के साथ कार्यालय में संपर्क करें।

युद्ध स्तर पर की जा रही स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयार

नगर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में व.उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री. अरुण साव के निर्देशानुसार में नगर पंचायत नगरी में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर में तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। नगर पंचायत नगरी के सीएमओ यशवंत कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ प्रतिदिन सुबह नगर के अलग अलग वार्डों में भ्रमण कर सफाई कार्य का जायजा ले रहे हैं।

टेंगना में धूमधाम से मना छेरछेरा पर्व

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला टेंगना में बड़े ही धूमधाम से छेरछेरा पर्व एक दिन पूर्व ही मनाया गया। स्कूल के विद्यार्थियों ने मनमोहक अंदाज में पारंपरिक वस्त्र पहनकर नृत्य करते हुए छेरछेरा गीत मई कोठी के धान ल हेर हेरा से मंत्रमुग्ध कर दिए। सभी बच्चों ने एक ही टोली बनाकर एकता का परिचय देते हुए छेरछेरा पर्व बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाये । जन समुदाय उनके नृत्य शैली को देखकर खुशी-खुशी टुकनी व सुपा भरके अन्न दान प्रदान किए । शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि बच्चे खास तौर पर पौष पूर्णिमा के दिन छेरछेरा पर्व उत्साह पूर्वक मानते हैं इस दिन नृत्य, गीत आदि से लोक पर्व का अद्भुत नजारा चारों ओर फैल जाता है छेरछेरा पर्व छत्तीसगढ़ के एक समृद्ध परंपरा का एक अनमोल पर्व है किसान

जब खेत से धान लाकर अपनी कोठी में संग्रहित कर लेते हैं तब बच्चे अन्य दान मांगते हैं। बच्चे शिक्षक की मदद से धान बेचकर शाला में विभिन्न शैक्षिक कार्यों में खर्च करते हैं इस अवसर जनभागीदारी संरक्षक कृष्ण कुमार कश्यप,अध्यक्ष खम्मन लाल मरकाम,प्रधान पाठक ममता प्रजापति, संतोष बांधव, नेकपाल श्रीमाली गोविंदा, आशीष आदि उपस्थित रहे।

बड़े भजन मेला भारतपुर में शामिल हुए हेमचंद्र जांगडे

बिलाईगड़/नवप्रदेश। भारतपुर में आयोजित तीन दिवसीय रामनमी भजन मेला में तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रुप मे अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व सदस्य हेमचंद्र जांगड़े शामिल हुये। जैतखाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के खुशहाली की मंगल कामना की।मेला परिसर में बने अस्थायी मंच पर मेला समिति के लोगों ने रामनामि गमछा,मोर मुकुट और पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में रामनामी समाज के गौरवशाली इतिहास का जिक्र किया की किस प्रकार 100 वर्ष पूर्व चारपारा से इसकी शुरुआत हुई। श्री रेशमलाल जांगड़े जी ने इस मेले को आगे बढ़ाने फलीभूत करने हमेशा प्रयास किया।1962 में जांजगीर के ठठारी गांव में रामनामी भजन मेला में तत्कालीन राष्ट्रीय नेता बाबू जगजीवन राम जी को लेकर आए और 1991 में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा जी को अपने गृह ग्राम परसाडीह के नजदीक कैथा ग्राम में आयोजित रामनामी भजन में लाने का श्रेय जाता है।उनके

मार्गदर्शन बिना कोई भी भजन मेला संपन्न नहीं होता था।उन्होंने पूरे रामनामी और सतनामी समाज को बांधे रखा।उनके नेतृत्व में ही पूरे प्रदेश में नदी के एक तरफ और दूसरे तरफ एक ही भजन आयोजित होता था।समाज को सुधारने बढ़ाने जागृत करने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है।पूरे छत्तीसगढ़ में बाबू जगजीवनराम जो की तत्कालीन रेल मंत्री हुआ करते थे उनके अभिन्न मित्र थे उनके माध्यम से बहुत से रेल परियोजना उन्होंने छत्तीसगढ़ को दिलाई ।कई ट्रेनों का परिचालन जांगड़े जी की देन है बिलाईगढ़ में आज जितने भी शासकीय कार्यालय है, पुल, पुलिया,बांध विशेषकर, अर्जुनी बांध,भंडोरा बांध,ठाकुरदिया बांध उनकी ही देन है।

युवा शक्ति ...

स्वामी विवेकानंद एक ऐसे युवा थे,जिन्होंने पूरी दुनिया को एक नई दिशा दिखाई

ज्ञान की पूजा हर युग में, स्वामी विवेकानंद जी युगों-युगों तक पूजे जाएंगे : वाल्मिकी वर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा द्वारा हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई जाती है।जिसे राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में भी जाना जाता है।यह दिन खासतौर से युवा शक्ति को समर्पित है।सर्वप्रथम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा शहर में स्थित स्वामी जी की मूर्ति में पूजा अर्चना एवं माल्यापन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक ऐसे युवा थे,जिन्होंने पूरी दुनिया को एक नई दिशा दिखाई।स्वामी जी के विचार युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करने

का काम करते हैं।साथ ही स्वामी विवेकानंद के बताए रास्ते पर चलकर आप कई चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।12 जनवरी का दिन एक महान देशभक्त, युवाओं के प्रेरणास्रोत और एक ऐसे व्यक्ति को याद करने का है,जिन्होंने भारत की संस्कृति और दर्शन को विश्व पटल पर पहुंचाया।स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था।उन्होंने अपने जीवनकाल में भारत को एक नई दिशा दी।उनकी शिक्षाओं ने लाखों लोगों को प्रेरित किया और उन्हें एक नया जीवन जीने की प्रेरणा दी।शिकागो में विश्व धर्म संसद में स्वामी जी का भाषण भारतीय संस्कृति का एक शानदार परिचय था।उन्होंने दुनिया को बताया कि भारत सिर्फ एक देश नहीं है,बल्कि यह एक विचार है।उन्होंने दुनिया के सामने भारत की प्राचीन संस्कृति और दर्शन को रखा।हम सब यहां स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाने के लिए एकत्र हुए हैं।12 जनवरी,सिर्फ एक तारीख नहीं है,बल्कि यह भारत के युवाओं के लिए एक प्रेरणा का दिन है।स्वामी जी महापुरुष थे,जिन्होंने न केवल भारत को बल्कि पूरी दुनिया को एक नई दिशा और दर्शन में महान भूमिका निभाई।ऐसे महान विभूति स्वामी विवेकानंद जी को शत शत नमन वंदन प्रणाम। युवा कांग्रेस कवर्धा समन्वयक अश्वनी वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी एक ऐसे संत थे,जिन्होंने धर्म को सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं रखा,बल्कि उन्होंने इसे जीवन जीने का एक तरीका बना दिया।उन्होंने हमें सिखाया कि हम सभी में शक्ति है,हमें बस उसे पहचानने और उसका इस्तेमाल करने की जरूरत है।उन्होंने युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया और उन्हें बताया कि वे भारत के भविष्य हैं।जब हम स्वामी जी को याद करते हैं,तो हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए।हमें देश सेवा के लिए आगे आना चाहिए।हमें शिक्षित होना चाहिए और अपने देश को आगे बढ़ाने में योगदान देना चाहिए।हमें स्वामी जी के बताए रास्ते पर चलकर भारत को एक महान राष्ट्र बनाना है।हम युवा दिवस मना रहे हैं।यह हमारे लिए एक अवसर है कि हम स्वामी जी के सपनों को साकार करने के लिए काम करें।

मेचका में 106 हितग्राहियों को सम्पति कार्ड वितरण किया गया

नगरी/नवप्रदेश। नगरी ब्लाक के अंतिम छोर पर बसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत मेचका में सम्पति कार्ड वितरण के मुख्य आतिथ्य

जनपद पंचायत अध्यक्ष दिनेशवरी नेताम सरपंच विमला ,सरपंच मुनईकेरा महेंद्र नेताम एकलव्य विद्यालय संरक्षक दिवाकर उप सरपंच परमात्मा कुजाम राधन साय धुँवा पूनऊ राम नेताम सवली बाई पूर्णिमा नाग रमुला नेताम के द्वारा गांव के लोगो को सम्पति कार्ड जिसमे उमेद प्रधान हिम्मत सिंह अर्जुन गोकुल मांझी गोपाल दयाराम रामदयाल लोकनाथ बिसाऊ श्यामल साय रामू नागेश ओषित पटेल राम प्रेम भाई टीकम दास तेजलाल लक्ष्मी नाथ जोहान नेताम वितरण महिलाओ पुरुष ग्रामवासी को किया गया।

न्यूज गैलरी

निवेश में गिरावट के बावजूद भारत में खूब हुई फिनटेक फंडिंग

नई दिल्ली। सह-संस्थापक नेहा सिंह का कहना है कि भारत का फिनटेक सेक्टर पूरी दुनिया में अपनी जगह बना रहा है। साल 2024 में दो कंपनियां यूनिकॉर्न की श्रेणी में आईं, उनमें मनी व्यू और पर्फियोस का नाम शामिल है। साल 2024 फिनटेक सेक्टर में निवेश में भारी गिरावट वाला साल रहा। हालांकि भारत में इस सेक्टर में खूब निवेश हुआ और पूरी दुनिया में भारत तीसरे नंबर का देश है, जहां फिनटेक सेक्टर में सबसे ज्यादा फंडिंग हुई। मार्केट पर नजर रखने वाली फर्म ञ्चह्लड्डष्×ठ्ठ ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 में फिनटेक सेक्टर में हुए निवेश में 33 प्रतिशत की गिरावट देखी गई और बीते साल फिनटेक सेक्टर में भारत में कुल 1.9 अरब डॉलर की फंडिंग हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिनटेक सेक्टर में गिरावट की वजह मांग में कमी और भू-राजनीतिक हालात रहे। साल 2023 में फिनटेक सेक्टर में भारत में 2.8 अरब डॉलर का निवेश हुआ था। हालांकि इसके बावजूद भारत का फिनटेक इकोसिस्टम मजबूत बना हुआ है और पूरी दुनिया में फिनटेक फंडिंग में भारत का तीसरा स्थान रहा। भारत से आगे इस मामले में सिर्फ अमेरिका और यूके का ही स्थान है। भारत में साल दर साल फिनटेक सेक्टर में फंडिंग में कमी आ रही है। साल 2022 में भारत में 5.6 अरब डॉलर का निवेश हुआ था, लेकिन उसके बाद से इसमें कमी आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 में तीसरी तिमाही में सबसे ज्यादा फंडिंग हुई और इस दौरान फिनटेक कंपनियों को 80 करोड़ डॉलर की फंडिंग हुई। यह पूरे साल हुई फंडिंग का 61 फीसदी है। दूसरी तिमाही में भी फंडिंग ने रफ्तार पकड़ी थी और अगस्त माह में सबसे ज्यादा 43 करोड़ डॉलर की फंडिंग हुई। साल 2024 में भारत के फिनटेक सेक्टर में दो नई यूनिकॉर्न कंपनियां उभरीं और फिनटेक कंपनियों के रिकॉर्ड आठ आईपीओ आए। सह-संस्थापक नेहा सिंह का कहना है कि भारत का फिनटेक सेक्टर पूरी दुनिया में अपनी जगह बना रहा है।

55 पैसे टूटकर 86.59 प्रति डॉलर तक आया

नई दिल्ली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.12 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 86.31 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 27 पैसे की भारी गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे टूटकर 86.04 पर बंद हुआ था। रुपये में गिरावट का सिलसिला सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा। रुपया 55 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 86.59 पर आ गया। अस्थिर वैश्विक संकेतों के बीच मजबूत अमेरिकी मुद्रा के कारण रुपया टूटा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के कारण भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.12 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 86.31 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 27 पैसे की भारी गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे टूटकर 86.04 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 109.72 पर रहा।

2023 की तीसरी तिमाही की तुलना में 61 प्रतिशत की वृद्धि

भारतीय फिनटेक सेक्टर विश्व का तीसरा सबसे बड़ा 'फंडेड इकोसिस्टम', 2024 में जुटाए 1.9 बिलियन डॉलर

बेंगलुरु। भारतीय फिनटेक सेक्टर ने 2024 में 1.9 बिलियन डॉलर जुटाए हैं। इसी के साथ अमेरिका और यूके के बाद देश के फिनटेक सेक्टर ने ग्लोबली तीसरे सबसे बड़े फंडेड फिनटेक इकोसिस्टम के रूप में अपनी पहचान बनाई। सोमवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।
प्रमुख मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की तीसरी तिमाही वर्ष की सबसे अधिक फंडेड तिमाही रही, जिसमें 805 मिलियन डॉलर जुटाए गए, जो कि 2023 की तीसरी तिमाही की तुलना में 61 प्रतिशत की वृद्धि है।
इसके अतिरिक्त, वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान कुल फंडिंग का 59 प्रतिशत सुरक्षित किया गया, जो कि वर्ष के अंत में रिकवरी का संकेत देता है। अगस्त फंडिंग के लिए सबसे मजबूत महीना रहा, जिसने 434 मिलियन डॉलर का योगदान दिया।
ट्रैक्सन की सह-संस्थापक नेहा सिंह ने कहा, वैश्विक फंडिंग में मंदी के बावजूद, भारत का फिनटेक इकोसिस्टम लचीलापन और अनुकूलनशीलता प्रदर्शित करना जारी रखा। 2024 में दो नए यूनिकॉर्न और रिकॉर्ड आठ आईपीओ का उभरना चुनौतियों के बीच सेक्टर की क्षमता को दर्शाता।
इस साल आठ आईपीओ और दो यूनिकॉर्न के साथ 26 अधिग्रहण हुए। सिंह ने कहा, जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, सेक्टर इन सफलताओं पर निर्माण करने के लिए तैयार है,

फाइनेंशियल इंक्लूजन और इनोवेशन को बढ़ावा देते हुए फिनटेक स्पेस में ग्लोबल लीडर के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है।
2024 में फंडिंग परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया, जिसमें तीन 100 मिलियन डॉलर से अधिक फंडिंग राउंड दर्ज किए गए।
डिजिटल लेंडिंग सॉल्यूशंस ने वर्ष के दौरान जुटाई गई कुल फंडिंग का 64 प्रतिशत हिस्सा लिया। इंवेस्टमेंट टेक सेगमेंट ने 320 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई। बेंगलुरु ने 2024 में फिनटेक फंडिंग के लिए शीर्ष केंद्र के रूप में अपना नेतृत्व बनाए रखा, इसके बाद मुंबई और दिल्ली का स्थान रहा।फिनटेक परिदृश्य को आकार देने में विनियामक विकास ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अगस्त में फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) को स्व-नियामक संगठन (सेल्फ-रेगुलेटरी ऑर्गनाइजेशन) का दर्जा दिया, जो देश में डिजिटल लोन देने वाले लगभग 80 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करने वाली बॉडी है।

अगले हफ्ते पांच नए पब्लिक इश्यू होने वाले हैं लॉन्च

अगले हफ्ते खुलेंगे पांच नए आईपीओ, आठ की होगी लिस्टिंग

मुंबई। इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) में निवेश के लिए इंतजार कर रहे निवेशकों के लिए खुशखबरी है। अगले हफ्ते पांच नए पब्लिक इश्यू लॉन्च होने वाले हैं। इसमें एक मेनबोर्ड और चार एसएमई आईपीओ होंगे। मेनबोर्ड कैटेगरी में लक्ष्मी डेंटल का आईपीओ 13 जनवरी को खुल रहा है और 15 जनवरी तक आम निवेशक इसमें बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 407 रुपये प्रति शेयर से लेकर 428 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इस आईपीओ का इश्यू साइज 698.1 करोड़ रुपये होगा। इसमें 138 करोड़ रुपये फ्रेश इश्यू और 560.1 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल है। इसका अलॉटमेंट 16 जनवरी और लिस्टिंग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) एवं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 20 जनवरी को हो सकती है। इसके अलावा चार एसएमई आईपीओ भी खुल रहे हैं। ईएमए पार्टनर्स इंडिया

लिमिटेड का आईपीओ 17 जनवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 21 जनवरी को बंद होगा, जिसका प्राइस बैंड 117 रुपये से 124 रुपये प्रति शेयर के बीच है। इस इश्यू में 66.14 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 9.87 करोड़ रुपये का ओएफएस शामिल है। लैंड इमिग्रेशन कंसल्टेंट्स लिमिटेड का पब्लिक इश्यू 16 जनवरी को खुलेगा और 20 जनवरी को बंद होगा। इसका प्राइस बैंड 70 से 72 रुपये प्रति शेयर है। यह आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश इश्यू है, जिसका लक्ष्य 40.32 करोड़ रुपये जुटाना है। रिखव सिक्योरिटीज लिमिटेड भी 15 जनवरी को अपना आईपीओ लॉन्च करेगा, जो 17 जनवरी को बंद होगा। 88.82 करोड़ रुपये के इश्यू में फ्रेश इश्यू और ओएफएस शामिल है। इसका प्राइस बैंड 82 से 86 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। काबरा ज्वेल्स लिमिटेड का आईपीओ 15 जनवरी को खुलेगा और 17 जनवरी को बंद होगा। इस आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 121 से 128 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इस इश्यू का साइज 40 करोड़ रुपये है। इसके अलावा आने वाले हफ्ते में आठ आईपीओ लिस्ट होंगे। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड की लिस्टिंग 13 जनवरी को होगी। 14 जनवरी को क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड और कैपिटल इंफ्रा ट्रस्ट इनविट एनएसई और बीएसई दोनों पर लिस्ट होने वाले हैं। वहीं, पांच एसएमई कंपनियों की भी लिस्टिंग 13 जनवरी से लेकर 17 जनवरी के बीच होगी। इसमें इंडोबेल इंसुलेशन, अवाक्स अपैरल्स एंड ऑर्नामेंट्स, बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर, डेल्टा ऑटोकॉर्प और सत करतार शॉपिंग शामिल हैं।

शेयर बाजार में भी भारी गिरावट

डॉलर के मुकाबले सबसे निचले स्तर पर पहुंचा रुपया

नई दिल्ली। सोमवार को भारतीय शेयर बाजार खुलते ही धड़ाम हो गया। रियल एस्टेट, फाइनेंशियल सर्विस और कंज्यूमर ड्यूरेबल स्टॉक तेजी से नीचे आ गए। वहीं रुपया भी इतिहास के सबसे निचले स्तर पर आ गया है।

आज भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आई। इसकी वजह अमेरिका में रोजगार का डेटा रहा। इसमें काफी मजबूती दिखी, जिसके बाद फेडरल रिजर्व द्वारा जल्द ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों पर पानी फिर गया। इससे भारतीय शेयर बाजार में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली। वहीं, रुपया भी डॉलर के मुकाबले नए ऑल टाइम लो-लेवल पर पहुंच गया। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी शुरुआती कारोबार में करीब 1 फीसदी तक गिर गए। 30-शेयर ब्लू-चिप पैक से एशियन पेंट्स, जोमैटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा स्टील में अधिक गिरावट देखने को मिली। घरेलू शेयर बाजार में सुबह करीब 11 बजे तक 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 276.02 अंक या 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,097.59 अंक पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 102.65 अंक या 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,328.85 अंक पर था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.44 प्रतिशत बढ़कर 80.91 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पूंजी बाजार में शुद्ध आधार पर 2,254.68 करोड़ रुपये बेचे। वहीं, भारतीय रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 5 पैसे कमजोर होकर रिकॉर्ड निचले स्तर 86.20 पर खुला। विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, विदेशी पूंजी का निरंतर बाहर जाना और घरेलू इक्विटी बाजारों में नकारात्मक रुझान ने भी भारतीय मुद्रा पर दबाव बनाए रखा। शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे गिरकर 86.04 पर बंद हुआ।

एप्पल के लिए भारत में शानदार रहा 2024, 1 लाख करोड़ रुपये मूल्य वाले आईफोन हुए निर्यात

नई दिल्ली। सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और प्रीमियमाइजेशन के बढ़ते ट्रेंड के चलते, एप्पल ने कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत से 1 लाख करोड़ रुपये (1 ट्रिलियन) मूल्य के आईफोन निर्यात किए हैं। शुरुआती उद्योग अनुमानों के अनुसार, एप्पल ने पिछले साल 2024 में 12 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के आईफोन निर्यात किए, जो 2023 से 40 प्रतिशत से अधिक वृद्धि है। अनुमानों के अनुसार, एप्पल का घरेलू उत्पादन एक साल पहले की तुलना में लगभग 46 प्रतिशत बढ़ा है। क्यूपर्टिनो स्थित टेक दिग्गज ने पिछले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024) में भारत में 14 बिलियन डॉलर के आईफोन मैन्युफैक्चर और एसेंबल किए, जिसमें 10 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के आईफोन का निर्यात किया गया। इस बीच, एप्पल इकोसिस्टम ने चार वर्षों में 1,75,000 नई प्रत्यक्ष नौकरियां भी पैदा की हैं, जिनमें 72 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। 2024 भारत में एप्पल के लिए बेहतरीन रहा। इस तकनीकी दिग्गज ने निर्यात के साथ-साथ घरेलू बिक्री के नए रिकॉर्ड बनाए, जो प्रीमियमाइजेशन के बढ़ते ट्रेंड, सरकार की पीएलआई योजना और एग्रेसिव खुदरा विस्तार से जुड़ी थी। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले एक साल में भारत में एप्पल के रणनीतिक दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई हैं और बाजार में इसका महत्व बढ़ा है। काउंटरपॉइंट रिसर्च में मोबाइल डिवाइस और इकोसिस्टम के शोध निदेशक तरुण पाठक के अनुसार, एप्पल ने युवाओं की पसंद का ख्याल रखते हुए एक मजबूत कंज्यूमर कनेक्ट स्थापित किया। कंपनी ने चैनल, मैन्युफैक्चरिंग के विस्तार के साथ मार्केटिंग कैंपेन पर भी खास ध्यान दिया और भारत में एक बड़ी हिस्सेदारी हासिल की।

ग्लोबल स्मार्टफोन मार्केट ने 2024 में की शानदार वापसी, बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। ग्लोबल स्मार्टफोन मार्केट में 2024 में बिक्री को लेकर सालाना आधार पर 4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ एक जबरदस्त वापसी हुई। सोमवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।मैक्रोइकोनॉमिक सुधारों के बाद पिछले वर्षों की तुलना में कंज्यूमर सेंटीमेंट बेहतर रहा।

काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, इससे पहले 2023 में स्मार्टफोन की बिक्री एक दशक में सबसे कम रही।रिसर्च डायरेक्टर तरुण पाठक ने कहा, स्मार्टफोन एक जरूरी प्रोडक्ट बना हुआ है, जो लोगों के रोजाना की जिंदगी का एक अहम हिस्सा है। जैसे-जैसे मैक्रोइकोनॉमिक दबाव कम हुआ, बाजार ने 2023 की चौथी तिमाही से रिकवरी के संकेत दिखाने शुरू कर दिए और अब

लगातार पांच तिमाहियों से बढ़ रहा है। यूरोप, चीन और लैटिन अमेरिका के नेतृत्व में लगभग सभी मार्केट में वृद्धि देखी गई। सैमसंग ने 2024 में बाजार का नेतृत्व करना जारी रखा। कंपनी की एस24 सीरीज और ए-सीरीज प्रोडक्ट लाइनों की मजबूत मांग बनी रही।रिपोर्ट के अनुसार, एस24 सीरीज एआई डिवाइस के रूप में पेश किया गया पहला फोन है, जिसने अपने पिछले सभी मॉडल से बेहतर प्रदर्शन किया। पश्चिमी यूरोप और अमेरिका में इसे खास तौर पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली।18 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एप्पल ने दूसरा स्थान हासिल किया। एप्पल की आईफोन 16 सीरीज को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, जिसका कारण लॉन्च के समय एप्पल इंटेलिजेंस की उपलब्धता की कमी थी। हालांकि, एप्पल ने लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और एशिया-प्रशांत-अन्य जैसे अपने गैर-प्रमुख बाजारों में मजबूती से विकास जारी रखा।शाओमी ने 2024 में शीर्ष पांच ब्रांडों में सबसे तेजी से विकास किया।रिपोर्ट में कहा गया है, ओप्पो सालाना गिरावट के साथ चौथे स्थान पर आया, लेकिन इसने साल का अंत मजबूत गति के साथ किया। भारत और चीन में मजबूत प्रदर्शन के कारण वीवो टॉप पांच में शामिल हुआ, जहां इसने साल का अंत शीर्ष रैंक वाले ओईएम के रूप में किया।रिपोर्ट के अनुसार, जबकि जेनएआई-इनेबल्ड स्मार्टफोन अभी प्रीमियम सेगमेंट तक ही सीमित हैं, हम उम्मीद करते हैं कि जेनएआई मिड-रेंज डिवाइस के लिए भी एक मानक बन जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2028 तक, हमें उम्मीद है कि 250 डॉलर से ज्यादा कीमत वाले दस में से नौ स्मार्टफोन जेनएआई-इनेबल्ड होंगे।

खेल

बावुमा की अगुआई वाली द. अफ्रीका की टीम का ऐलान, एनगिडी-नॉर्त्जे की वापसी

स्पोर्ट्स डेस्क। नॉर्त्जे को पिछले महीने पैर में चोट लगी थी। इसकी वजह से वह पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर किया गया था। वहीं, पिछले साल नवंबर में ग्रोइन स्ट्रेन की वजह से एनगिडी नहीं खेल रहे थे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम का एलान कर दिया गया है।

तेम्बा बावुमा की अगुआई में यह टीम टूर्नामेंट में उतरेगी। हाल ही में चोट से उबरे तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और एनरिक नॉर्त्जे की स्क्वॉड में वापसी हुई है। टीम में तीन स्पिनर और पांच तेज गेंदबाज हैं। बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई थी। ऐसे में चैंपियंस ट्रॉफी में भी उनसे यही उम्मीद की जा रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम को ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। नॉर्त्जे को पिछले महीने पैर में चोट लगी थी। इसकी वजह से वह पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर किया गया था। वहीं, पिछले साल नवंबर में ग्रोइन स्ट्रेन की वजह से एनगिडी नहीं खेल रहे थे। एनगिडी ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज मिस किया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी। तब टीम का प्रदर्शन शानदार रहा था और उन्हें सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी। उस टूर्नामेंट में भी तेम्बा बावुमा कप्तान थे। दक्षिण अफ्रीका की



टीम अपने अभियान की शुरुआत 21 फरवरी को कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद टीम ऑस्ट्रेलिया से 25 फरवरी को रावलपिंडी में भिड़ेगी। वहीं, ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच बावुमा की टीम एक मार्च को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी। तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को टीम में शामिल नहीं किया गया है। वह ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे हैं। उन्हें पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ डरबन टेस्ट में यह समस्या आई थी और उसके बाद उन्होंने गकेबरहा में दूसरा टेस्ट और पाकिस्तान के खिलाफ पूरी सीरीज को मिस किया था। इसके अलावा चोटिल तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को भी टीम में शामिल नहीं किया गया है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने टीम में ज्यादा से ज्यादा ऑलराउंडर को शामिल करने की कोशिश की। यही वजह है कि रिहैब से गुजर रहे वियान मुल्डर को भी शामिल किया गया है। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के दौरान उनकी अंगुली टूट गई थी। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में दूसरे टेस्ट में वह खेले थे। अब फीजियो ने उन्हें ग्रीन सिग्नल दे दिया है। टीम में केशव महाराज और तबरेज शम्सी के रूप में दो मुख्य स्पिनर हैं, जबकि एडेन मार्करम इन दोनों की सहायता करेंगे। वहीं, तेज गेंदबाजी का जिम्मा यानसेन, एनगिडी, नॉर्त्जे, रबाडा और मुल्डर के हाथों में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम- तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्त्जे, कगिसो रबाडा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रसी वान डर डुसेन।

ऋतुराज गायकवाड़ को नहीं मिली टीम इंडिया में जगह

नईदिल्ली। बीसीसीआई ने इंग्लैंड के साथ खेली जाने वाली टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है. लेकिन, जब से स्क्वाड का ऐलान हुआ है, तभी से हर तरफ चर्चा हो रही है की आखिर सिलेक्टर्स ने ऋतुराज गायकवाड़ को स्क्वाड में शामिल क्यों नहीं किया? भारतीय क्रिकेटर ऋतुराज गायकवाड़ एक क्वालिटी प्लेयर हैं और जाहिर तौर पर वह इंग्लैंड के साथ खेली जाने वाली टी-20 सीरीज में टीम इंडिया में जगह पाने के हकदार थे. मगर, सिलेक्टर्स ने उन्हें नजरअंदाज किया और वह टीम का हिस्सा नहीं हैं. इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर फैंस अलग-अलग तरह के रिएक्शन दे रहे हैं।

कोई कह रहा है की उनके साथ नाइंसाफी हुई है, तो कोई कह रहा है की वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हैं इसलिए उन्हें सिलेक्ट नहीं किया गया. मगर, ये तो फैंस के मन की बात है. लेकिन, गौर करने वाली बात ये है की मौजूदा समय में अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप ऑर्डर

बल्लेबाजों की भरमार है.
संजू सैमसन ने शतक पर शतक लगाए थे, वहीं यशस्वी जायसवाल भी कमाल के फॉर्म में हैं और अभिषेक शर्मा भी स्क्वाड में हैं. ऐसे में सिलेक्टर्स भला ऋतुराज को टीम कॉम्बिनेशन में फिट नहीं कर पाए और उन्हें इस सीरीज के लिए नहीं चुना गया। ऋतुराज गायकवाड़ आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हैं. इसके अलावा वह घरेलू क्रिकेट में भी बेहतरीन फॉर्म में हैं. उनकी कप्तानी में विजय हजारे ट्रॉफी में महाराष्ट्र की टीम ने सेमीफाइल में पहुंच गई है. इसके अलावा साल 2023 में गायकवाड़ के बल्ले से 356 रन निकले तो वहीं, साल 2024 में 133 रन बनाए। आंकड़ों की बात करें, तो ऋतुराज गायकवाड़ ने 23 टी-20 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने 143.53 की स्ट्राइक रेट से 633 रन बनाए हैं. इसमें उनके बल्ले से 1 शतक और 4 अर्धशतक भी आए हैं। सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)

खबरों के गलियारे से... कैलाश यादव

कौन किसके लिए प्रेरणादायी...

पिछले सप्ताह बीजापुर में एक दुःखद दुर्घटना ने मीडिया जगत के साथ ठेकेदारों को झकझोर कर रख दिया, इतना ही नहीं ठेकेदार के संबंधियों ने पत्रकार की अस्थी कलश तक को खुले मैदान में फेंक कर छत्तीसगढ़ में मानवता को शर्मसार कर दिया है। पत्रकार को उस खोजी खबर के लिए जान गंवानी पड़ी। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि पत्रकारों ठेकेदारों से ईर्ष्या नहीं है, बस एक खोज की

एसपीओ और रसोइयां रहते सौ करोड़ का आसामी कैसे बन गया। बस्तर सहित देश भर में पत्रकारों को सजग प्रहरी तो कहा जाता है पर मौका मिलते ही हत्या कर दी जाती है। क्या सौ करोड़ कमाते-कमाते मानवीय दृष्टिकोण मर जाता है या पैसे और कमाने की हवस में जो भी विरोध करे, उसे जमींदोज करने साजिश कर भ्रष्टाचार की तरफ आंख उठाने वालों की हत्या करना एक मात्र विकल्प है। किसके लिए कौन प्रेरणादायी इस पर मामला अटका हुआ है। जानकारों का कहना है कि खबरों को लेकर भावावेश पर नियंत्रण रखे, जान है तो जहान है। क्योंकि अपराधीकरण में अधिकारियों का खुला प्रश्रय मिलना बंद होना चाहिए। बड़े अधिकारी प्रलोभन या यो कहिए राजनीतिक दबाव में ऐसा कुछ कर जाते है जिससे निर्दोष की जान तक चली जाती है। मजेदार बात यह थी कि बनने वाली सड़क की लागत पहले 56 करोड़ था, बाद में उसे 112 करोड़ कर दी गई। ये कैसी अंधेरगर्दी जो बस्तर में नक्सल प्रभावित के नाम पर साल दर साल निर्माण की लागत बढ़ाकर सिर्फ ठेकेदार और जुड़े लोगों के साथ जिन अधिकारियों ने लागत बढ़ा ठेकेदार से प्रेरणा लेते हैं। ठेकेदार अधिकारियों से प्रेरणा लेते है लेकिन पत्रकारों के लिए यह यक्ष प्रश्न बन गया है वो किससे प्रेरणा ले। कई पत्रकार तो अधिकारी भी बन गए है। कई वापस पत्रकारिता में वापस लौट चुके है।

महानदी प्रभार पर ...

देश में महाकुंभ चल रहा है, वहीं महानदी स्थित सचिवालय में सीएस से लेकर बड़े-बड़े आईएएस अधिकारी छुट्टी में चले गए हैं। उनके जगह प्रभारवाद का सिलसिला ऐसा चल पड़ा है कि पूरी कि पूरी सचिवालय अब प्रभार में चल पड़ी है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि मतलब उनकी वापसी तक मंत्रालय में फाइल खिसकाने का ही काम होगा कोई नीति गत फैसले पर निर्णय नहीं लिया जा सकेगा।

राज्य सरकार ने फेरबदल करते हुए आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश से छह आईएएस अधिकारी प्रभावित हुए हैं। इनमें अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू के अलावा जय प्रकाश मौर्य, रिमीजियस एक्का, रजत बंसल, कुंदन कुमार और जगदीश एस शामिल हैं। इसके पहले सीएस का प्रभार, आबकारी विभाग, ऊर्जा विभाग का प्रभार दिया गया है। सुब्रत साहू (अपर मुख्य सचिव, भा.प्र.से.) को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग और महानिदेशक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। उच्च शिक्षा विभाग विशेष सचिव जय प्रकाश मौर्य को प्रबंध संचालक, माटीकला बोर्ड और हस्तशिल्प विकास बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

रोज परीक्षा देने वालों पर भी नजरे इनायत करिए साहब ...

गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों को लेकर प्राचार्यों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने टीडी हायर सेकेंडरी स्कूल फिंगेश्वर के संस्था प्रमुख को तत्काल हटाने और 36 अन्य स्कूलों के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी कर कोई मिसाल कायम नहीं की है।

शिक्षा के क्षेत्र में लापरवाही बरतने वालों को तो सीधे बर्खास्त करना चाहिए। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि जिले का सबसे अच्छा मास्टर कलेक्टर होता है जो कानून व्यवस्था से लेकर रोजमार्रा में परेशानी झेलने वालों की परीक्षा में कोताही बरतने पर कड़ी सजा देने का अधिकार होता है। फिर क्यों अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम ठीक-ठाक नहीं आने पर नाराजगी तो लाजमी है। कलेक्टर साहब को रोज कलेक्टोरेट में अपनी समस्या को लेकर परीक्षा देने वालों पर भी नजरे इनायत करनी चाहिए।

पीएससी घोटाला करने वालों पर कसा शिकंजा

पीएससी घोटाले में तत्कालीन चेयरमैन सोनवानी तो अंदर है ही अब उनसे जुड़े लोगों पर सीबीआई ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रोज कोई न कोई सीबीआई की जाल में फंस रहे हैं। एक चयनित अभ्यर्थी और दूसरा पीएससी का ही अफसर है, अब इसी कड़ी में सीबीआई

ने चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के भतीजे साहिल के साथ शशांक गोयल और भूमिका कटियार को गिरफ्तार कर विशेष कोर्ट में पेश किया। सीबीआई द्वारा गिरफ्तार शशांक गोयल और भूमिका कटियार, बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल के बेटे और बहू हैं। इससे पहले डिप्टी कलेक्टर पद पर चयन को लेकर सीबीआई ने भूमिका से पूछताछ की थी, इसके बाद यह गिरफ्तारी की गई है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि ओहदे और पावर का दुरूपयोग राजनीति में देखा जाता है, क्या ये अधिकारी नेता बनने के लिए अपने पदों का दुरुपयोग करते रहे हैं, या उनके कोई राजनीतिक आका है, इसके लिए कानून कायदे को ताक में रख देते हैं। स्वर्ग-नर्क यही हैं, जस करनी तस करम गति यही मिलता है, ऊपर कुछ नहीं है।

'सत्ता का घमंड' तुम्हारी कुर्सी खिसकवा देंगे...

बलरामपुर कोतवाली पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों की सघन जांच की जा रही थी। पुलिस की कार्रवाई से नाराज भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अपने समर्थकों के साथ मौके पर कोतवाली प्रभारी को धमकाते नजर आए। यही नहीं पुलिस कार्रवाई के विरोध में वे सड़क पर लेट गए। इस पूरे वाक्ये का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो गया।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो को हाथोहाथ लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसे भाजपा नेताओं का नया अध्याय बताते हुए लिखा है कि मानो कानून-व्यवस्था उनकी जागीर हो। थाना प्रभारी को सरेआम धमकाते हुए नशे में गाड़ी चला रहे लोगों को तुरंत छोड़ो, वरना दो दिन में तुम्हारी कुर्सी खिसकवा देंगे। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि थोड़ी देर बाद दोनों पार्टी के नेता इस विवाद को सुलझाने में एकजुट दिखे, वहां चर्चा हुई कि जिस पार्टी की सत्ता हो उसे पीकर गाड़ी चलाने की छूट दे दी जाए। ताकि लोगों को बता सके कि हम सत्ता पक्ष के है। यारों हमको माफ करना हम सत्ता के मदहोश में हैं...।

मंत्री लखनलाल देवांगन और रामविचार नेताम के बिगड़े बोल

ज्यादा हेकड़ी दिखाओगे तो पुलिस बुलाकर फिंकवा दूंगा

नेताम ने महिलाओं को धमकाया, नेतागिरी से काम नहीं चलेगा

कोरबा/नवप्रदेश। फ्लोरामैक्स कंपनी के फ्रॉड से पीड़ित महिलाओं ने आईटीआई चौराहे पर चक्काजाम किया। इस चक्काजाम में फंसे छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपना आपा खो बैठे। उन्होंने इस दौरान महिलाओं को धमकी देते हुए कहा कि चुपचाप रहो, शांति से बात कर रहे हैं। शासन-प्रशासन सहयोग कर रहा है। ज्यादा हेकड़ी दिखाओगी, तो पुलिस को बुलाकर फेंकवा दूंगा। दूसरी ओर मंत्री रामविचार नेताम ने भी रही सही कसर निकाल ली। उन्होंने कहा कि नेतागिरी करने से काम नहीं चलेगा। कानून को अपने हाथ में ना लें, जो भी दोषी हैं, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अब इस मामले में छत्तीसगढ़ की सियासत गरमाई हुई है। विपक्ष में बैठे कांग्रेस नेताओं सहित आम जनता भी महिलाओं के साथ मंत्रियों के इस व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए कड़ी निंदा की है।

कांग्रेस ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। पूर्व सीएम बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन का वायरल वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि ठगी करने वाली कंपनियों से भाजपा नेताओं का ही नाम जुड़ता है। ठगी करने वाली कंपनी फ्लोरोमैक्स का उद्घाटन करने में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन का नाम आ रहा है। भाजपा सरकार में चिटफंड कंपनियों के कार्यालय का उद्घाटन भाजपा नेताओं ने ही किया था। लूट-खसोट में भागीदारी भाजपा की पहचान बन गई है।

बीजेपी ने किया पलटवार : बीजेपी महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के ट्वीट पर पलटवार किया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिनके मुख्यमंत्री काल में दुनिया में छत्तीसगढ़ ने ठगी के मामलों में नाम कमाया। देखा क्या-क्या ठगी हो सकती है, वो ठगों का बादशाह यदि ऐसा आरोप लगाए, तो ठीक कैसे होगा ? महिलाओं के साथ ठगी हुई है तो जांच होगी, लेकिन, हर वो कारनामा जिस पर कांग्रेस सवाल खड़ा करती है, उसमें जांच के बाद कांग्रेस का ही हाथ निकलता है। विश्वास है इसके पीछे भी कांग्रेसी का ही हाथ होगा। इन्ही काम में इन सब की मास्टरी है, इन्हें अवॉर्ड मिलना चाहिए।

महिलाओं ने रोका मंत्री का काफिला : छत्तीसगढ़ के पंचायत एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने कोरबा पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब पीड़ित 500 महिलायें अपनी मांगों को लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गई। चक्काजाम कर मंत्रियों के काफिले को रोक दिया। महिलाओं का कहना था कि जब तक उनकी समस्याओं का हल नहीं हो जाता, वो मंत्री को यहां से जाने नहीं देंगी। करीब तीन घंटे तक दोनों मंत्री इस जाम में फंसे रहे।

महिलाओं ने किया घेराव

कार्यक्रम स्थल पर महिलाएं मंत्री से बात करने की जिद पर अड़ी रहीं। हालात तब और गंभीर हो गए जब मंत्री रामविचार नेताम और उनके साथ मौजूद उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी कार्यक्रम खत्म कर बाहर निकलने की कोशिश में लगे रहे।

नेतागिरी नहीं चलेगी इस दौरान मंत्री रामविचार नेताम ने महिलाओं को धमकाते हुए कहा कि नेतागिरी करने से काम नहीं चलेगा। कानून को अपने हाथ में ना लें जो भी इसमें दोषी हैं कार्रवाई की जाएगी। आप सबको लोन लेने से पहले कंपनी के बारे में जानकारी लेनी चाहिये थी। सरकार हमारी है, बात करके आगे की कार्रवाई होगी। सीएम तक बात पहुंचा दी जाएगी ।

जानें क्या है मामला

महिलाओं का आरोप है कि कोरबा जिले में फ्लोरामैक्स कंपनी ने करीब करीब 500 करोड़ से ज्यादा की ठगी की है। जब धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल से कोई बात नहीं बनी तो इन महिलाओं ने कोरबा के आईटीआई चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। एक दिन पूर्व भी इस मामले में पुलिस के साथ झूमाझटकी हुई थी। जब उन्हें तानसेन चौक से हटाने की कोशिश की गई थी। महिलाओं ने इस दौरान पुलिस पर जबरिया कार्रवाई का आरोप लगाया था। इसके बाद रविवार को तानसेन आईटीआई चौराहे पर चक्काजाम कर दिया और शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं की मांग है कि उनके ऊपर जो कर्ज चढ़ा दिया गया है उसे सरकार माफ करायें। इस मामले में शासन ने जांच-पड़ताल के लिए सात सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है।

पीड़ित महिलाओं का कहना है कि वो फ्लोरामैक्स की ठगी का शिकार होकर न्याय की गुहार लगाते-लगाते थक चुकी हैं। चक्काजाम करने पर मजबूर हैं। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि कंपनी में इंवेस्ट की गई रकम डूब गई, लेकिन कंपनी ने उनके नाम पर बैंक से लोन भी निकलवाकर इंवेस्ट करा लिया। अब बैंक कर्मी लोन की किस्त के लिए उनके घर के चक्कर काट रहे हैं। गांव में जिन्होंने उनके कहने पर कंपनी में इन्वेस्ट किया। अब वे उनसे अपने पैसे वापस मांग रहे हैं। इससे गांव में विवाद की स्थिति बन गई है।

करोड़ों की ठगी करने वाले फ्लोरामैक्स के डायरेक्टरों के साथ टॉप-10 लीडर और कैशियर ने एक साल के भीतर जमकर कमाई की। कोरबा पुलिस जांच में अब तक ऑन रिकार्ड 27 हजार महिलाओं के फ्लोरा मैक्स से जुड़े होने और उनके रकम निवेश होने का पता चला है।

अमृता ज्वेलर्स के संचालक गोपाल सोनी के दोनों हत्यारे गिरफ्तार

घर के ड्राइवर ने ही रची थी साजिश

7 दिन और 360 सीसीटीवी कैमरे को खंगालने के बाद पुलिस को मिली कामयाबी

खंडहर में पहले से छुपे थे हत्यारे

वारदात की रात घर के पास खंडहरनुमा मकान में पहले से छिपे थे। जैसे ही गोपाल राय को चालक ने घर में छोड़ा और नचिकेता दुकान गया तो तीनों घर मे दीवार फांदकर घुसे। उस समय गोपाल राय पत्नी के कमरे में थे, आरोपी अलग-अलग छिप गए। एक आरोपी सूरज घर के परिसर में मंदिर में छिप गया था। जहां पहुंचे गोपाल राय ने सूरज को देख लिया। इसके बाद सूरज की पहचान हो जाने से उसने आकाश को बताया व तीनों ने मिलकर धारदार हथियार से गोपाल राय की हत्या कर दी। सूटकेश में दुकान की चाबी है, इसलिए लेकर भाग निकले। सूटकेश व हथियार को रास्ते मे नदी में फेंक दिया। गोपाल राय व उनकी पत्नी का मोबाइल बरामद हुआ है।

कोरबा/नवप्रदेश। अमृता ज्वेलर्स के संचालक गोपाल राय सोनी के हत्या की साजिश उनके ड्राइवर ने ही रची थी। वारदात में 2 हत्यारे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है।

बता दें कि पिछले रविवार रात को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने ड्राइवर सहित दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है। हत्याकांड का खुलासा करते हुए बिलासपुर आईजी डॉक्टर संजीव शुक्ला ने कहा कि वारदात की जांच सीसीटीवी फुटेज से आगे बढ़ा तो दो संदिग्ध दिखे, जो शाम 7:36 बजे पैदल दीवार फांदकर अंदर घुसे और फिर निकले नहीं। बाद में 10:59 बजे घर से कार में निकलते दिखे लोगों का हुलिया इनसे मिला। कार की तलाश के दौरान परसाभाठा बालको मार्ग में गाड़ी दिखी जो रिस्दा बस्ती से बरामद हुई। फिर इस रास्ते 360 सीसीटीवी फुटेज को बारीकी से खंगालकर गाड़ी के रूट का पता लगाया। 10:01 से 10:22 बजे के बीच में उक्त कार के आने का रूट पता चला। इस बीच यह भी पता चला कि गाड़ी की पार्किंग तक खून की बूंद दिखी, इससे आरोपी के घायल होने का पता चला। मैनुवल पड़ताल में मोहन मिंज के चोटिल होने का पता चला। उसे हिरासत में लेने पर खुलासा हुआ।

ये था मामला: घटना को रात 9:40 बजे से 9:59 बजे के मध्य 19 मिनट के भीतर अंजाम दिया गया और उन्हीं की क्रेटा कार क्रमांक जेएच 01 सीसी 4455 को लेकर फरार हो गए। साथ ही घर से सूटकेस, श्री सोनी का मोबाइल भी ले गए।

इस सनसनीखेज हत्याकांड को किसी और ने नहीं बल्कि नए एवं पुराने ड्राइवर ने एक अन्य साथी के साथ मिलकर अंजाम दिया था। जिस मालिक ने पेट भरने का साधन और रोजगार दिया उसे ही मरते वक्त इनके हाथ नहीं कांपे। मालिक के भरोसे और विश्वास का कत्ल कर देने के बाद वर्तमान चालक आकाश पूरे समय लोगों के साथ घुलता-मिलता रहा। अंत्येष्टि से लेकर अन्य कार्यों में भी वह शामिल होता रहा।

ऐसे रची थी साजिश

घटना की प्लानिंग 25 दिसंबर को की गई थी। सूरज व आकाश दोनों भाई ने मिलकर योजना बनाई व मोहन मिंज आदतन बदमाश को शामिल किया। इनको पता था कि पुत्र नचिकेता वर्क फ्रॉम होम रहता था लेकिन रविवार को शाम को दुकान जाता है। चालक सूरज गोस्वामी पूर्व चालक था और आकाश गोस्वामी वर्तमान चालक था। सूरज कर्ज में था। सूरज को पता था कि ज्वेलरी लेकर आते हैं। दुकान में चोरी की प्लानिंग थी, दुकान की चाबी सूटकेश में रहती थी।

2 गिरफ्तार एक फरार

पुलिस ने वारदात में शामिल तीन में से दो आरोपियों आकाश गोस्वामी व मोहन मिंज को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुराना ड्राइवर सूरज गोस्वामी (आकाश का बड़ा भाई) फरार है, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। मामला थाना कुंडा क्षेत्रांतर्गत एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ का है। प्राप्त लिखित आवेदन पर थाना कुंडा में धारा 75(2), 137(2), 87, 351(3) भारतीय दंड संहिता (क्वहस्) एवं पोक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। महिला एवं बालिका के विरुद्ध अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह द्वारा तुरंत आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। इस पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंडरिया संजय ध्रुव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महेश प्रधान द्वारा तत्काल टीम गठित की गई। टीम ने अपराध पंजीबद्ध होते ही घेराबंदी कर आरोपी सतेन उर्फ जगदेव (पिताः राजेश उर्फ मोहन चंद्रवंशी, उम्रः 19 वर्ष, निवासीः अखरा, थाना कुंडा) को गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जप्त किया गया। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम में एक आरोपी अवैध शराब के साथ पकड़ाया। इसके खिलाफ कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार 12 जनवरी को पुलिस स्टाफ देहात भ्रमण के लिए निकले थे। तभी भ्रमण दौरान पुलिस टीम को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम दर्रापारा निवासी गौतम चकधारी अपने घर के आंगन में अवैध रूप से बिकी वास्ते कच्ची महुआ शराब छुपाकर रखा है।इस सूचना पर पुलिस टीम मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया।

बाइक से खतरनांक स्टंट करना युवक को पड़ा भारी, पुलिस के हत्थे चढ़ा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शनिवार और रविवार को आरोपी करन नागपुरिया पिता ओमप्रकाश नागपुरिया उम्र 21 साल निवासी दीनदयाल कॉलोनी चिखली गली नं. 2 राजनांदगांव द्वारा महाराणा प्रताप चौक से आरके नगर चौक तक खतरनाक तरीके से बाइक में स्टंट कर विडियो बनाकर वाट्सअप स्टेटस लगाकर सोशल मीडिया मे वायर किया गया था। जिस पर सायबर सेल एवं बसंतपुर व यातायात पुलिस द्वारा पतासाजी कर दिनांक 12.01.2025 को डीयूके वाहन क्रमांक CG-07-BW-8717 बाईक सहित आरोपी को पकड़ कर थाना बंसतपुर लाकर फटकार लगाकर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, बिना हेलमेट धारा 194 (घ), तेज गति से वाहन चलाने धारा 183(1) (क), बिना नंबर धारा 50(2), मौके पर कागजात पेश नही करना 130(3)/177 के तहत कार्यवाही कर 4100/-रुपए जुर्माना वसूला गया। यातायात पुलिस की आम जनता से अपील है कि यातायात नियमो का पालन करें, ओवर स्पीड न चलाएं, स्टंटबाजी न करें। नियंत्रित गति में वाहन चलाएं एवं सुरक्षित रहें।

सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के बांगो थाना अंतर्गत मोरगा चैकी क्षेत्र में शनिवार की रात ग्राम मदनपुर-पुटा के बीच दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें कोरबी चैकी निवासी गनपत कुर्रे एवं मोटरसाइकिल में पीछे बैठा युवक मिसीया निवासी जीवन कुर्रे की मौत हो गई।

दोनों उदयपुर से मेहमानी कर घर कोरबी लौट रहे थे, तभी मोरगा चैकी के ग्राम मदनपुर के पास रात्रि में सामने से तेज रफ्तार वाहन के आने से मार्ग में एक खडी ट्रक के पीछे जोरदार टक्कर हो जाने से दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों शव को बाहर निकाला।11 जनवरी 2025 को पोस्टमार्टम कराने पोड़ी उपरोड़ा रवाना कर दिया। शवों को पीएम उपरांत उनके परिवारजनों सौंप दिया गया।

फर्जी अंक से नौकरी पाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी के लालच में अपने अंकसूची में हेरफेर करने के आरोप में तीन महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना देवभोग में आंगनबाड़ी सहायिका के पद के लिए तीन अनावेदिका द्वारा अपने आठवीं की अंकसूची में कुटरचित कर आपने प्राप्त नंबर पर कांट-छांट करने वाले के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु शिकायत मिली थी। शिकायत को वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी देवभोग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर थाना प्रभारी देवभोग द्वार शिकायत में आवेदनकर्ता नीला यादव व सुभद्रा यादव तथा गायत्री डोंगरे के विरूद्ध अपराध का घटित पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

बिना हेलमेट बाइक चलाने पर होगी कार्रवाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। यातायात माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के विभिन्न कार्यवाही और लोगो में जागरूकता अभियान तो चलाया जा रहा है। इसके तहत आम लोगों के खिलाफ मोटरसाइकल में तीन सवारी बिना हेलमेट और नशे की हालत में मोटरसाइकिल चलाने और बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहनों की कार्यवाही तो जारी था। इसी तरह अब आज से आम लोगों के साथ अधिकारी और कर्मचारी के द्वारा इन नियमों का पालन नहीं करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही प्रारंभ किया गया है।

महंगाई डायन... *एक बोरी का दाम 340 से 350 रुपए, कंस्ट्रक्शन का काम प्रभावित*

मकान बनाने वालों को बड़ा झटका : सीमेंट कंपनियों ने बढ़ा दिए दाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मकान बनवाने की सोच रहे लोगों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। प्रदेश में एक बार फिर सीमेंट बनाने कंपनियों ने दाम बढ़ा दिए हैं। अल्ट्राटेक समेत कई कंपनियों ने 11 दिनों में सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ा दिए हैं। ऐसे में अब ग्राहकों को एक बोरी सीमेंट 340 से 350 रुपए तक देने पड़ रहे हैं। जनवरी से पहले यह कीमत 280 से 290 रुपए प्रति बोरी थी। इधर, कीमत बढने से कंस्ट्रक्शन का काम प्रभावित हो सकता है।

बता दें, बरसात खत्म होने के बाद अधिकतर कंट्रक्शन के काम शुरु किए जाते हैं। ग्रामीण इलाके के रहवासी भी बड़ी संख्या में घरों का निर्माण करते हैं। शायद यही वजह हो सकती है कि सीमेंट बनाने वाली कंपनियां इसके दाम में बढ़ोतरी कर रही है। चूंकि सीमेंट की कीमतों पर कंट्रोल करने के लिए सरकार के पास कोई नियंत्रण ही नहीं होता है। फैक्ट्री वाले कोई न कोई बहाना कर कीमत बढ़ा देते हैं। मिली जानकारी के अनुसार अल्ट्राटेक समेत कई कंपनियों ने 11 दिनों में सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ा दिए हैं। ऐसे में अब ग्राहकों को एक बोरी सीमेंट 340 से 350 रुपए तक देने पड़ रहे हैं। सीमेंट सप्लायरों का कहना है कि अब बड़ा स्टॉक रखने में भी परेशानी हो रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654